सुप्रभात
रांची, शनिवार
28.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ





# भक्तों के बीच आये भगवान

## ऐतिहासिक रथ यात्रा

### धार्मिक उल्लास व आस्था के बीच जगन्नाथपुर मंदिर से निकली भव्य रथ यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में शुक्रवार को रथ यात्रा की शुरुआत हुई। इस पावन अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा। भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा मंदिर परिसर से विधिपूर्वक निकाली गयी। इस दौरान हजारों भक्तों ने मुख्य मंदिर से प्रभु का रथ खींचा और प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को मौसीबाड़ी तक पहुंचाया। रथ को खींचने के लिए हर कोई उत्साहित था। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन पूरी (ओड़िशा) की परंपरा के अनुरूप किया गया।



रथ यात्रा से पूर्व भगवान की पूजा अर्चना करते पुजारी और भक्त

**रथ यात्रा शाम 5 बजे शुरू :** जय जगन्नाथ की जयघोष के बीच ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारंभ शाम 5 बजे हुआ। इससे पहले दोपहर 2 बजे तीनों विग्रहों को रथ की ओर ले जाया गया और 2:30 बजे तक उन्हें रथ पर स्थापित किया गया। दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक भक्तों ने रथ के पास पूजा की। इसके बाद पुष्पवर्षा के बाद 5 बजे से रथ यात्रा की विधिवत शुरूआत हुई जो हटिया स्थित मौसीबाड़ी तक गयी। रात्रि 7:30 बजे भगवान की मूर्तियों को मौसीबाड़ी में स्थापित किया गया। रात्रि 8 बजे भव्य आरती के साथ रथ 10 दिवसीय मेले का औपचारिक उद्घाटन हुआ।

### साल में एक बार मौसी के घर जाते हैं भगवान जगन्नाथ

भगवान जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ अपने धाम से मौसी बाड़ी (गुंडिचा मंदिर) के लिए रवाना हुए। रथ में सवार होकर मौसीबाड़ी जाने की परंपरा को ही रथ यात्रा कहा जाता है। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी मौसी के घर जाते हैं और वहां दस दिनों तक विश्राम करते हैं। इस दौरान भगवान मौसी बाड़ी में ही श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। यात्रा के दौरान भक्तों ने रथ को रस्सियों से खींचकर भगवान को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। इस कार्य को भाग्यशाली और पुण्य का कार्य माना जाता है। इस दौरान जय जगन्नाथ की जय घोष से माहौल भक्तिमय दिखा।

### अब छह जुलाई को अपने धाम लौटेंगे भगवान जगन्नाथ

रथ यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा मौसी बाड़ी में अगले दस दिनों तक विश्राम करेंगे। 6 जुलाई को तीनों विग्रह मुख्य मंदिर लौटेंगे, जिसे घूरती रथ यात्रा कहा जाता है। तब तक मेला परिसर भक्तों से गुलजार रहेगा और धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला चलता रहेगा। इस आयोजन में कोई वीआईपी संस्कृति नहीं दिखी। आम लोगों की तरह कई गणमान्य और विशिष्ट अतिथि भी सादगी से रथ यात्रा में शामिल हुए और भगवान के दर्शन किए। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, बीजेपी विधायक नवीन जयसवाल, कांग्रेस नेता आलोक दूबे, विनय सिन्हा दीपू रथ यात्रा में शामिल हुए।

## वीडियो संदेश जारी कर सीएम ने की प्रार्थना

# प्रभु जगन्नाथ गुरुजी को जल्द स्वस्थ करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली में हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अस्वस्थ हैं। वे दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में इलाजरत हैं। रांची की ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा पर सीएम ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना की है कि गुरुजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आयें और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनाये रखें। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर जगन्नाथपुर रथयात्रा को लेकर कहा कि महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का ऐतिहासिक और पावन महापर्व होता है। हर साल वे वहां उपस्थित होते थे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अभी अस्वस्थ हैं।



दिल्ली में उनका इलाज चल रहा है। इसलिए वे इस बार रथयात्रा में शामिल नहीं पाये। भगवान जगन्नाथ से उन्होंने प्रार्थना की है कि गुरुजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आयें और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनाये रखें। उन्होंने लिखा है कि भगवान जगन्नाथ सभी का कल्याण करें।

## न्यूज डायरी

### गुरुजी की हालत गंभीर, आइसीयू में चल रहा ईलाज

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें पहले से ही किडनी की बीमारी है। ब्रेन स्ट्रोक होने के बाद गंगाराम अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अस्पताल में उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

### झारखंड में एक जुलाई तक बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में एक जुलाई तक बारिश होने की संभावना है। वहीं 29 जून को राज्य के उत्तरी-मध्य और इसके निकटवर्ती हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून फिलहाल झारखंड में सक्रिय है।

# देशभर के आकांक्षी जिला कार्यक्रम में चतरा टॉप पर

### नीति आयोग की ओर से मिलेगा 10 करोड़ रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नीति आयोग ने ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग के अनुसार चतरा जिला का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। देश के 112 आकांक्षी जिलों में चतरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों, नवाचारों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। गढ़वा को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन परफॉमेंस के लिए भी चुना गया है।

**जिले की बहुआयामी प्रगति को सराहा :** नीति आयोग ने यह जानकारी साझा की। चतरा जिले की बहुआयामी प्रगति जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन तथा बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सराहा गया। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले को नीति आयोग से 10 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। इसका उद्देश्य जिला स्तर पर विकासात्मक पहलों को और अधिक गति देना है।

### डीसी ने दी बधाई



चतरा जिले की उपायुक्त कीर्ति श्री ने जिले की प्रशासनिक टीम, विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता को बधाई देते हुये कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व का विषय है। हम सभी मिलकर इसे बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### इंडिगो विमान का टायर पंक्चर, हड़कंप

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शुक्रवार की दोपहर उस वक्त अजीबो-गरीब स्थिति बन गयी जब पटना जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के विमान का टायर पंक्चर हो गया। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। इस उड़ान को रद्द कर दिया गया, जिससे इसमें सवार यात्रियों को परेशानी हुई। विमान को रांची में ही ग्राउंडेड करना पड़ा। इसी विमान में लखनऊ जाने वाले यात्री भी सवार थे। जानकारी के अनुसार यह विमान दोपहर करीब सवा तीन बजे कोलकाता से रांची में लैंड हुआ था। रांची में जब एप्रन पर विमान की नियमित जांच की गयी तो अगला पहिया पंक्चर निकला। ऐसे में पटना जाने वाले सभी यात्रियों को टैक्सी से पटना के लिए रवाना किया गया, जबकि पटना से लखनऊ जान वाले यात्रियों को कनेक्टिव फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया।

## देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी को बताया आवश्यक

# एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। वे सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देते हैं।




राष्ट्रपति ने एमएसएमई दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एक सुदृढ़ एमएसएमई इकोसिस्टम देश के सतत आर्थिक विकास के लिए न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि आवश्यक भी है। ये उद्यम पूंजी की अपेक्षाकृत कम लागत पर अधिक रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है कि ये उद्यम ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एमएसएमई क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हालांकि, इस क्षेत्र को कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, जिनमें मुख्य रूप से वित्तीय समस्या, बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, नवीनतम प्रौद्योगिकी की कमी, कच्चे माल और कुशल कार्यबल की कमी, सीमित बाजार और विलंबित भुगतान शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एमएसएमई के महत्व और उनकी समस्याओं को महसूस करते हुए केंद्र सरकार ने कई नीतिगत पहल की हैं। इनमें एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों का संशोधन, ऋण की उपलब्धता में वृद्धि, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को वार्षिक खरीद आवश्यकताओं का कम से कम 35 प्रतिशत सूक्ष्म और लघु उद्यमों से प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों के कौशल विकास आदि शामिल हैं।

राष्ट्पति ने विश्वास जताया कि एमएसएमई के लिए ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल विलंबित भुगतान के मामलों में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई की स्थिरता के लिए नवाचार महत्वपूर्ण है। एमएसएमई द्वारा जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने से स्थानीय संसाधनों से स्थानीय मुद्दों का किफायती समाधान मिल सकता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए इस क्षेत्र में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है।

Oldest of Jharkhand Since-2004
LAW-JUDICIAL/CLAT
(EXCELLENT RESULT IN JHARKHAND)
JUDICIAL PT RESULT-2024
Total Selection-20 (Gen-4, OBC-5, ST-9, SC-1, EWS-1)
FULL TIME BATCH FOR
JHARKHAND APP EXAM
(PT+MAINS)
FEATURES :
• For PT both GK & LAW Paper will be covered. • Updated Notes for both Law Paper & GK / Current Affairs will be provided. • Regular test series on all subjects of APP exam will be provided.
BATCH STATS FROM 4th JULY
CLAT
FEATURES :
• Updated clat Pattern notes. • Regular Test Series on Clat Pattern.
• Monthly & Daily Current Affairs Magazine.
Full Time batch for Clat Exam for 2026-27
RESULT IN BRIEF

Sakshi Rahi (GEN) | Risha (GEN) | Abhishek Verma (GEN) | Anu Priya (OBC) | Kundan Kumar (OBC) | Abdul (OBC) | Deepak Munda (ST) | Deepshikha kujur (ST) | Rajendra Bedia (ST)
Nikita Minz (ST) | Sonali Toppo (ST) | Niren Kongari (ST) | Niranjan Baghwar (ST) | Vishnu (EWS) | Next ???
IBPS LAW OFFICER PT RESULT
Parmeshwar Kumar | Chandan
FULL TIME BATCHES FOR JUDICAL EXAMS, CLAT (2026 & 2027)
UGC-NET (LAW PAPER), LLM ENTRANCE ETC.
LAST MINUTE CAPSUL COURSE FOR JHARKHAND JUDICIAL MAINS EXAM
BATCHES AVAILABLE BOTH OFFLINE/ONLINE
• Prepare For Judicial Exams From First Year Of Law Course
• Law Papers For Semester Exams

SUBODH KUMAR
(National Mooter)
LL.B (ILS Law College, Pune)
LL.M (First Class with Distinction)
SUBODH LAW CLASSES
4th Floor, Savitri Sadan, Shahid Chowk, Ranchi, Mob.: 8271932310

# झारखंड के 8000 से अधिक स्कूलों में एक-एक शिक्षक, कैसे पढ़ें बच्चे

## ज्यादातर शिक्षक अनुबंध पर

संजीव मिश्रा

**रांची।** झारखंड में 8 000 से अधिक सरकारी प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं जिनमें सिर्फ एक ही शिक्षक है। जो कि सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। यह जानकारी ग्राम स्वराज मंच मनिका ने शुक्रवार को जारी अपनी रिर्पोट मे दी है। ग्राम स्व ग्राम स्वराज मंच एक स्वतंत्र संस्थान है जो शिक्षा संबंधी अध्ययन करता है। यह सर्वे 2025 की शुरूआत में नरेगा सहायता केंद्र मनिका द्वारा किया गया था। इसमें मनिका के 55 एकल शिक्षक स्कूलों में से 40 स्कूलों को शामिल किया गया।



सर्वेक्षण मे यह भी बताया गया है कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले 84% छात्र अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं। ज्यादातर शिक्षक अनुबंध पर हैं। इनमें से 78% की उम्र 40 साल से अधिक है और केवल 15% महिलाएं हैं। वही सिर्फ 17.5% स्कूलों में ही काम करने योग्य शौचालय है और शिक्षक अक्सर रिकॉर्ड संभालने और अन्य गैर-शैक्षणिक कामों में लगे रहते हैं। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता खराब है, जैसे कि अंडे नियम से नहीं दिए जा रहे। यह रिपोर्ट दिखाती है कि एकल शिक्षक स्कूलों में प्राथमिक शिक्षा लगभग पूरी तरह से चरमरा चुकी है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान वंचित समुदायों के बच्चों को हो रहा है।

# मेडागास्कर के रक्षा सम्मेलन में शामिल हुये केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शुक्रवार को मेडागास्कर में मालागासी रक्षा बलों की स्थापना के 65 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों और राजनयिकों के सम्मान में मालागासी सशस्त्र बलों के मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिवेलो लाला मोंजा डेल्फिन द्वारा रात्रिभोज का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भारत के सैन्य अधिकारियों के साथ फ्रांस, अमेरिका, चीन, मिस्त्र और दक्षिण कोरिया के सैन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। श्री सेठ ने भारत की जनता के तरफ से रक्षा बलों को बधाई और शुभकामनायें दिया।

इधर, श्री सेठ ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव की शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि सदियों से चली आ रही यह यात्रा हमारी एकता, आस्था के साथ सांस्कृतिक पहचान है। समाजिक समरसता की बेजोड़ झलक इस यात्रा में दिखती है।




# अमरनाथ यात्रियों का जत्था रांची रेलवे स्टेशन से रवाना

## 170 अमरनाथ यात्रियों का जत्था जम्मू के लिये रवाना हुआ




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने अमरनाथ यात्रियों को अंग वस्त्र देकर और तिलक लगाकर रवाना किया। शुक्रवार को समाजसेवी मनोज कुमार जायसवाल के नेतृत्व में 170 अमरनाथ यात्रियों का जत्था रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। श्रद्धालु जम्मू से पहलगाम, चंदनवाड़ी से पैदल यात्रा अमरनाथ का पवित्र गुफा का दर्शन करेंगे। श्रीनगर आकर खीर भवानी का दर्शन करेंगे।

अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का दर्शन करेंगे। वैष्णो देवी का भी दर्शन करने के बाद रांची आयेंगे। रांची आने के बाद देवघरमें बाबा का दर्शन करेंगे। मां तारापीठ का दर्शन करेंगे। जत्था में मुख्य रूप से मनोज जायसवाल, विजय चौधरी अजित मालाकार, आकाशवीर, अगनु लोहरा, मनीष सोनी, नवनीत मदमका, आभा कुमारी अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, सुमित्रा देवी, अजय कुमार महतो, अमित पंकज, अंशिका जायसवाल, विश्वजीत कुमार, राजेश कुजूर, हनी कुमार, संजू साहू, नितेश बढ़ई, रूपा गोप, आनंद कुमार सोनी, शक्ति कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## अस्पतालों की क्रिटिकल केयर को मजबूत बनाने पर रिम्स में प्रशिक्षण

# आईसीयू सेवा गांवों तक भी पहुंचाना लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में 10 बेड आईसीयू परियोजना के अंतर्गत एक व्यापक क्रिटिकल केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यह परियोजना विशेष रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सरकारी अस्पतालों की गहन चिकित्सा (क्रिटिकल केयर) क्षमताओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गयी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 बेड आईसीयू पहल का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसकी संकल्पना कोविड-19 महामारी की डेल्टा लहर के दौरान की गयी थी। रिम्स में आयोजित प्रशिक्षण में पांचों सदर अस्पतालों के चिकित्सा पदाधिकारियों, फिजिशियन और नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया। इस परियोजना को दो चरणों में लागू किया जा रहा है। इसमें प्रथम चरण में रांची, गुमला, लातेहार, चतरा और खूंटी के पांच सदर अस्पतालों




को शामिल किया गया है, जिन्हें रिम्स रांची में स्थापित टेली-आईसीयू हब से जोड़ा गया है।

### विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में आईसीयू देखभाल के विभिन्न प्रमुख पहलुओं को शामिल किया गया है। इसमें बेसिक और एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (बीएलएस एंड एसीएलएस) झ प्रमाणित प्रशिक्षकों की ओर से भुवनेश्वर से आईसीयू में पेलिएटिव केयर पल्लियम इंडिया के विशेषज्ञ की ओर से, ट्रॉमा प्रबंधन आईजीआईएमएस, पटना से एटीएलएस प्रशिक्षकों की ओर से, वेंटिलेटर प्रबंधन और आईसीयू प्रोटोकॉल रिम्स के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की ओर से और फोर्थ एक्सेस, सिडेशन और आईसीयू में मानसिक आपात स्थितियां झ सिद्धांत और व्यवहारिक सत्रों के माध्यम से जानकारी दी गयी।

### सभी को मिले बेहतर चिकित्सा

यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य नेतृत्व, निजी परोपकार और स्वास्थ्य नवाचार के बीच एक सशक्त साझेदारी का उदाहरण है, जो यह सुनिश्चित करती है कि उच्च गुणवत्ता वाली आईसीयू सेवा हर व्यक्ति तक पहुंचे, चाहे वह देश के किसी भी कोने में हो। इस परियोजना का उद्देश्य देशभर के माध्यमिक सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह सुसज्जित 10 बिस्तरों वाले आईसीयू की स्थापना कर, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य सेवा की खाई को पाटना है। झारखंड में यह क्षमता-विकास पहल कोल इंडिया के योगदान और झारखंड सरकार के सहयोग से लागू की जा रही है।

**दूरस्थ परामर्श सेवा :** परियोजना शुरू होने से पहले, इन सभी अस्पतालों में आधुनिक क्रिटिकल केयर उपकरण, केयर ईएमआर प्लेटफॉर्म और एकीकृत टेली-आईसीयू प्रणाली स्थापित की गई है। यह डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर रोगियों को तृतीय स्तर के विशेषज्ञों से दूरस्थ परामर्श उपलब्ध कराता है। इससे समय पर और विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली चिकित्सा संभव हो पाती है।

### कर्मियों की क्लिनिकल दक्षता बढ़ाना उद्देश्य

यह प्रशिक्षण न केवल आईसीयू स्टाफ की क्लिनिकल दक्षता को बढ़ाने के लिए है, बल्कि सभी संस्थानों में देखभाल की गुणवत्ता को मानकीकृत करने के लिए भी है। झारखंड सरकार की भागीदारी ने इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों में समन्वय और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ई-गर्वनमेंटस फाउंडेशन की ओर से संचालित 10 बेड आईसीयू परियोजना पांच मुख्य स्तंभों पर आधारित है इसमें आईसीयू उपकरण की आपूर्ति, केयर सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म की तैनाती (जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा 50 वें डिजिटल पब्लिक गुड के रूप में मान्यता प्राप्त है), टेली-आईसीयू प्रणाली का क्रियान्वयन, ठोस प्रशिक्षण कार्यक्रम, और स्थानीय स्वास्थ्य समितियों के माध्यम से समुदाय की भागीदारी शामिल है। यह परियोजना पहले से ही मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, असम, मेघालय, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पुडुचेरी सहित 10 राज्यों में सक्रिय है और अब झारखंड में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है।

# सदर अस्पताल रांची में लगेगी अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रोटरी क्लब रांची के द्वारा सदर अस्पताल में 30 जून को अत्याधुनिक डिजिटल मैमोग्राफी मशीन -वीनस डीआरवी प्लस लगाया जाएगा। शुक्रवार को रोटरी क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्लब के प्रवक्ता प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ रांची द्वारा अपने प्रोजेक्ट आरोग्यम-बैटलिंग ब्रेस्ट कैंसर के तहत यह मशीन लगाया जा रहा है। इसमें दक्षिण कोरिया के रोटरी क्लब सुवोन-नोसोंग डी-3750 का भी सहयोग मिला है। मशीन की कीमत



लगभग 45 लाख रुपये है। रोटरी क्लब राँची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने बताया कि मशीन लगने के बाद सदर अस्पताल में ब्रेस्ट कैंसर जांच की सुविधा काफी कम दर पर उपलब्ध होगी। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ एक मशीन स्थापित करना नहीं है, बल्कि महिलाओं को समय पर जांच के लिए प्रोत्साहित करना और स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि मशीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीजी रोटेरियन बिपिन चाचन, फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन, सिविल सर्जन राँची डॉ प्रभात कुमार करेंगे।

**रोटेरियन जो इस प्रोजेक्ट को कर रहे सपोर्ट :** इनमें में बिपिन चाचन, सुरेश साबू, बिनोद सरावगी, रविंदर सिंह चड्ढा, सुमित अग्रवाल, रमेश धरणीधरका, ललित त्रिपाठी, पवन जायसवाल, आदित्य मल्होत्रा, राजेश नाथ शाहदेव, संदीप मुंजाल , ख्याति मुंजाल, अजय साबू, जसदीप सिंह, सुधा ढानढानिया, दीपक श्रीवास्तव, गिरीश अग्रवाल, हरमिंदर सिंह, रजत बेहल, आस्था बेहल, अश्वनी गुप्ता, गौरव बागरॉय, प्रवीण राजगढ़िया मुख्य हैं।

## एमएसएमई एवं कृषि क्षेत्र में करोड़ का क्रेडिट बूस्ट

**रांची।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने ओडिशा में एमएसएमई और कृषि जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए समावेशी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक ने ओडिशा में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 19604299 करोड़ के ऋण वितरित किए। इसमें से, एमएसएमई को 16102960 करोड़ के ऋण तथा कृषि के अंतर्गत किसानों को 132739 करोड़ के ऋण वितरित की गए। बैंक अपने इस प्रयास से पूरे राज्य में रोजगार सृजन, वित्तीय समावेशन और जमीनी स्तर पर विकास करने सहायक रहा। इस अवसर पर बैंक अंचल प्रमुख, भुवनेश्वर अंचल ने कहा कि अपार आर्थिक संभावनाओं के साथ ओडिशा एक उदीयमान राज्य है।

# मजदूरों का निवाला छीनने का काम कर रहा है झारखंड राज्य खाद्य निगम : संतोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य निगम के मोटिया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने कहा है कि मजदूरों का निवाला छीनने का घिनौना खेल नहीं खेलने दिया जायेगा। श्री सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पिछले दिनों हटिया रैक से ट्रक नंबर ओडी16ई - 7853 खाद्यान्न (गेहूं) लोड कर गुमला स्थित एफसीआई के डिपो के लिए निकली थी लेकिन एफसीआई और झारखंड राज्य खाद्य निगम के कुछ अधिकारियों के मिली भगत से उक्त ट्रक के ड्राइवर को ट्रांसपोर्टर ने आदेश दिया माल सीधे कामडारा लेकर पहुंचो, इस बात को ड्राइवर मधु ने खुद स्वीकारा है।

संतोष सोनी ने कहा है कि नियमानुसार रैक से लोड गाड़ी सीधे एफसीआई का डिपो जाती है। इसके प›ात वहां कार्यरत मजदूर उसे खाली कर गोदाम में स्टैक लगाते हैं। उसके बाद जेएसएफसी गोदामों के लिए मजदूर लोड करते हैं। इस प्रकार मजदूरों को दो बार काम करने का मौका मिलता है। इससे मजदूरों की मजदूरी में बढ़ोत्तरी होती है। इसके विपरीत खाद्यान्न का कालाबाजारी के चक्कर में मजदूरों का हक छीन कर रैक से सीधे ब्लॉक में गाड़ी भेजा गया। खबर तो यह भी है कि उसी दिन कामडारा के अलावे बसिया में दो और पालकोट में एक ट्रक भेजा गया था। इससे साफ जाहिर होता है कि विभाग के बगैर मिली भगत के इस तरह के बड़े पैमाने पर कालाबाजारी नहीं किया जा सकता।

संतोष सोनी ने कहा है कि इधर जब मामला का उजागर हुआ तब झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड रांची के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार ने गुमला के परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता रामप्रसाद सोनी को जवाब तलब किया है। पूछे गए स्पष्टीकरण में साफ साफ कहा गया है कि गेहूँ लदा वाहन जो एफसीआई के डीपो में जानी है, उसे जेएसएफसी गोदाम के पास ले जाना नियम के विरूद्ध है। यह कृत्य ट्रांसपोर्टर के द्वारा खाद्यान्न कालाबाजारी की मंशा को परिलक्षित करता है। वहीं श्री सोनी ने यह भी कहा है कि अगर उक्त ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध विभाग के द्वारा कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है तो बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ेगा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या : टीआरडी-आरएनसी-25-26-06, दिनांक : 26.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** निम्नलिखित कार्य के लिए एक खुली ई-निविदा आमंत्रित करने का प्रस्ताव (1) पीडब्ल्यूआई/मूरी/II के अधीन विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/क्रमोन्नयन कार्यों के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (2) पीडब्ल्यूआई/मूरी/I के अधीन विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/क्रमोन्नयन कार्यों के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (3) पीडब्ल्यूआई/रांची के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/क्रमोन्नयन कार्यों के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (4) पीडब्ल्यूआई/गोविंदपुर रोड के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/क्रमोन्नयन कार्यों के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (5) पीडब्ल्यूआई/बानो के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/ क्रमोन्नयन कार्यों के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (6) पीडब्ल्यूआई/टाटीसिलवे के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/ क्रमोन्नयन कार्यों के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। (7) पीडब्ल्यूआई/लोहरदगा के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/क्रमोन्नयन कार्य के संबंध में ट्रैक्शन बॉण्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्य : ₹ 41,58,912.84। जमा बयाना राशि: ₹ 83,200। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 18.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।
**(PR-323)**


# गुरुजी का हाल जानने दिल्ली गये कांग्रेस और राजद के नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह संस्थापक शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद सभी राजनीतिक दल उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। इस स्थिति में झारखंड के राजनीतिक दलों के सभी बड़े-बड़े नेता उनके स्वास्थ्य का हाल जानने के लिए इच्छुक दिख रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता सह झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सिरी बेला, राजद नेता सह श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शुक्रवार को देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड के निमार्ता शिबू सोरेन की तबीयत खराब है। उन्होंने कहा कि संथाल परगाना में हमारे प्रदेश प्रभारी के. राजू की बैठक चल रही थी। इसी दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आपलोग तत्काल दिल्ली जाएं और शिबू सोरेन की तबीयत के बारे में अपडेट करें। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन हम सब के अभिभावक हैं। इसलिए हमारी उनके प्रति जवाबदेही बनती है। इसलिए हम उनका हाल जानने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। वहीं दिल्ली रवाना होने से पूर्व देवघर एयरपोर्ट पर झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सिरी बेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही वैसे लोगों का सम्मान किया है जिसने जनता के लिए अपनी जान की परवाह न की हो, वैसे ही वीर सपूत में गिने जाते हैं शिबू सोरेन। सिरी बेला ने बताया कि झारखंड निर्माण में शिबू सोरेन ने जो अपनी भूमिका निभाई है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसलिए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए पूरे राज्य के लोग चिंतित हैं। राज्यवासियों और कार्यकताओं की चिंता को देखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंच रहे हैं। वहीं दिल्ली रवाना होने से पूर्व राजद के वरिष्ठ नेता सह श्रम मंत्री संजय यादव ने कहा कि गठबंधन की जितनी भी पार्टियां हैं, वे सभी कहीं ना कहीं गुरुजी से जुड़ी हैं। गुरुजी देश के महान नेताओं में से एक हैं। उनके रहने से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही एक बेहतर दिशा मिलती है। इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियां राजनीति से ऊपर उठकर उनके स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



### झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का हाल जानने 28 को कांग्रेस प्रभारी व अध्यक्ष जाएंगे दिल्ली

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का स्वास्थ्य लाभ की जानकारी लेने झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शनिवार, 28 जून को देवघर से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि संथाल परगना क्षेत्र में पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश नहीं शामिल होंगे। संथाल परगना में चल रहे हूल दिवस पदयात्रा कार्यक्रम चलता रहेगा, इसमें पार्टी के अन्य प्रमुख नेता एवं कार्यकर्तागण शामिल रहेंगे।

# एसबीयू में एफडीपी का समापन



**रांची।** शिक्षकों में अनुसंधान क्षमताओं और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के निमित्त सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम रिसर्च मेथडोलॉजी एडवांस्ड का समापन शुक्रवार को हुआ। इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों से सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और इसमें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा सत्रों का आयोजन किया गया। प्रमुख विशेषज्ञों में एसबीयू के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, संत जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता की डॉ. सुमंत दत्ता, सनवे यूनिवर्सिटी, मलेशिया के डॉ. चार्ल्स जेबराजकृती, गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व डीन डॉ. अम्बरती नागेश्वर राव, बीआईटी मेसरा के प्रो. आनंद प्रसाद सिन्हा, जैन यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के डॉ. पी. श्रीनिवासन, वीएनएसजीयू, सूरत के डॉ. धवल मेहता, फिब बिजनेस रिव्यू के डॉ. सुधीर राणा, फैकल्टी ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और रिमैप 2025 के संयोजक डीन डॉ. अरबिंद भंडारी शामिल हुए।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
शनिवार 28.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 104
epaper.khabarmantra.net
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

# मैथन में निकाली गई भव्य भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## भक्तों ने खींची आस्था की डोर, भगवान जगन्नाथ निकले नगर भ्रमण को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** निरसा में जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से निकल गई। उक्त अवसर पर भक्तों ने भक्ति के साथ आस्था की रथ को खींच तथा क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरे धूमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण को निकले। भक्तों ने गाजे बाजे एवं प्रभु नाम का कीर्तन करते हुए भगवान की रथ यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान रथ यात्रा में शामिल भक्तों के लिए जगह-जगह स्थानीय लोगों ने सरवत एवं पानी की व्यवस्था कर रखी थी। हालांकि रथ यात्रा के दौरान रथ यात्रा को निरसा बाजार तक ले जाने के सवाल पर कुछ देर के लिए गौर गोपाल जगन्नाथ मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं अंचलाधिकारी के बीच नोक झोंक हुई। हालांकि बाद में कमेटी के लोग निरसा सिनेमा मोड़ से ही रथ यात्रा को वापस शासनबेड़िया मौसी बड़ी के लिए ले जाने पर तैयार हो गए तथा मामले का पटाक्षेप हो गया। श्री श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट निरसा गोपालगंज स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर एवं शासनबेड़िया स्थित गौर गोपाल जगन्नाथ मंदिर से पूरे विधि विधान के साथ भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं वाहन सुभद्रा को रथ पर सवार रथ पर आसन ग्रहण किया तथा नगर भ्रमण के लिए निकले। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंज उठा। गोपालगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा देवियाना मोड़, निरसा चौक सिनेमा मोड होते हुए भालजोरिया स्थित मौसी बाड़ी पहुंचा। वही श्री गौर गोपाल जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा शुरू होकर लखीमाता कोलियरी मोड़, बेलचढी मोड़, सेंट्रल पूल, गोपीनाथपुर कोलियरी मोड निरसा कांटा होते हुए निरसा सिनेमा मोड़ होकर वापस शासनबेड़िया मौसी बाड़ी पहुंच। रथ यात्रा में सांसद ढुल्लू महतो, विधायक अरूप चटर्जी, पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, विभिन्न राजनीतिक दल के लोग एवं समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट एवं गौर गोपाल जगन्नाथ मंदिर कमेटी के सदस्यों की भूमिका रही।

**मैथन।** मैथन में शुक्रवार को गाजेबाजे के साथ भव्य भगवान जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं के भगवान जगन्नाथ की जयकारे से गुंजायमान हो गया और भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा चिरकुंडा से प्रारंभ हुआ, जो तालडांगा, कुमारधुबी, मैथन मोड़, संजय चोक, मेनगेट होते हुए मैथन पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में स्थित मंदिर पहुंचा। जहां भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। साथ ही भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ को खींचा और भगवान जगन्नाथ की जयकारे लगाए। मौके पर विधायक अरूप चटर्जी, गोपी दा, बिटू पाण्डेय, त्रिलोचन सिंह, स्वपन घोष, एलपी सिंह, सबन साव, पोल्टू मंडल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।





## बाघमारा में रथ यात्रा का भव्य आयोजन

**कतरास।** बाघमारा के रथ टॉड में रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। भगवान जगरनाथ , बलराम एवं बहन सुभद्रा का पूजा अर्चना मुखर्जी परिवार के द्वारा किया गया। इसके बाद विधि बिधान से तीनों की प्रतिमा को रथ पर रख कर भ्रमण कराया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया।

## चिरकुंडा थाना मोड़ से निकली रथ यात्रा, शामिल हुए विधायक

**चिरकुंडा।** झारखंड व पश्चिम बंगाल के सीमा पर स्थित चिरकुंडा थाना मोड़ से शिव एवं राधा-कृष्णा मंदिर व सूर्योदय सेवा समिति चिरकुंडा द्वारा चिरकुंडा थाना मोड़ से मैथन पोस्ट आफिस स्थित ओल्ड शिव मंदिर के लिए भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई जिसमे विधायक अरुप चटर्जी के अलावे हजारों लोगों ने रथ यात्रा में हिस्सा लिया। यह यात्रा कुमारधुबी होते हुए मैथन पहुंची। निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ की मंगल आरती की और पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ रथ को रवाना किया।हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था के साथ प्रभु का सुमिरन करते हुए, नाचते-गाते और रस्सों को खींचते हुए रथ को आगे बढ़ाया। जानकारी देते हुए निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि मैथन पोस्टऑफिस के पीछे भव्य जगन्नाथ मंदिर का निर्माण किया जा रहा है और जिले का सबसे भव्य मंदिर होगा। मौके पर सूर्योदय सेवा समीति के सदस्यगण के अलावे मैथन मंदिर कमेटी के पोल्टू मंडल, कंचन सन्याल, सपन घोष, बप्पी दत्ता, नीरज शर्मा, उत्पल लायक आदि सदस्यगण मौजुद थे।




स्पीड न्यूज

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**पुटकी।** मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को पुटकी थाना में शांति समिति की बैठक हुई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए आपसी सहयोग करने पर सहमति बनी। मौके पर पुटकी थाना के पु नि सह प्रभारी वकार हुसैन, पुटकी सीओ विकास आनंद, मुर्तजा अंसारी, रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह, शाहरुख खान, राजू सिंह, निरंजन शर्मा, टीपू उर्फ इम्तियाज आलम, सुंदरी देवी, नसीम मंसूरी, कैश आलम आदि मौजूद थे।

### सीए के छात्र-छात्राएं पहुंचे धनबाद, प्रतिस्पर्धा में लेंगे भाग



**धनबाद।** आईसीएआई के द्वारा विवान द बिजनेस होटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में सीआईसीएएसए के अध्यक्ष सीए निखिल अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्रीय स्तर का कार्यक्रम पहली बार आईसीएआई धनबाद शाखा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य चार्टर्ड एकाउंटेंसी के विद्यार्थियों को एक प्रतिस्पर्धात्मक एवं बौद्धिक मंच प्रदान करना है। जिससे उनके नेतृत्व, नैतिकता एवं संवाद कौशल का समुचित विकास हो सके। इस कार्यक्रम में केंद्रीय भारत क्षेत्र के विभिन्न शहरों जैसे रायपुर, उदयपुर, जोधपुर, भिलाई, भीलवाड़ा, पटना, रांची, जमशेदपुर आदि स्थानों से प्रतिभावान छात्र-छात्राएं भाग लेने धनबाद पहुंचे हैं। वही कहा कि इस प्रतिस्पर्धा में सीए के 174 छात्र छात्राएं भाग ले रही है। वही बताया की इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागनी सिंह, सीआईआरसी के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, सीआईआरसी-सीआईसीएएसए अध्यक्ष धवल कोठारी मौजूद रहेंगे। वही इस अवसर पर आईसीएआई धनबाद शाखा के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। वही प्रेस आईसीएआई के सचिव सीए मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए पंकज खरकिया सहित अन्य गणमान्य सदस्य शामिल थे।

# इस्कॉन धनबाद की रथ यात्रा मे जय जगन्नाथ की धूम

▶▶ प्रभु जगन्नाथ हाइड्रोलिक रथ पर हुए विराजमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** इस्कॉन धनबाद के द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूम धाम से निकाली गई। इस जगन्नाथ रथयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए। वही भक्त जगन्नाथ भगवान के जयकारे लगाते हुए सड़को पर झूमते नाचते दिखे।

पाहूंडी के उपरांत पूरे कार्यक्रम के परम मुख्य अतिथि श्रद्धेय श्री देवकीनंदन प्रभुजी का आगमन हुआ। श्री देवकीनंदन प्रभुजी ने अपने हाथों से इस्कॉन के संस्थापक आश्चर्य श्रील प्रभुपाद की गुरु पूजा की तथा इस्कॉन धनबाद अध्यक्ष नाम प्रेम प्रभुजी ने गुरु आरती गाई।तत पश्चात विशिष्ट अतिथियों और गणमान्यों ने श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा की आरती व पूजा की। यात्रा में उपस्थित सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिंहा ने बताया कि केवल पिछले 6 वर्षों पूर्व धनबाद में इस्कॉन ने विशाल स्तर पर रथ यात्रा का आयोजन करना प्रारंभ किया था और आज पूरा धनबाद प्रतिवर्ष इसकी आस बनाए प्रतिक्षा करता है। उन्होंने प्रार्थना की धनबाद पर जगन्नाथ की कृपा सदा बनी रहे। इस्कॉन धनबाद के अध्यक्ष नाम प्रेम प्रभु ने यात्रा शुरू होने से पहले सारे भक्तों को यात्रा का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सूचित किया। शास्त्रानुसार जो भी व्यक्ति जगन्नाथ के रथ को एक बार खींच लेता है अथवा जगन्नाथ रथ में दर्शन कर लेता है उसका इस भौतिक जगत में पुनर्जन्म नहीं होता। श्रद्धेय श्री देवकीनंदन प्रभुजी ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा में भाग लेने का अवसर अद्वितीय है। हमने देखा है भगवान को अर्जुन का रथ हांकते हुए किंतु यहां जगन्नाथ अपने रथ की डोरी अपने भक्तों को सौंप रहे है, अतः यह भगवान की अपने भक्तों के साथ एक बहुत ही घनिष्ठ लीला है।

### सांसद ने रथ की पथ की सेवा सोने की झाड़ू से की



श्री देवकीनंदन प्रभुजी और श्री नामप्रेम प्रभुजी के संबोधन के पश्चात सांसद ढुल्लू महतो ने स्वर्ण झाड़ू से रथ के पथ की सेवा की। यह भी पूरी की एक पौराणिक रीतियों में से एक है जहां रथ यात्रा से पूर्व प्रतिवर्ष पुरी के राजा पथ पर स्वर्ण झाड़ू लगाकर विनम्रता से जगन्नाथ का ऐश्वर्य दशार्ते हैं। तत्पश्चात रथ के समक्ष 3 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई जिसमें पूरी की प्रथा अनुसार एक अद्भुत सुंदर ओडीसी नृत्य भी शामिल था। हजारों भक्तों ने स्टील गेट से रथ को खींचना प्रारंभ किया।

### मौके पर मौजूद थे

सांसद ढुल्लू महतो सह परिवार, विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागनी सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष सारदा सिंह तथा धनबाद के जाने माने व्यवसाय और प्रमुख गणों ने मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव में उपस्थिति दी और जगन्नाथ के रथ खींचने का लाभ उठाया।

### आईआईटी (आईएसएम) व बीआईटी के छात्रों ने बनाए हाइड्रोलिक रथ पर निकले भगवान



जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा का यह रथ पिछले ही वर्ष की तरह इस बार भी आईआईटी और बीआईटी के छात्रों द्वारा बनाए हुए ऑटोमेटिक हाइड्रोलिक सिस्टम युक्त था। यात्रा मार्ग में अलग-अलग ऊंचाइयों पर आने वाली बाधाओं के अनुसार रथ अपने आप अपने गुंबद तक की ऊंचाई 35 फीट से 15 फीट तक समायोजित करने की क्षमता रखता था। इसके अतिरिक्त इस बार जगन्नाथ पुरी के रथ की अनुकृति करते हुए आसनसोल से चार सुंदर घोड़े मंगवा कर रथ में मढ़वाया गया था। इन चारों घोड़ों के नाम हैं शंख, श्वेत, बलहक, हरिदश्व जोकि इस नंदीघोष नामक जगन्नाथ के दिव्य रथ की शोभा बनें। जगन्नाथ का यह रथ आईआईटी के भक्तों ने अपने हाथों से सुंदर रूप से सजाया था। इस विशाल रथ को खींचने के लिए 200 केजी के भारी रस्सी मंगवाई गई थी।

### दर्शनार्थियों के लिए अद्भुत प्रबंध और सेवाएं

यह रथ स्टील गेट से होते हुए सरायढेला, हीरापुर व रणधीर वर्मा चौक होते हुए संध्या 4:00 बजे तक गोल्फ ग्राउंड पहुंचा। 25000 धनबाद वासियों कि इस ऐतिहासिक एकत्रीकरण को संभालने के लिए उपयुक्त व अनेक प्रबंध किए गए थे। यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए दो टैंकर शीतल जल, चार प्रकार के शरबत, ठंडाई आदि अनगिनत मात्रा में सारे समय उपलब्ध कराए गए थे। किसी भी अनहोनी से सतर्क रहते हुए रथ के आगे पीछे दो एंबुलेंस भी चल रही थी। इसके अलावा यात्री समूह के सुरक्षित मार्गदर्शन हेतु एक विशेष टीम और पुलिस कर्मचारी की चार प्रशासनिक गाड़ियां चल रही थी। रथ के पीछे एक वाहन केवल और केवल धनबाद वासियों द्वारा भक्ति पूर्वक जगन्नाथ के लिए बनाए गए भोग रखने हेतु लगाया गया था जोकि मार्ग में 6 स्थानों पर खाली कर बार बार भरा गया।

## कुमारधुबी में धुमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** उत्क्रमित समाज के लोगों द्वारा कुमारधुबी के उड़ियाधौड़ा में हर साल की तरह इस साल भी 27 जून शुक्रवार को धूमधाम से निकाली गई रथ यात्रा। वही रथ यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए। रथ यात्रा कुमारधुबी के उड़ियाधौड़ा से शुरू होते हुए बागानधौड़ा, एमबीए,गाड़ी खाना कुमारधुबी बाजार, नीचे धौडा, होते हुए वापस छाईगदा तक पहुंचा जहां आज से 10 दिनों तक पूजा अर्चना कीर्तन के साथ मेला का आयोजन हो रहा है। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान जगन्नाथ की जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। जगन्नाथ रथ यात्रा को हिंदू धर्म के बेहद पवित्र और पुण्य दायक माना गया है, मान्यता है कि रथ यात्रा में भाग लेने या रथ को खींचने से व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाता है साथ ही रथ यात्रा में शामिल होने का पुण्य 100 यज्ञों के बराबर होता है इसलिए हर साल इस भवय उत्सव में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## राष्ट्रीय जनता कामगार संघ से जुड़े जनता मजदूर संघ के कई वरिष्ठ नेता और मजदूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** शुक्रवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला जब बीसीसीएल के कुसुंडा क्षेत्र संख्या 10 से जुड़े कई वरिष्ठ मजदूर नेताओं ने सैकड़ों मजदूरों के साथ जनता मजदूर संघ को अलविदा कह दिया और राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का हाथ थाम लिया। इस सामूहिक बदलाव ने श्रमिक संगठनों के बीच हलचल पैदा कर दी है और आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में मजदूर आंदोलन के समीकरणों में भारी बदलाव देखने को मिल सकता है।

राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की महामंत्री आसनी सिंह ने कोला कुसमा स्थित प्रधान कार्यालय पृथ्वी मेंशन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।इस मौके पर संघ की अध्यक्ष एवं धनबाद की पूर्व महापौर इंदु सिंह भी उपस्थित थीं। संघ में शामिल हुए नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए इंदु सिंह ने कहा कि संघ में अरविंद सिंह जैसे अनुभवी नेता के आने से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। संघ का पहला उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके हक की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर अरविंद सिंह को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का सचिव नियुक्त किया गया, जबकि बलवंत सिंह को कुसुंडा क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे संगठन में नेतृत्व स्तर पर भी नई स्फूर्ति और सक्रियता देखी जा रही है। कार्यक्रम में नवनियुक्त सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि वह पूर्व अध्यक्ष रामाधार सिंह के विचारों और उनके मजदूर हितैषी संघर्ष से प्रेरित होकर यह निर्णय लिया है। वही कहा कि मजदूरों को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो उनके लिए मै हमेसा खड़ी रहूंगी। वही प्रेस वार्ता में बिनोद कुमार झा, संजीव कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार, बिमलेश सिंह, मुकेश सिंह, अनिल सिंह के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर में

### तेलमच्चो पैक्स की ओर से किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया



**महुदा।** सरकार की अनुदान योजना के तहत तेलमच्चो पैक्स की ओर से शुक्रवार को किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। पैक्स प्रबंधक मानस मोहन सिंह ने बताया कि यह धान बीज वितरण अनुदानित दर पर किया गया है, जिससे क्षेत्र के दर्जनों किसान लाभांवित होंगे। बीज की खरीददारी में किसानों के आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा उक्त योजना चलाई जा रही है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर किसानों के बीच बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना के अनुरूप किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराना ही हमारा प्राथमिकता है, जिससे खेती की तैयारी में किसी प्रकार की बाधा न आए। बीज वितरण के दौरान लाभांवित किसानों में अनिल कुमार महतो, मनसु महतो, रवि कुमार महतो, दिलिप महतो, बैधनाथ महतो, कपिल महतो, शांति राम महतो, बुधन महतो, अनिता देवी, सुनिता देवी, बबीता देवी सहित दर्जनों किसान थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में बच्चो को पिलाई गई आयुर्वेदिक औषधि सुवर्णप्राशन

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चो को आयुर्वेदिक औषधि सुवर्णप्राशन की खुराक शुक्रवार को पिलाई गई। विद्या मंदिर में दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक और सुमन सिंह, सुनीता कुमारी, अंजलि मिश्रा के देखरेख में लगभग 50 बच्चों को आयुर्वेदिक औषधि सुवर्णप्राशन की खुराक दी गई। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि सुवर्णप्राशन की खुराक बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह आयुर्वेदिक औषधि बच्चो के लिए काफी फायदेमंद है।

### अनियंत्रित ट्रक सड़क से उतर कर नाले में गिरा

**सिंदरी।** शुक्रवार की सुबह सिंदरी के खालसा मोड़ के समीप सेटलिंग टैंक से अदानी एसीसी सिमेंट फैक्ट्री की तरफ जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया। ट्रक संख्या जे एच 01 वी 7631 नाले में गिरा हुआ पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अहले सुबह लगभग चार बजे ट्रक चालक ट्रक में सोने लगा था और खालसा मोड़ के करीब ही अनियंत्रित हो गया था। कुछ दूर आगे जाकर ट्रक सड़क से उतरकर बायीं तरफ नाले में जा गिरा। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। चालक ट्रक को यथास्थिति में छोड़कर फरार हो गया है। ट्रक खाली था, इसलिए माल की भी कोई क्षति नहीं हुई है।

### गैस सिलिंडर पहुंचाने वाले कर्मी की हुइ पीटायी

कतरास: उपभोक्ताओं के घर गैस सिलिंडर पहुंचाने वाले कर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी ने कतरास थाना में लिखित शिकायत दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शिकायत में बताया है कि गैस वितरण करने के बाद वह गैस गाड़ी लेकर गोदाम जा रहे थे। श्यामडीह के पास बाइक में सवार दो युवकों ने पीछा कर उसे रोक दिया। अचानक से बाइक से उतरकर मारपीट किया। मारपीट करने वालों में एक सोनारडीह का रहने वाला है।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में किया गया अंग्रेजी रेसिटेशन प्रतियोगिता का आयोजन

**चिरकुंडा।** स्वामी विवेकानंद स्कूल में शुक्रवार को अंग्रेजी रेसिटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रेम जागृत करना, उसकी वाणी में आत्मविश्वास विकसित करना तथा मंच पर बोलने की कला को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने प्रसिद्ध अंग्रेजी कवियों की कविताओं का सुंदर और भावपूर्ण वाचन किया। प्रतियोगिता का संचालन स्कूल की शिक्षिका रत्नप्रिया राय एवं शिक्षक अभय शर्मा ने किया तथा निर्णायक मंडल में शिक्षिका दीक्षा साव, पूजा गुप्ता एवं शिक्षक एहतेशाम खान एवं विभाष महतो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 6 से 8 वर्ग के लिए सुभोश्री सिंह (8 बी, येलो हाउस) द्वितीय स्थान आरुषि राय (7 ए,रेड हाउस) तथा तृतीय स्थान सुरोजित घोष (6बी, ब्लू हाउस) ने प्राप्त किया । प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के वर्ग में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से उन्नति शर्मा (कॉमर्स साइंस,ग्रीन हाउस) एवं जोया अख्तर ( ' बी, ग्रीन हाउस) एवं द्वितीय स्थान श्रेया दत्ता ( बी, येलो हाउस) तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अंजलि यादव ( ' बी,रेड हाउस) तथा रीता सिंह( ' ए, ब्लू हाउस) ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

## स्पीड न्यूज

### अबुआ आवास पूर्ण होने पर लाभुक ने किया गृह प्रवेश

**जारी।** जारी प्रखंड अंतर्गत सीकरी पंचायत के सीकरी गांव में अबुआ आवास के पूर्ण हो जाने पर लाभुक कुसेदा बीवी को गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव नसीम उल हक और उप मुखिया मुस्तकीम खान ने संयुक्त रूप से फिता काटकर लाभुक कुसेदा बीवी को गृह प्रवेश कराया। मौके पर पंचायत सचिव नसीम उल हक ने सभी आवास के लाभुकों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द आवास का कार्य पूर्ण करें। जिन लोगों के खाते में पैसा चला गया है वे जल्द आवास का कार्य पूर्ण कर प्रखंड को सूचित करें। वहीं अबुआ आवाज पूर्ण नहीं करने वाले कुछ लाभुकों को नोटिस भी दिया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना के हापामुनी चुंदरी पथ पर हापामुनी से महज कुछ ही दूरी पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सातवीं कक्षा का छात्र 13 वर्षीय उमेश उरांव की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक उमेश नवडीहा खटंगा का निवासी था और वह नवडीहा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ता था। घटना गुरुवार की शाम करीब साढ़े 6 बजे की है। हालांकि उमेश गुरुवार को भी स्कूल गया था। लेकिन स्कूल छुट्टी होने के बाद घर से वह दोस्तो के साथ निकला। कयास लगाया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद डर से उसके दोस्त भाग निकले हो। दुर्घटना के बाद उमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर शव को पुलिस सीएचसी पहुंच कब्जे में ले लिया है।

### सेनेटरी एंड टाइल्स दुकान का घाघरा के चांदनी चौक में हुआ शुभारंभ

**घाघरा।** घाघरा के चांदनी चौक में सेनेटरी एंड टाइल्स दुकान का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन थाना प्रभारी पुनीत मिंज, समाजसेवी शिवकुमार भगत टुनटुन, अनिरुद्ध चौबे,कृष्णा कुमार लोहरा,अगस्टिन महेश कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर शिवकुमार भगत और अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि उक्त दुकान खुलने से लोगों को बाहर अब भी जाना पड़ेगा बेहतर समान यही प्राप्त होंगे। इसके पूर्व विधिवत पूजन पाठ कराई गई। मौके पर दुकान के संचालक अरुण कुमार पांडे, प्रदीप प्रसाद, उमेश सिंह, विनोद महतो, परमेश्वर साय, रमेश जायसवाल, घुड़ा उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पानी में भींगकर बर्बाद हो रहे है बच्चों के पुस्तक

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच निशुल्क पुस्तक दी जाती है ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। वही जिले के सदर प्रखंड के समीप शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बीआरसी भवन में बच्चो के बीच बांटे जाने वाली पुस्तके रखी गई है वही बीआरसी भवन जर्जर होने के कारण बारिश का पानी भवनों के अंदर घुस रहा है जिससे बी आर सी भवन में रखी गई पुस्तकें खराब हो रही है। पुस्तक लेने आने वाले शिक्षकों को भी इस बात का भय सता रहा है कि कही पुस्तक चयन करते समय बीआरसी भवन का प्लास्टर झड़ उपर से इनके सिर पर न गिर जाए।

# ट्रैफिक विभाग की नई पहल: स्कूली बच्चे ट्रैफिक नियमों को जानने सड़क पर उतरे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** जिले में यातायात विभाग ने एक नई पहल शुरू की है जिसके तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्कूली बच्चों को चौक चौराहों का भ्रमण कराया गया। साथ ही उन्हें ट्रैफिक जवानों की कठिन ड्यूटी से भी अवगत कराया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग कितना महत्वपूर्ण है। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि एसएसपी प्रभात कुमार के निदेर्शानुसार बच्चों को चौक चौराहों का भ्रमण करा उन्हें ट्रैफिक रूल की जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को समझाना है। इस पहल के तहत, स्कूली बच्चे न केवल कक्षा में यातायात नियमों के बारे में सीखेंगे, बल्कि वे वास्तविक जीवन स्थितियों में भी इन नियमों को लागू करने का अभ्यास करेंगे। बच्चे भी वास्तविक सड़कों पर जाकर यातायात नियमों का अभ्यास किया एवं जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना, पैदल चलने वालों के लिए बने संकेतों का पालन करना, और सड़क पार करते समय सावधानी बरतना आदि जानकारी हासिल की।

# सेल्समेन की गिरफ्तारी के विरोध में जिले के सभी सरकारी शराब दुकान बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** सरकारी अंग्रेजी शराब की दो दुकानों पर छापेमारी के दौरान पांच सेल्समैन की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को जिले भर के विक्रय प्रतिनिधि एकजुट हो गए। सभी प्रतिनिधियों ने शराब दुकानों को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी से मुलाकात कर गिरफ्तारी को गलत करार दिया। उन्होंने मांग की कि सभी गिरफ्तार सेल्समैन को बिना शर्त रिहा किया जाए। विक्रय प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनी समय पर वेतन का भुगतान नहीं करती है, जिससे आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पहले से ही वे असुरक्षित माहौल में कार्य कर रहे हैं और अब इस तरह की गिरफ्तारी से उनका मनोबल और भी टूट गया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रामलीला रवानी ने कहा कि छापेमारी के दौरान शराब का अवैध स्टॉक बरामद हुआ था, जिसके चलते गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में दोषी पाए जाने वालों को जेल भेजा जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विक्रय प्रतिनिधियों की मांगों पर विभागीय स्तर पर विचार किया जाएगा। रवानी ने सभी विक्रय प्रतिनिधियों से तत्काल दुकानें खोलने का निर्देश भी दिया है, ताकि शराब की बिक्री व्यवस्था सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नियमों के तहत कार्य कर रही है और किसी निर्दोष को सजा नहीं दी जाएगी।

# एसपी ने ग्राम प्रधान एवं मुखिया के साथ सुनी जनता की समस्याए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमाताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में गुरुवार को जामताड़ा पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने प्रखंड की ग्राम प्रधानों मुखिया पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्यों एवं बुद्धिजीवों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्या सुनी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक सप्ताह तक क्षेत्र में हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाई जाएगी। इसके बाद बिना हेलमेट के पकड़े जाने वाले व्यक्ति पर जुमार्ना किए बिना वाहन नहीं छोड़ा जाएगा।साथ उन्होंने कहा कोई भी पिता अगर अपने नाबालिक पुत्र को बाइक देते हैं और पकड़े जाने पर पच्चीस हजार रुपया जुमार्ना के साथ उनके पिता को 3 साल जेल होगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर लोग नेशनल हाईवे जाम कर देते हैं। नेशनल हाईवे जाम करना हाई कोर्ट का अहवेलना है। इसे मैं अगर वीडियो और फोटोज के साथ आप पर मामला दर्ज होता है।आपका जमानत नही होगा। वही सड़क दुर्घटना बचने को लेकर पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में 40 बेरिकेट देने की बात कही साथ उन्होंने कहा कि बेरिकेट दो दिनों के अंदर मुख्य स्थानो पर लग जाएगा। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लगोरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव सर्किल इंस्पेक्टर थाना प्रभारी मुराद हसन ग्राम प्रधान मुखिया एवं विभिन्न गांव के बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

### नाबालिक लड़कियों की शादी कराने जाएंगे जेल



पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अगर नाबालिक लड़की की शादी होती है। तो उनकी सूचना अविलंब प्रशासन को दें। प्रशासन कार्रवाई करेगी। साथ ही शादी करने वाले पंडित हो मौलाना हो या पहान हो सबसे पहले उनको जेल भेजा जाएगा। नाबालिक लड़कियों के शादी करना एक अपराध है। मां बाप बड़े लाड प्यार से लड़कियों को पलते हैं उसे नाबालिक शादी करकर मौत के मुंह में ना धकेले।

### डायन कुप्रथा से ऊपर आये लोग

श्री मेहता ने कहा कि डायन कुप्रथाओं से आप लोगों को ऊपर जाकर कार्य करना है। डायन जैसा कुछ नही है। अगर लोगों को लोग ही खाने लगे तो यह पृथ्वी नहीं बचेगी ऐसी कोई परेशान नहीं है। यह सबसे बचें और डायन कह कर किसी को मारपीट करने से बचे अन्यथा प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी।

## एक नजर में

### आर्मी जवान के बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, जांच में जुटी पुलिस



**धनबाद।** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत महावीर नगर में चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाया। जहां चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि महावीर नगर में आर्मी जवान के बंद घर को निशाना बनाते हुए घर का ताला तोड़ दिया। जिसके बाद घर मे रखे जेवर, नकदी सहित अन्य कीमती सामानों को लेकर फरार हो गए है। घर के मालिक संजीव कुमार सिंह अपने परिवार के साथ बाहर गए हुए है। वही स्थानीय लोगों की नजर घर मे लगे ताले पर पड़ी तो पाया कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी धनसार पुलिस को दिया। मामले की जानकारी मिलने पर धनसार पुलिस डॉग स्कॉर्ट की टीम लेकर मौके पर पहुचकर छानबीन शुरू कर दिया।

### जरूगुडीह में सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**जमाताड़ा।** जामताड़ा थाना क्षेत्र के जरूगुडीह गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-419 (धनबाद-जामताड़ा मुख्य मार्ग) को कई घंटों तक जाम कर दिया।मृतकों की पहचान मनसु राय (24 वर्ष) और उनके छह वर्षीय बेटे अभी राय के रूप में हुई है। पत्नी को गंभीर हालत में एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा गया। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे और ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। बताया गया कि ट्रैक्टर चालक सलीम अंसारी हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। मौके पर जामताड़ा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, अंचलाधिकारी अबिश्वर मुर्मू, समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता सहित भारी पुलिस बल पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। जनप्रतिनिधि जोसेफ मुर्मू और ग्राम प्रधान अशोक सिंह ने प्रशासन पर अवैध बालू कारोबार को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में नाबालिग ट्रैक्टर चालक धड़ल्ले से ट्रैक्टर चला रहे हैं और एनजीटी के आदेश के बावजूद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। परिजनों ने आवास, पेंशन और तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की। वरीय पदाधिकारियों द्वारा पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता एवं मुआवजा देने का आश्वासन दिए जाने के बाद सड़क जाम को हटाया गया। मौके पर समाजसेवी तरुण गुप्ता ने पीड़ित परिवार को दस हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान किए।

### धनबाद-चन्द्रपुरा रेलखंड में चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** शुक्रवार को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में धनबाद-चन्द्रपुरा रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 340 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। पकड़े गए यात्रियों से 02,46,235 रूपए जुमार्ना वसूला गया। साथ ही उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई।

### टीनटांगर गांव में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के टीनटांगर गांव में आयोजित नशा मुक्ति अभियान में ग्रामीणों ने भाग लेकर मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर सभी को संकल्प दिलाया गया कि वे नशा नहीं करेंगे और न ही किसी को नशा करने देंगे। कार्यक्रम में नशे से होने वाले अनेक तरह की बीमारियों के बारे में भी चर्चा की गई। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने कहा की नशा हमारे समाज के लिए एक बड़ा खतरा है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है।

### बरही नदी में आये उफान में फंसा युवक की बची जान

**लोहरदगा।** लोहरदगा बेड़ों मुख्य पथ केंद्रीय विद्यालय के सामीप बरही नदी में आया बाढ़ खतरों के निशान से ऊपर बह रहा है नदी। मुख्य सड़क पर बने पुलिया के ऊपर से बह रहा नदी पूरा सड़क विकराल नदी का रूप ले चुका है। वही सड़क पार करने के दौरान एक बाइक सवार युवक नदी के तेज बहाव में बाइक सहित बहने लगा जिसे ग्रामीणों ने तेजी दिखाते हुए रस्सी की मदद से बचा लिया हालांकि नदी के तेज बहाव में युवक का मोटरसाइकिल बह गया। जानकारी अनुसार राज प्रकाश नामक युवक जो सुबह रांची से लोहरदगा जा रहा था बरही नदी पार करने की कोशिश में मझधार में फंस गया। उसकी बाइक बह गई।

### आम बागवानी योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है : बीडीओ

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड परिसर में महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी को बढ़ावा देना और किसानों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस महोत्सव में प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा आम बागवानी योजना से जुड़े किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने बगीचों से लाए गए विभिन्न प्रकार के आमों की शानदार प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, सुपरवाइजर अंजली वर्मा, बीपीओ कांति कुमारी, बीपीएम बबीता बड़ाईक सहित पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। महोत्सव के दौरान किसानों ने अपने उगाए गए कई तरह के आमों का प्रदर्शन किया। उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। किसानों से उनके आमों और बागवानी के तरीकों के बारे में जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की।

# बराकर से निरसा जा रहे एक परिवार के दो लोगो की सड़क हादसे में मौत

**▶▶ ट्रैक्टर चालक मौके से फरार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शुक्रवार को बराकर से निरसा जा रहे एक परिवार के दो लोगो की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि एक महिला बुरी घायल हो गई। जिसका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह तकरीबन 10:00 बजे निरसा के रहने वाले मानसु रॉय बराकर के जुर्गडीह स्थित ससुराल से अपने पांच साल के बच्चे तथा पत्नी के साथ निरसा घर लौट रहे थे इसी दौरान बेदरा घाट के समीप एक बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मारी दी। इस दौरान परिवार के सभी सदस्य के मीटर तक दूर जा गिरा जिसमे मानसु रॉय को गंभीर चोट लगी तो वहीं पांच वर्षीय बच्चे को ट्रैक्टर ने कुछ मीटर तक घसीटता ले गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की पड़ी नजर के बाद लोगों ने जब शोर मचाना शुरू किया तो ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया वही ग्रामीणों में इसकी सूचना उनके ससुराल वालों को दिया जिसके बाद आनंद आनंद में ससुराल वालों ने घायलों को एस एन एम एम सी ह लाया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मंसूर राय हुआ उनके पुत्र अभी राय को अमृत घोषित कर दिया वही पत्नी कल्याणी राय का इलाज चल रहा है।

# नारायणपुर थाना क्षेत्र के दो घरों में चोरी लाखों के जेवरात सहित नगदी ले उड़े चोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमाताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के पबिया में बीते गुरुवार देर रात सिकदारडीह गांव और पबिया के महतो टोला में दो घरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकदारडीह गांव में संतोष मंडल के घर में रखे अटैची से चोरों ने लगभग 40 भरी चांदी, एक भारी सोने का आभूषण और 32 हजार रुपया नगद चोरी कर लिए। पीड़ित संतोष मंडल ने बताया कि सुबह जब वह जागे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर सभी सामान बिखरे पड़े थे। अलमारी और अटैची के लॉक भी टूटे हुए थे और सभी कीमती जेवरात गायब थे। वही इसी रात महतो टोला में बैद्यनाथ महतो के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। बैद्यनाथ महतो के अनुसार, जिस घर में वे परिवार सहित सो रहे थे। उसे बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया गया। 1 कमरे में रखा बड़ा बक्सा तोड़कर उसमें से करीब 30 भरी चांदी और 18 हजार नगद चोरी कर लिए गए। वही बलदेव महतो के घर में भी ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया घर में रखे बक्सा को तोड़फोड़ कर सामान बिखरा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बलदेव महतो अपने परिवार के साथ धनबाद में रहते हैं ।घर में कुछ कीमती सामान नहीं था घरेलू सामान को चोर ने तहस-नस कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चोरी की घटना के संबंध में संतोष मंडल व बैद्यनाथ महतो ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत किया है। थाना प्रभारी मुराद हसन ने कहा कि जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।

# एसडीएल मशीन की चपेट में आने से मजदूर घायल, विरोध में किया प्रदर्शन

**▶▶ दुगार्पुर के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के हरियाजाम 5/6 नंबर भूमिगत खदान में गुरुवार की रात्रि पाली में काम कर रहे जनरल मजदूर 45 वर्षीय गोविंदपुर थाना क्षेत्र निवासी अकुल बाउरी एसडीएल मशीन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में खदान में कार्यरत मजदूरों ने उन्हें बाहर निकाला तथा इलाज के लिए साकतोड़िया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर के निजी अस्पताल में भेज दिया है। हालांकि घायल मजदूर की स्थिति ठीक है तथा वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए घायल के साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों ने बताया कि रात्रि लगभग ढाई से तीन बजे के बीच अकुल बाउरी कार्य कर रहा था। इसी दौरान एसडीएल मशीन उसके बाएं पैर पर चढ़ गया। जिसके कारण उसका बाया पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। वहां कार्यरत अन्य मजदूर उसे आनन-फानन में खदान से बाहर निकाल कर इलाज के लिए साकतोड़िया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर निजी अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। मालूम रहेगी 24 जून को बैजना कोलियरी के 31 नंबर खदान में कार्य के दौरान चाल गिर जाने से ड्रिल ऑपरेटर लालशरण बीपी नामक मजदूर घायल हो गया था। उसका भी इलाज दुगार्पुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। आए दिन खदान में हो रहे दुर्घटनाओं से खदान में सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि कोलियरी प्रबंधन का कहना है कि मजदूर का समुचित इलाज करवाया जा रहा है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

# मैथन में केवीएस रांची संभाग के क्षेत्रीय दो दिवसीय अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** केंद्रीय विद्यालय मैथन में शुक्रवार को केवीएस रांची संभाग का दो दिवसीय क्षेत्रीय अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डीवीसी मैथन के परियोजना प्रमुख सुमन प्रसाद सिंह और विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में रांची संभाग के पांच विद्यालय के बच्चे भाग लें रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों में केवी हीनू, पाली 1 एवं 2, दीपाटोली, लातेहार और मैथन डैम शामिल हैं। भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या 80 है। मुख्य अतिथि ने हार जीत से बढ़कर, बच्चों को खेल भावना बनाए रखने लिए उत्प्रेरित किया। खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान दें। खेलकूद में भी बेहतर करने पर नाम रोशन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर चीज में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। बच्चे मन लगाकर पढ़ें और एक मुकाम हासिल करें। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हो, बेहतर से बेहतर करें ताकि नाम रोशन हो सके। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में कंपटीशन बहुत टफ हो गया है, लेकिन पढ़ने वाले बच्चों के लिए कुछ भी नहीं है। मन लगाकर पढ़ाई करने से सफलता जरूर मिलेगी। इससे पहले परियोजना प्रमुख का स्वागत बच्चों, प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर एवं अन्य शिक्षकों ने किया। विद्यालय के प्राचार्य ने परियोजना प्रमुख को शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की गतिविधियों के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर इंद्रेश चौधरी, उमेश कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार पांडे, पूर्णिमा खन्ना, मोनिका गुप्ता, अनिरुद्ध पाठक, प्रकाश कुमार, शुभम खुराना, दीपांजना दत्ता, शालिनी कुमारी, प्रीति कुमारी, विजय, रंजीत कुमार, मानसी कुमारी, आदर्श कुमार आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## जमीन विवाद में तीन भाईयों के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामचंद्र विश्वकर्मा के पुत्र सचिंद्र कुमार, नागेंद्र विश्वकर्मा और कलेन्द्र विश्वकर्मा अपने रैयती जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही हरिहर सिंह, रामकेवल सिंह, कर्मु सिंह, कलावती देवी, राजेन्द्र सिंह, चंद्रावती देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी और सोनी कुमारी वहां पहुंचे और तीनों भाईयों के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि जान से मारने और एससी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल भाईयों ने धुरकी थाना में आवेदन देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ितों का कहना है कि वे अपने ही खेत में जुताई कर रहे थे, तभी अचानक दूसरे पक्ष के लोग आकर हमला कर दिए। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विषैले सर्प के डंसने से मजदूर की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत केतमा गांव निवासी गोपी कुमार सिंह की विषैले सर्प के काटने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार गोपी कुछ दिन पूर्व ही गांव से गढ़वा गए थे, जहां वे अन्य मजदूरों के साथ मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। रोज की तरह काम से लौटने के बाद उन्होंने खाना खाया और सो गए। इसी दौरान रात में सांप ने उन्हें डंस लिया। साथ में रह रहे अन्य मजदूरों ने जैसे ही उनकी हालत बिगड़ती देखी, तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गांव के लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने उनके घर पहुंचे। मृतक गोपी अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं।

## दलित परिवार की पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव निवासी दलित समाज से आने वाले शंभू रजवार और उनके परिवार को न्याय की उम्मीद लगाए एक साल हो गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। उल्टा 26 जून को उनकी पुश्तैनी जमीन पर फिर से दबंगों द्वारा ट्रैक्टर से जबरन जुताई कर दी गई। पीड़ित परिवार डरा-सहमा हुआ है और थाने से लेकर अंचल कार्यालय तक न्याय की गुहार लगा रहा है। 1966 में भूदान योजना के तहत शंभू रजवार के पूर्वजों को 1 एकड़ 29 डिसमिल जमीन दी गई थी, जिसके सारे वैध दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। बावजूद इसके गांव के ही कुछ दबंग आसिफ अंसारी, गुड्डू अंसारी, ईशा अंसारी, इश्हाक अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, अली अंसारी, हमाम अंसारी, मारूक अंसारी सहित 15-20 अन्य अज्ञात लोगों ने 6 जून 2024 को पहली बार जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया था। घटना के दिन परिवार अपनी जमीन पर कुआं खुदाई का काम कर रहा था, तभी आरोपियों ने ट्रैक्टर लाकर खेत जोतना शुरू कर दिया। मना करने पर मारपीट की गई जिसमें महिलाओं, नाबालिग बच्चों और गर्भवती बहू को भी नहीं बख्शा गया। हमले के बाद उनका झोपड़ीनुमा घर भी जला दिया गया। किसी तरह जान बचाकर सभी भागे। इस मामले में बरडीहा थाना में केस संख्या 35/2024 दर्ज हुआ था, जिसमें एससी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराएं लगाई गईं। लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी न कोई गिरफ्तारी हुई, न ही जमीन पर से अवैध कब्जा हटाया गया। पीड़ित का कहना है कि 26 जून को फिर से वही आरोपी ट्रैक्टर लेकर आए और हथियार के साथ जमीन की जुताई कर दी। इसकी सूचना थाने को दी गई, पुलिस पहुंची भी, लेकिन अब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। उल्टा पीड़ित परिवार को केस वापस लेने का दबाव और हत्या की धमकी दी जा रही है।

# नशा उन्मूलन अभियान : उजागर हुई मासूमों की पीड़ा

## पीएलवी टीम ने की स्पॉन्सरशिप की पहल



बच्चों के साथ पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा स्थित जनकपुरी मोहल्ला में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम के तहत जब पीएलवी मुरली श्याम तिवारी और कृष्णानंद दुबे की दो सदस्यीय टीम क्षेत्र का दौरा कर रही थी, तब उन्हें कुछ मासूम अनाथ बच्चों की संवेदनशील परिस्थिति का पता चला। कार्यक्रम के दौरान टीम साक्षी कुमारी और सिंधु कुमारी के घर पहुंची। जानकारी मिली कि दोनों बच्चियों के पिता की मृत्यु हो चुकी है और मां घर छोड़कर चली गई है। इनका पालन-पोषण अब दादी शकुंतला देवी के द्वारा किसी तरह किया जा रहा है। लेकिन दादी की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। पीएलवी की टीम ने त्वरित पहल करते हुए स्पॉन्सरशिप दिलाने के लिए आवश्यक कागजात जुटाए और उन्हें बाल कल्याण समिति को भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, ताकि इन बच्चियों को पालन-पोषण, शिक्षा और चिकित्सा की सुविधाएं मिल सकें। इसी मोहल्ले के अनुज कुमार की भी कहानी कम दर्दनाक नहीं है। अनुज के पिता का निधन हो चुका है और उसकी विधवा मां किसी तरह मजदूरी कर जीवन यापन कर रही है। पीएलवी की टीम ने अनुज को भी स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर चला जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु शिक्षा निकेतन, पोटमा में नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की चार सदस्यीय टीम द्वारा बच्चों को नशा से होने वाले नुकसान और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नशा से दूर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रामा शंकर चौबे ने सर्वधर्म प्रार्थना के साथ की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और समय के महत्व पर प्रेरणादायक बातें बताईं। वहीं पीएलवी सुधीर चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। पीएलवी अरविंद तिवारी ने बताया कि किस प्रकार बच्चों और युवाओं के माध्यम से नशा धीरे-धीरे समाज में फैलाया जा रहा है और इससे किस प्रकार सतर्क रहने की जरूरत है। जबकि पीएलवी तृप्त भानु ने युवाओं को नशे के जाल से बचाने के उपाय बताए और कहा कि जागरूकता ही इससे निपटने का सबसे कारगर तरीका है। कार्यक्रम के अंत में पीएलवी सुनीता पांडेय ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। मौके पर विद्यालय कर्मी व बच्चे उपस्थित थे।

## शिक्षक धनंजय विश्वकर्मा का आकस्मिक निधन



धनंजय विश्वकर्मा की फाइल फोटो

**केतार।** बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत दासीपुर गांव निवासी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य धनंजय विश्वकर्मा (36 वर्ष) का शुक्रवार की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह धनंजय विश्वकर्मा को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और सांस लेने में कठिनाई होने लगी। परिजन उन्हें तुरंत केतार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धनंजय विश्वकर्मा अपने पीछे एक पुत्री और दो पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

ज्ञात हो कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वे प्राचार्य पद पर कार्यरत थे। वे संगीत के क्षेत्र में भी विशेष पहचान रखते थे। उनका अंतिम संस्कार केतार पंडा नदी आश्रम तट पर किया गया। अंतिम यात्रा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, समाजसेवी पंकज सिंह, उपप्रमुख शंभू सिंह, कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, रमेश राम, नवनीत सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न

### खरौंधा व पतरीया चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन अतिथि

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूनामेंट में 15 व 17 वर्षीय बालक वर्ग में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। 17 वर्षीय बालक श्रेणी में खेले गए मुकाबले में जमा दो उच्च विद्यालय खरौंधा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल से जमा दो उच्च विद्यालय गरदाहा को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस ग्रुप में कुल 4 टीमों ने हिस्सा लिया। 15 वर्षीय बालक श्रेणी में कुल 17 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला जमा दो उच्च विद्यालय कांडी और मध्य विद्यालय पतरीया के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ और पेनाल्टी स्ट्रोक में भी दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। अंततः टॉस के माध्यम से निर्णय हुआ, जिसमें पतरीया ने बाजी मार ली और विजेता बनी। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में जमा दो उच्च विद्यालय गरदाहा ने मध्य विद्यालय अधौरा को दो गोल से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय और विद्यालय के प्राचार्य निरंजन साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मैच के रेफरी की भूमिका लक्ष्मण राम और रौशनदीप टोप्पो ने निभाई। मौके पर बीपीओ रविन्द्र कुमार मेहता, बीआरपी जयप्रकाश लाल, सीआरपी प्रभु राम, अरुण कुमार, खेल शिक्षक राजेश चंद्रवंशी, अजय कांत, आशा कुमारी, शिक्षक महमूद अली, अवध विहारी यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर सीएचसी में सीबीसी मशीन की सुविधा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते कर्मी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब सीएचसी में सीबीसी जांच के लिए अत्याधुनिक मशीन की सुविधा शुरू कर दी गई है, जिससे स्थानीय मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मशीन के लगने से अब मरीजों को सामान्य रक्त जांच के लिए प्राइवेट लैब या गढ़वा मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यह मशीन खून में कमी, संक्रमण और गंभीर बीमारियों की पहचान करने में अत्यंत उपयोगी है। इससे सामान्य बुखार से लेकर अन्य जटिल बीमारियों की प्रारंभिक जांच आसानी से की जा सकेगी। भवनाथपुर सीएचसी में पहले से ही टीबी जांच मशीन, डिजिटल एक्स-रे मशीन और ईसीजी मशीन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। ये सुविधाएं दुर्घटना पीड़ितों और हृदय रोगियों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही हैं। अब सीबीसी मशीन के जुड़ने से अस्पताल की जांच क्षमताओं में और विस्तार हुआ है। सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीसी मशीन लगने से मरीजों को समय पर सही इलाज देने में आसानी होगी। साथ ही उन्हें बाहर जाकर महंगे जांच कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## मझिआंव नगर पंचायत में जलजमाव से त्राहिमाम, कई घरों में घुसा पानी

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में जल निकासी की व्यवस्था चरमराने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को हुई भारी बारिश के बाद वार्ड संख्या 4, 6 और लोहरपुरवा क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति तालाब जैसी बन गई है। हालात इतने खराब हैं कि कई घरों में बारिश का पानी घुस गया है, जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल निकासी की समुचित व्यवस्था पहले से होती तो आज ये हालात नहीं होते। वार्ड नं 4 में राधाकृष्ण मंदिर के पास, वार्ड नं 6 में एचपी गैस एजेंसी के सामने, लोहरपुरवा के अयोध्या साहू के घर के पास और बाईपास लाइन के किनारे पानी जमा है। लोगों ने आरोप लगाया है कि पइन के पास सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के कारण पानी निकलने का रास्ता बंद हो गया है, जिससे पूरा क्षेत्र पानी-पानी हो गया। वार्ड नंबर 6 के लोहरपुरवा गांव में ट्रांसफार्मर के पास बनी नई पीसीसी सड़क पर करीब 2 से 2.5 फीट तक पानी जमा हो गया है। इससे संतोष चंद्रवंशी, रेखा चंद्रवंशी, हेवंती देवी और शत्रुघ्न चंद्रवंशी सहित कई घरों में पानी घुस गया।

## किसानों के बीच धान बीज का वितरण

### उन्नत खेती के लिए मिली प्रेरणा

खबर मन्त्र संवाददाता



वितरण करते बीटीएम

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत अंतर्गत किसानों के हित में धान बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 40 किसानों को उन्नत किस्म का धान बीज वितरित किया गया। बीज वितरण का कार्य बीटीएम राकेश कुमार और पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर किसानों को सही बीज चयन, खेती के आधुनिक तरीके, और सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें।

मौके पर बीटीएम राकेश कुमार ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर उन्नत तकनीकों को अपनाएं।

साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार समय-समय पर खाद, बीज, और कृषि यंत्रों की सुविधा उपलब्ध कराती है, जिसका लाभ सभी पात्र किसानों को अवश्य लेना चाहिए। मौके पर किसान रविंद्र साह, रामदास राम, जुगुत राम, वीरेंद्र राम, हरिकिशुन राम सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## रंका में धूमधाम से निकाली गयी रथयात्रा, रथ को छूने उमड़े श्रद्धालु

### मऊर पूजा और खीर-पूड़ी बनीं विशेष आकर्षण

सच्चिदानन्द पांडेय



रथ निकालते लोग

**रंका।** गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय में शुक्रवार को ऐतिहासिक और भव्य परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की रथयात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। यह परंपरा लगभग 300 वर्षों से चली आ रही है और आज भी लोगों के बीच अत्यंत श्रद्धा और उत्साह का केंद्र बनी हुई है। सुबह से ही श्रद्धालु रथ यात्रा में भाग लेने के लिए रंका मुख्यालय और आसपास के गांवों से उमड़ पड़े। रथ को छूने की होड़ दिखी, क्योंकि मान्यता है कि रथ का स्पर्श जीवन में सुख और शांति लाता है। महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ ढोल, नगाड़ा और शंखनाद करते हुए यात्रा में भाग लिया। भगवान जगन्नाथ का रथ जैसे ही मौसीबाड़ी पहुंचा, वहां आचार्य भोला पांडेय ने मंत्रोच्चारण कर 1008 दीपों से महाआरती की। इसके बाद भक्तों ने भगवान का महाप्रसाद ग्रहण किया। रथयात्रा से एक दिन पहले, गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र के पट 15 दिन के एकांतवास के बाद खोले गए। ठाकुरबाड़ी में दर्शन और पूजन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हनुमंत पूजा के बाद ध्वजारोहण कर रथयात्रा की शुरूआत की गई। इस पावन अवसर पर कई स्थानीय लोक परंपराएं भी निभाई गईं। रंका और आसपास के दर्जनों गांवों में रथयात्रा के दिन हथियापत्थल नामक बांस के बगान में दूल्हे की मऊर की पूजा की गई। मान्यता है कि जैसे बांस बढ़ता है, वैसे ही बेटी का वंश और सुख-समृद्धि बढ़ती है। वहीं, शाम को घर-घर में खीर-पूड़ी खाने की परंपरा निभाई गई। खासतौर से जिन घरों में हाल ही में विवाह हुआ है, वहां यह आयोजन परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर किया गया। रथयात्रा में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। इस ऐतिहासिक आयोजन की कमान गढ़ के कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह और कुमार गुलाब सिंह के नेतृत्व में पिछले कई वर्षों से निभाई जा रही है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि यह परंपरा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखती है।

एक नजर में

## संगठन को मजबूत करने को लेकर कांग्रेस ने चलाया सृजन कार्यक्रम

**दुमका।** संताल परगना प्रमंडल में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने को लेकर सृजन कार्यक्रम चला रही है। सृजन कार्यक्रम 26 जून को देवघर से शुरू हुई। कार्यक्रम 30 जून को साहिबगंज में समाप्त होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश प्रभारी के. राजू सहित पार्टी का कुनबा आलापदाधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को दुमका में संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव पहाड़ चौक स्थित विजय श्री कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, विधायल दल के नेता प्रदीप यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला में संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए। इस बाबत प्रदेश प्रभारी ने कार्यकताओं को आवश्यक निर्देश दिया। इस बावत प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम का अंतिम चरण पंचायत और शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर कमेटी बनाना है। आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत और शहरी क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में कांग्रेस की कमेटी होगी।

## एसकेएमयू शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने प्रोन्नति को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में कार्यरत वर्ष 2008 बैच के बहुप्रतिक्षित प्रोन्नति में अनावश्यक विलंब के विषय से अवगत एवं अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से कहा कि आवाज को हर संभव प्राधिकार व संस्थान के समक्ष प्रस्तुत कर शिक्षकों के न्यायोचित मांग को पुरा करने में मदद किया। विधायक ने शिक्षक मंडल को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस विषय के आलोक में एक मांग पत्र भी उन्हे समर्पित किया गया। शिक्षक प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से डॉ सुजीत कुमार सोरेन, डॉ निर्मला त्रिपाठी, डॉ ईश्वर मरांडी, डॉ राजीव रंजन, डॉ सुतानु लाल बोंड्यि, डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ सतोष सिंह, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ स्वतंत्र सिंह, डॉ मेरी माग्ररेट टुडू, डॉ पूनम बिंझ सम्मिलित हुए।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद व विधायक की कोर्ट में हुई पेशी

**दुमका।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघ मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी एवं पूर्व झामुमों विधायक लॉबिन हेम्ब्रम की शनिवार को न्यायालय में पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए के विशेष अदालत के न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। केस बहस पर है। निर्णय के लिए न्यायालय ने तिथि 28 जून को निर्धारित है। मामला में प्राथमिकी दर्ज 31 जनवरी 2022 को गोड्डा मुफस्सिल थाना में दर्ज हुई थी। मामले में सूचक गोपाल सिंह कुवंर के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। प्राथमिकी भादवी की धारा 143,188,172 (ई) एवं लोक संपति अधिनियम 136 के तहत मामला दर्ज हुआ था।

## विजयपुर के जंगल में पेड़ से लटका मिला शव, शिनाख्त

**दुमका।** घर के लोग उसकी हरकत से परेशान हो चुके थे। भाग जाने के डर से जंजीर में बांधकर रखते थे। इसके बाद भी जामा के अमझार का रहने वाला 33 वर्षीय महेश मरांडी 24 जून को घर से भाग गया। घरवालों ने हर जगह तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को विजयपुर के जंगल में पेड़ से लटका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लिया तो घरवालों ने विक्षिप्त बताकर पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। मुफस्सिल थाना की पुलिस ने पत्नी से लिखित लेकर शव को बिना पोस्टमार्टम कर सौंप दिया।दोपहर को विजयपुर के लोग रोज की तरह नदी की ओर गए थे। इसी बीच उनकी नजर पेड़ से लटकते हुए शव पर पड़ी। विजयपुर में मृतक की ससुराल थी, इसलिए लोग उसे पहचानते थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पत्नी सोनामुनी टुडू और पुलिस को दी। सूचना पर एएसआई बबन सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव उतारकर कब्जे में लिया। पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति की मानसिक स्थिति बहुत खराब थी। विजयपुर ससुराल में रहकर इलाज भी चल रहा था। वह अक्सर ससुराल से से भाग जाते थे, इसलिए जंजीर में बांधकर रखना पड़ता था। 24 जून को किसी तरह से जंजीर खोलकर भाग गए। तीन दिन से उनकी तलाश की जा रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बताया कि उन्हें किसी पर शक नहीं है। पति मानसिक रोगी थी, इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराकर क्या मिलेगा। उसके अनुरोध पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराए बगैर शव को पत्नी व उनके घरवालों को सुपुर्द कर दिया। बबन सिंह ने बताया कि पत्नी ही पोस्टमार्टम के पक्ष में नहीं थी। काफी समझाने के बाद भी तैयार नहीं हुई। इसलिए कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को बिना पोस्टमार्टम के उनके सुपुर्द कर दिया।

## बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की बैठक संपन्न

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की एक बैठक यूनियन कार्यालय पर संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मजदूर हित में 35 सूत्री मांग पर प्रबंधन से वार्ता करने हेतु एक कमिटी का गठन किया गया। वेजरिविजन कर्मचारियों के शोषण एंव भेदभाव ठेका मजदूरों के शोषण आश्रितों-विस्थापितों- एप्रेंटिसों- दुकानदारों-रिटायर कर्मियों-खटालवासियों सहित सभी के हितार्थ मांगों को बीएसएल प्रबंधन को पूरा करने हेतु बैठक होनी है। महामंत्री सुमन सिंह ने इस बात पर आक्रोश जताया कि बिमारी से ग्रस्त पिता के जगह नियोजन एक वर्ष में ही अनिवार्य करना एंव जबरन नौकरी से निकालने की कोशिश पर आक्रोश व्यक्त किया। 9 जुलाई को राष्ट्र व्यापी हड़ताल पर कोई फैसला बैठक में नही हो पाया। बैठक में मुख्य रुप से मिथिलेश पाल सिंह पुष्पा मिश्रा रविन्द्र कुमार प्रतिमा शर्मा एल शर्मा उमाशंकर प्रसाद उदय सिंह आदि मजदूर उपस्थित रहे।

## डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने जीते 13 स्वर्ण सहित 32 पदक

बोकारो। 23वें ऑल इंडिया टेंशिनकान कराटे चैम्पियनशिप 2025 में डीपीएस बोकारो के 16 विद्यार्थियों ने 13 स्वर्ण सहित कुल 32 पदक जीतकर अपने शहर और राज्य का नाम रोशन किया है। विदित हो कि उक्त प्रतियोगिता में लगभग एक दर्जन राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें झारखंड की टीम को पहला स्थान मिला और डीपीएस बोकारो के छात्र-छात्राओं ने अपने जिले का कुशल प्रतिनिधित्व किया। स्कूल के विद्यार्थी 13 स्वर्ण 12 रजत एवं 7 कांस्य पदक अपनी झोली में भरने में सफल रहे। विद्यालय में आयोजित एक विशेष असेंबली के दौरान सभी पदक विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं खेल कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन डॉ एएस गंगवार ने एसोसिएशन के महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक खेदू गोराईं तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों की मौजूदगी में विजेता बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उक्त प्रतियोगिता के तहत विभिन्न वर्गों की काता एवं कुमिते स्पधाओं में मायोन शारव ने एक स्वर्ण एवं एक रजत रेयांशी चौधरी ने एक कांस्य व एक स्वर्ण आरुष प्रकाश ने दो स्वर्ण रेयांश प्रकाश दो रजत आश्वी आद्या ने दो रजत भाव्या बिष्ट ने दो स्वर्ण सिद्धि सुमन ने एक स्वर्ण व एक रजत युवान यश ने एक स्वर्ण व एक कांस्य सान्वी ने एक स्वर्ण एवं एक कांस्य अनिका दास ने दो रजत ऋद्धिमा चौधरी ने एक कांस्य एवं एक स्वर्ण अथर्व कश्यप ने एक रजत एवं एक कांस्य एन सारावना सद्दु ने एक कांस्य एवं एक रजत ऋषिता राज शर्मा ने दो स्वर्ण एवं कीर्तिकेश कुमार मिश्रा ने दो रजत तथा अर्नव झा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते।

# रेयर अर्थ मिनरल्स की खोज

चीन के हालिया आयात प्रतिबंधों के बाद भारत जापान और वियतनाम से रेयर अर्थ मिनरल्स आयात करने को लेकर बातचीत कर रहा है। इसके अलावा, भारत रेयर अर्थ ऑक्साइड को मैग्नेट में बदलने के लिए एक प्रोत्साहन योजना शुरू करने की भी तैयारी कर रहा है, जिसे लागू होने में दो साल लग सकते हैं। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने जानकारी दी कि इस योजना पर अगले 15 से 20 दिनों में अंतिम फैसला लिया जाएगा। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प द्वारा बढ़ाए गए टैरिफ के जवाब में, बीजिंग ने 4 अप्रैल को सात भारी और मध्यम रेयर अर्थ मिनरल्स और मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। इन मिनरल्स में सेमेरियम, गैडोलिनियम, टर्बियम, डिस्प्रोसियम, ल्यूटेशियम, स्कैंडियम और येट्रियम शामिल थे। ये मिनरल्स डिफेंस, एनर्जी और ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी के लिए जरूरी है। अब चीनी कंपनियों को इन मिनरल्स के निर्यात के लिए डिफेंस लाइसेंस लेना होगा। कुमारस्वामी ने मंगलवार को इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारों के निर्माण को बढ़ावा देने वाली योजना पोर्टल के लॉन्च के दौरान पत्रकारों से कहा, हमने खनन मंत्रालय के साथ चर्चा की है, और वे इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अगले 15 से 20 दिनों में अंतिम फैसला हो जाएगा। सरकार 3,000 से 5,000 प्रोत्साहन योजनाओं को डेवलप करने और चीन की आपूर्ति से जोखिम कम करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर रही है। अगर मैग्नेट पर निर्यात नियमों में ढील नहीं दी गई, तो भारत चीन के साथ मोटर और सब-असेंबली के लिए बातचीत कर सकता है। इसको लेकर स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा जारी है, और भारी उद्योग मंत्रालय को अलग-अलग प्रस्ताव मिले हैं। कुछ कंपनियों ने 50 प्रतिशत समर्थन की मांग की है, जबकि अन्य ने 20 प्रतिशत समर्थन मांगा है।




मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# प्राचीनतम शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की रौनक लौटी


**बिहार** राज्य में स्थित शिक्षा के प्राचीनतम वैश्विक केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की 12वीं सदी तक जो सुकीर्ति रही है, उसका कोई सानी नहीं। लेकिन विदेशी आक्रांताओं के हमलों से इस पर ग्रहण लगा। कई सदियों बाद इसके पुनर्जीवन के प्रयासों से साल 2014 में नये नालंदा विश्वविद्यालय की शुरूआत हुई और पहला अकादमिक सत्र शुरू हुआ। इसकी रौनक व गौरव धीरे-धीरे लौट रहे हैं।

हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान, निजी विशेषता होती है,जो हर दूसरी जगह से अलग होती है। ऐसी ही खासियत है भारत के प्राचीन गौरव नालंदा विश्वविद्यालय में। सदियों बाद हुई शुरूआत के बाद जिसकी रौनक इसे ह्यभारत का अपना हार्वर्डह्न भी कह सकते हैं। हालांकि एक तरह से प्राचीन नालंदा विवि की तुलना अमेरिका के हार्वर्ड विवि से करना विद्या के इस प्राचीनतम वैश्विक केंद्र की तौहीन है, क्योंकि 5वीं सदी से 12वीं सदी तक नालंदा विश्वविद्यालय की जो सुकीर्ति रही है, उसका कोई सानी नहीं। लेकिन विदेशी आक्रांताओं द्वारा इसे ध्वस्त कर दिये जाने के बाद कई सदियां गुजरी हैं, उस कारण आज अगर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को दुनिया के किसी मौजूदा विश्वविद्यालय के सांकेतिक उदाहरण से समझा जा सकता है, तो वह आधुनिक ज्ञान का बेजोड़ घर हार्वर्ड विश्वविद्यालय ही हो सकता है। बहरहाल नालंदा विश्वविद्यालय का नाम लेते ही भारत के प्राचीन ज्ञान, गौरव, शिक्षा और सांस्कृतिक विपुलता का बोध होता है। निःसंदेह सदियों तक अपने न होने पर भी प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय इतिहास में भारत का एक महत्वपूर्ण लैंडमार्क रहा है। कभी यहां 10 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ा करते थे और 2 हजार से ज्यादा शिक्षक थे।

**गौरव की दिशा में नयी शुरूआत**

हालांकि नालंदा के गौरव गाथाएं अभी महज इतिहास का हिस्सा हैं, लेकिन साल 2006 के बाद प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की जो आधुनिक कहानी शुरू हुई है, वह इतिहास के अपने सुनहरे पदचिन्हों की तरफ सधे कदमों से बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह विश्वविद्यालय बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित है, जो कि पटना से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी हवाईअड्डा गया का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो इससे करीब 80 किलोमीटर है। नालंदा विवि के सबसे निकट स्थित शहर राजगीर है जो बुद्धिस्ट सर्किट का बोधगया और नालंदा के साथ महत्वपूर्ण हिस्सा है।



-वीना गौतम

> आज यानी 2025 का नालंदा विश्वविद्यालय बौद्ध अध्ययन, तुलनात्मक धर्म, पर्यावरण और सतत विकास, ऐतिहासिक अध्ययन, अंतर्राष्ट्रीय संबंध और दर्शनशास्त्र मुख्य विषय के रूप में पढ़ाये जाते हैं। यहां 40 से ज्यादा देशों के छात्र हैं और इंटरनेशनल फैकेल्टी व इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च केंद्र मौजूद है।

**सम्राट कुमारगुप्त ने की थी स्थापना**

महान नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन गौरव पर एक नजर डालना भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पुनर्पाठ करने जैसा है। लगभग 5वीं सदी ईस्वी के समय नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त सम्राट कुमारगुप्त ने की थी। यह विश्वविद्यालय बुद्धिज्म, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद, गणित, खगोलशास्त्र और साहित्य के अध्ययन का विश्व प्रसिद्ध केंद्र था। एक समय यहां 10 हजार से ज्यादा छात्र और 2 हजार से ज्यादा शिक्षक थे, जो कि आवासीय विश्वविद्यालय था। महान तिब्बती विद्वान तात्स्यांग और इत्सिंग जैसे चीनी यात्री यहां अध्ययन कर चुके हैं।

**आक्रांता का बना निशाना**

इस विश्वविद्यालय को 12वीं सदी के अंत में बख्तियार खिलजी ने आक्रमण करके ध्वस्त कर दिया था और वह इसका नामोनिशान मिटाने के लिए इसमें आग लगा दी थी, जो कहते हैं एक साल तक जलती रही थी।

**पुनर्जीवन के विचार को मिला आकार**

साल 2006 में भारत सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्जीवन की योजना बनायी। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के ह्यनॉलेज कॉरिडोरह्न के विचार के केंद्र में नालंदा विश्वविद्यालय भी था। साल 2010 में नालंदा यूनिवर्सिटी एक्ट 2010 संसद में पारित हुआ तथा नालंदा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की विधिवत स्थापना की योजना बनी।

**अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा**

भारत सरकार ने इसे अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय घोषित किया, जिसमें आसियान देशों का व्यापक समर्थन हासिल हुआ। साल 2014 में पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की सरजमीं पर नये नालंदा विश्वविद्यालय की शुरूआत हुई और पहला अकादमिक कार्यक्रम शुरू हुआ। साल 2021-2023 के बीच नालंदा विश्वविद्यालय के नये कैंपस का निर्माण हुआ। यहां पर इस दौरान कई ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम्स का विस्तार हुआ। साल 2024-25 में आसियान, बिम्सटेक, यूरोपीयन यूनिवर्सिटी पार्टनरशिप्स बढ़ी और इस तरह ग्लोबल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज एंड इकोलॉजी जैसे वैश्विक अध्ययन केंद्र की स्थापना हुई। आज यानी 2025 का नालंदा विश्वविद्यालय बौद्ध अध्ययन, तुलनात्मक धर्म, पर्यावरण और सतत विकास, ऐतिहासिक अध्ययन, अंतर्राष्ट्रीय संबंध और दर्शनशास्त्र मुख्य विषय के रूप में पढ़ाये जाते हैं। यहां 40 से ज्यादा देशों के छात्र हैं और इंटरनेशनल फैकेल्टी व इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च केंद्र मौजूद है।

ज्ञान, शांति और साझा भविष्य के लिए शिक्षाह्न के मिशन के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का यह नया आदर्श वाक्य है। आज यह विश्वविद्यालय ग्लोबल नॉलेज हैरिटेज और मॉर्डन एकेडमिक सेंटर के रूप में धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

झारखंड के किसानों के लिए दिन खास है . दो साल के अंतराल के बाद राज्य में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की शुरूआत कर दी गई है। रांची के खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 4 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किसानों के बीच किया गया । इसमें बड़ा ट्रैक्टर , मिनी ट्रैक्टर , सोलर पंप सेट , नॉर्मल पंप सेट का लाभ किसानों को दिया गया । लाभ पाने वालों की भीड़ में महिला समूह की उपस्थिति बेहतर संकेत है। अब राज्य की महिलाएं भी ट्रैक्टर का प्रशिक्षण लेकर लाभुक की सूची में अपना नाम दर्ज करा रहीं हैं। इस योजना का लाभ योग्य लाभुक अपने एस्क्रो अकाउंट में अंशदान का भुगतान कर आसानी से ले सकते है।

**– शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री**

# वक्त की जरूरत है पोर्टफोलियो करियर

करियर

**प्रशांत झा**

**युवाओं** में अपने प्रमुख काम या नौकरी के साथ कोई अन्य काम या फिर फ्रीलांसिंग की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी पोर्टफोलियो कैरियर। इसकी वजह जॉब सिक्योरिटी, वर्क-लाइफ बैलेंस व ज्यादा कमाई की चाह है। आजकल आय के कई स्रोत और मल्टीपल प्रोफेशनल आइडेंटिटी रखना जरूरी भी है।

**शिखर चंद जैन**

एक जमाना था जब आपके पिता, चाचा या अन्य रिश्तेदार बड़े गर्व से आपको बताते थे कि उन्होंने स्कूल कॉलेज की पढ़ाई के बाद कैसे किसी एक ही बिजनेस फर्म या बड़ी कंपनी (जैसे टाटा, हिंद मोटर, बिरला सीमेंट, एचएमटी या फिर कोई और) में नौकरी शुरू की और 40 साल तक काम करके वहीं से रिटायर हो गए। वह जमाना कुछ और था। तब किसी कंपनी में आप समर्पण, मेहनत और ईमानदारी से काम करते थे तो आपको नौकरी खोने का इतना डर नहीं होता था। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है। कंपनियां जब ले ऑफ करती हैं तो कोई भी उसकी चपेट में आ सकता है। एम्पलॉई भी जहां ज्यादा सैलरी या पैकेज देखता है, वहीं चला जाता है। किसी मेट्रो सिटी में या जॉब के लिए कहीं भी घर से बाहर रहने पर मोटा खर्च, दिनों दिन बढ़ती कॉस्ट ऑफ लिविंग, शिक्षा और चिकित्सा पर बढ़ा हुआ खर्च आदि को देखते हुए एक जॉब पर पूरी तरह निर्भर रहना न तो सुरक्षित है, न बुद्धिमानी। इसलिए आपको जरूरत है पोर्टफोलियो कैरियर माइंडसेट की। दरअसल आय के एक से ज्यादा स्रोत रखना और अपनी मल्टीपल प्रोफेशनल आइडेंटिटी रखना आज के वक्त की जरूरत है।

**पोर्टफोलियो कैरियर क्या है ?**

पोर्टफोलियो कैरियर यानी एक व्यक्ति द्वारा अपनी स्किल्स का प्रयोग करते हुए आय के लिए कई स्रोतों की व्यवस्था करना। पोर्टफोलियो कैरियर में साइड हसल, एक से ज्यादा पार्ट टाइम जॉब, साइड बिजनेस या फ्रीलांसिंग शामिल हैं। एक फुल टाइम जॉब के साथ-साथ या फिर बिना फुल टाइम जॉब के अलग-अलग कई काम करना भी इसमें शामिल हैं। उदाहरण के लिए, एक नौकरीशुदा ग्राफिक डिजाइनर अन्य व्यवसाइयों के लिए लोगो बना सकता है। एक अकाउंटेंट पूर्णकालिक रूप से एक फर्म में काम कर सकता है, लेकिन साथ ही अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस भी कर सकता है या ड्राइविंग का काम कर सकता है।

**पोर्टफोलियो कैरियर के लाभ**

बेहतर कार्य-जीवन संतुलन : पोर्टफोलियो कैरियर अपनाने वाले लोगों के टाइम टेबल में यह निर्धारित करने की छूट और सुविधा होती है कि वे कब या कहां काम करते हैं। वे अक्सर घर से भी काम कर सकते हैं और अपने समय को विभिन्न गतिविधियों, पारिवारिक जिम्मेदारियों या अन्य काम के लिए चुन सकते हैं, जिससे उन्हें बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करने में मदद मिलती है।

अधिक आय : पोर्टफोलियो कैरियर के साथ आप कई स्रोतों से आय प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में अगर आपको अचानक नौकरी से निकाल दिया जाता है तब भी आपके पास पैसा आता रहेगा।

कम बंधन : आपको किसी खास तरह की नौकरी के प्रति बंधन में नहीं रहना पड़ता। आप अपनी रुचियों को समय देने और उन्हें पोषित करने वाले किसी कैरियर को परख सकते हैं। पोर्टफोलियो कैरियर आपको किसी भी चीज के लिए प्रतिबद्ध हुए बिना विभिन्न अनुभव प्राप्त करने का अवसर देता है।

**कैसे शुरू करें पोर्टफोलियो कैरियर**

समुचित योजना बनाएं: अगर आप अपना पोर्टफोलियो कैरियर शुरू करने का फैसला करते हैं, तो पूरे विचार के साथ योजना बनाएं और उसे शुरू करें। आप रेगुलर कैरियर के साथ-साथ पोर्टफोलियो कैरियर भी अपना सकते हैं या फिर अकेले पोर्टफोलियो कैरियर भी अपना सकते हैं।

**अपनी क्षमता का आकलन** : इसके लिए अपनी रचनात्मकता, स्किल्स और रुचियों पर विचार करें ताकि यह तय कर सकें कि आप किस तरह की नौकरी करना चाहते हैं और आप किस तरह के काम से कमाई के लिए इनका उपयोग करना चाहते हैं।

**लोगों के साथ नेटवर्क** : किसी भी कैरियर की तरह नेटवर्किंग भविष्य में अधिक अवसरों की ओर ले जा सकती है। अपने पोर्टफोलियो कैरियर को विकसित करने के लिए अपने विविध अनुभवों का उपयोग करें। पुराने सहकर्मियों, सहपाठियों, दोस्तों और ग्राहकों के साथ फिर से जुड़ें और देखें कि क्या वे आपके लिए अवसरों के बारे में जानते हैं। वे आपको सलाह, संपर्क, सहायता या यहां तक कि काम भी दे सकते हैं।

**तरह-तरह के पोर्टफोलियो करियर**

साइड हसलरः ऐसा व्यक्ति जो अपने मुख्य काम के साथ-साथ किसी अन्य प्रोजेक्ट से आय अर्जित करता है।

# योग सिर्फ व्यायाम नहीं, लाइफ स्टाइल थैरेपी भी

योग

**जीवीएस शास्त्री**

**आज** की तनावभरी और टारगेट ओरिएंटेड व्यस्त जिंदगी में योग न सिर्फ जरूरी है बल्कि मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाये रखने का यह एक असरदार उपाय भी है। दरअसल, इंसान ऑफिस के प्रेशर, सोशल मीडिया के प्रेशर, पारिवारिक जिम्मेदारियों, कैरियर और भविष्य की चिंताओं में घिरा रहता है। योग में प्राणायाम, ध्यान, आसन और क्रियाएं मानसिक शांति लाकर चिंता, डिप्रेशन और एंग्जाइटी को कम करती हैं। लंबे समय तक सिटिंग जॉब करने वाले और शारीरिक गतिविधियों से रहित लाइफस्टाइल के चलते अकसर मांसपेशियों में अकड़न पैदा हो जाती हैं। कमरदर्द बना रहता है। ऐसे में मोटापा और डायबिटीज जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

**लचीलापन बढ़ाने, पोस्चर सुधारने में सहायक :** योग इन सब स्थितियों में राहत दिलाता है। योग के जरिये शरीर में लचीलापन बढ़ता है, पोस्चर सुधरता है, रीढ़ की हड्डी मजबूत बनती है, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। वहीं हार्ट बीट काबू में रहती है। साथ ही तनाव के कारण होने वाली सूजन नहीं होती और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इसलिए हर व्यक्ति को योग करने की जरूरत है। भले वह शारीरिक रूप से इसकी जरूरत महसूस करता हो या न करता हो। तनावपूर्ण जिंदगी जीने वाले लोग अगर प्रत्यक्ष तौर पर कई सारी चिंताओं से परेशान नहीं दिखते, तो भी आशंका रहती है कि किसी भी क्षण उनमें ये सारी समस्याएं अपना असर दिखा सकती हैं। इसलिए अलर्ट रहकर योग के जरिये इस तरह की आशंकाओं को निर्मूल करते रहना चाहिए। योग करने से बेहतर नींद आती है जिससे न सिर्फ शरीर को शांति महसूस होती है बल्कि जीवनशैली को भी बेहतर बनाया जा सकता है। इसलिए योग करना बहुत फायदेमंद होता है। योग करने से मेलाटॉनिन हार्मोन का स्तर संतुलित होता है, जिससे अनिद्रा यानी इंसोमेनिया जैसी समस्याएं दूर होती हैं। हम दिनभर ऊर्जा से लबालब रहते हैं जो लोगों के साथ रिश्ते सहज और दोस्ताना बनाने में मददगार हैं। दरअसल, मेडिटेशन और यौगिक विधियों द्वारा हम खुद के भीतर झांकने की कोशिश करते हैं। किसी आपाधापी में धैर्य और आत्मसंयम बनाये रहते हैं। इससे हमारे घर, परिवार और प्रोफेशनल रिश्ते तो संतुलित रहते ही हैं, हमारे खुद के साथ भी रिश्ते संतुलित होते हैं। वास्तव में योग हममें तुरंत रिएक्ट करने की जगह रिस्पोंड करने की आदत डालता है।

**तन, मन का संतुलन :** योग को सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं कहना चाहिए। यह एक लाइफस्टाइल थैरेपी है जो हमारे तन, मन और आत्मा तीनों को संतुष्ट रखती है। तीनों के बीच एक बेहतर संतुलन रखती है और सबसे बड़ी बात यह है कि योग करने में हमारे सिर्फ समय के और थोड़े से शारीरिक प्रयासों के अलावा कुछ और खर्च नहीं होता। तनाव और दबाव से भरी जिंदगी में हर किसी को योग करना चाहिए। इससे हमें महंगी दवाओं राहत मिलेगी। मेडिसिन के बिना भी हम एक बेहतर जीवन जी सकते हैं। कहा भी गया है योग करो, रोग से दूर रहो और दुनिया के साथ साथ खुद से भी जुड़ो। योग से ये तिहरे स्तर के लाभ होते हैं।

**स्ट्रेस फ्री वर्ल्ड के लिए योग ज्ञान**

विश्व को चिंताओं और तनाव से छुटकारा दिलाने में भारत के योग ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका है, यह बात पूरी दुनिया मानती है। योग, ध्यान तथा आयुर्वेद दुनिया को तनाव से मुक्ति दिलाने में बड़े मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। योग सिर्फ धार्मिक या पारंपरिक विरासत नहीं बल्कि वैज्ञानिक रूप से सिद्ध मानव जीवन को शांति का तोहफा है। दुनिया ने योग को मानसिक और शारीरिक तनाव से राहत का साधन माना है। अमेरिका, यूरोप, जापान जैसे सभी विकसित देशों में आज न सिर्फ लोग घरों और पार्कों में हर तरफ योग करते दिखेंगे बल्कि अस्पतालों, स्कूलों, कार्पोरेट कार्यालयों और सेना के बैरकों में भी अब योग को एक महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में अपना लिया गया है।

**माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से मुलाकात कर कोडरमा व गिरिडीह क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई — अन्नपूर्णा देवी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त



रामगढ़। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुरुवार को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध कोयला लदा ट्रक एनएच 33 होते हुए हजारीबाग के तरफ जा रहा है। सूचना के बाद मांडू थाना प्रभारी ने चेकिंग अभियान चलाया। एनएच 33 खैरा जारा के पास 14 चक्का ट्रक संख्या डब्लूबी37ई 2903 के चालक ने पुलिस को वाहन चेकिंग करता देखा तो ट्रक को सड़क पर खड़ा कर भाग गया। ट्रक का तलाशी लेने पर ट्रक में करीब 40 टन अवैध कोयला लोड पाया गया। काफी देर इंतजार के बाद भी ट्रक में लोड कोयला से संबंधित कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद ट्रक को जब्त कर थाना लाया।

### कंप्यूटर सेंटर का मना वर्षगांठ



भुरकुंडा (रामगढ़)। बैंक मोड़ पटेलनगर माइक्रो कंप्यूटर सेंटर का शुक्रवार को धूमधाम से 20वां वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक मनोज सिन्हा एवं संस्था की संचालिका सह कंप्यूटर शिक्षिका डौली सिन्हा ने केक काटकर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच केक व मिठाई का वितरण किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। शिक्षिका डौली सिन्हा ने कहा कि हमारे संस्था का उद्देश्य बच्चों को इस डिजिटल युग में बेहतर शिक्षा देकर रोजगार का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हमारे सेंटर में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कम शुल्क पर कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। मनोज सिन्हा ने संस्था के 20 वर्षों की उपब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिया कुमारी, अल्पना कुमारी, जैस्मिन, श्रुति, आशा, खुशबू, श्वेता, स्वर्णप्रिया, कंचन, ऋद्धि, निधि, रीना, सिमरन, सूरज, रागिनी आदि का विशेष योगदान रहा।

### भंडारे के साथ हरि कीर्तन संपन्न




**कुजू।** सेवटा स्थित हनुमान मंदिर की 14 वीं वर्षगांठ को लेकर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुक्रवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य विकास पांडेय, अयोध्या पांडेय एवं सुबोध पांडेय ने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी (पार्षद) के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ अखंड दीप को लेकर देवी मंडप पहुंचे। यहां विधिवत पूजा अर्चना कर लौटने के उपरांत हरे राम, हरे कृष्णा का जाप संपन्न हुआ। बाद में भंडारा का वितरण किया गया।

### 31 जुलाई को महाधरना को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर स्थित मुकेशलाल सिंदूरिया के आवास में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख साथियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु उपस्थित थे। यह बैठक 20 जुलाई तक चलने वाले प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर जनसंपर्क अभियान, 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले त्राहिमाम महाधरना की तैयारी, सांगठनिक सुदृढ़ीकरण एवं सदस्यता अभियान के मुद्दे पर रखी गयी थी। 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना में अधिक से अधिक लोग जायेंगे। इसके लिए मुकेशलाल सिंदूरिया एवं भुनेश्वर साव को प्रभारी नियुक्त किया गया। मौके पर अशोक साव, श्रीनिवास अग्रवाल, भरत केशरी, देवकुमार पंडित, ओम प्रकाश साव, जीवन गुप्ता, गीता देवी राणा, चिंता देवी, पिंटू गुप्ता, उपेन्द्र शर्मा, मिथिलेश लाल, गोपाल केशरी, कुसुमलता देवी आदि मौजूद थे।

### बरही में मुहर्रम को लेकर बैठक



बरही। बरही प्रखंड सभागार में गुरुवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयपाल महतो ने की और संचालन थाना प्रभारी आभास कुमार ने किया। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अंचलाधिकारी अमित किस्कू, सर्किल इंस्पेक्टर चंदशेखर कुमार और उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा शामिल हुए। बीडीओ ने कहा कि पर्व को देखते हुए एहतियात के तौर पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। हुड़दंग मचाने वाले लोगों की पहचान कर पुलिस प्राथमिकी भी दर्ज कर सकती है। इसलिए सामाजिक एकता को कायम रखने वाले पर्व में सभी को संयम के साथ पर्व मनाना चाहिए। थाना प्रभारी आभास कुमार ने कहा कि ताजिया जुलूस निकालते समय यातायात व्यवस्था का ध्यान रखना अनिवार्य है।

# रथयात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## चौपारण में सांसद-विधायकों ने खींचा रथ, क्षेत्र की खुशहाली की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/चौपारण।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का रंग इस बार हजारीबाग जिले में पूरे जोश, श्रद्धा और आस्था के साथ चढ़ा। शुक्रवार को एक तरफ चौपारण प्रखंड के बैजनाथ नगर (सियरकोनी) में तीसरे वर्ष लगातार रथयात्रा का भव्य आयोजन हुआ, तो वहीं दूसरी ओर सदर प्रखंड के सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम में रथद्वितीया के पावन अवसर पर पारंपरिक मेला और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोनों ही स्थलों पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

चौपारण में आयोजित रथयात्रा में सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव, अमित कुमार यादव, बिरजू तिवारी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। रथ की रस्सी खींचते हुए इन्होंने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र से क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

भव्य शोभायात्रा में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े, विदेशी श्रद्धालु, और आरएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सिलवार जगन्नाथ धाम में 1952 से चली आ रही परंपरा के तहत रथद्वितीया के दिन भगवान का रथ मौसीबाड़ी के लिए निकाला गया। सांसद मनीष जायसवाल ने माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। मेले में मौत का कुआं, झूले, मिठाइयों की दुकानों और हिल ट्रैकिंग का भी लोगों ने जमकर आनंद लिया। दोनों स्थलों पर स्थानीय संगठनों, मंदिर समितियों और पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका ने आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाया। इस धार्मिक एकजुटता ने हजारीबाग को एक बार फिर आस्था और संस्कृति की भूमि के रूप में स्थापित किया।





### बड़कागांव में उमड़ी भीड़

**बड़कागांव।** बड़कागांव में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की पूजा-अर्चना के लिए मंदिर का कपाट अहले सुबह 6 :00 बजे खोल दिया गया।उसके बाद सर्वदर्शन सुलभ हुआ। सुबह से लेकर शाम चार बजे तक पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ मंदिर के प्रांगण में जमी रही। भक?तों द्वारा शाम 4:30 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रथ पर आसन्न कराया गया।

भगवान के रथ को भक्तों ने राम जानकी मंदिर से मुख्य चौक होते हुए डेली मार्केट स्थित राधे श्याम मंदिर पहुंचाया।

जहां भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं भगवान कृष्ण व राधा को मेल-मिलाप कराने के लिए पूजा अर्चना की गयी। रथ खींचने में सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,समिति अध्यक्ष जय हिंद महतो, उपाध्यक्ष पिंटू गुप्ता,मनोज गुप्ता,दर्शन प्रसाद कुशवाहा,सत्यजीत अलंकार, कीर्तन महतो,प्रीतम महतो समेत सैकड़ो भक्तों ने रथ का रस्सा खींचकर आस्था व्यक्त किया।

## रामगढ़ के कैथा में निकली रथयात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कैथा में गुरुवार को श्री श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब। रथयात्रा में सांसद मनीष जायसवाल और क्षेत्र की विधायक ममता देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। जायसवाल ने सबसे पहले श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, कैथा में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माथा टेका। इसके बाद उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सांसद ने श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। जायसवाल ने कहा कि श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर कैथा परिसर में पिछले करीब 75 सालों से रथयात्रा का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कैथा जगन्नाथ मंदिर के समृद्ध इतिहास का जिक्र करते हुए वर्तमान वर्ष में आयोजन समिति द्वारा किए गए बदलावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सनातन संस्कृति और सभ्यता को अक्षुण्ण रखने में ऐसे आयोजन मील के पत्थर साबित होगा।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सरदार अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, रंजन सिंह फौजी, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# छोटकी डूंडी व चरण पहाड़ी से निकली रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** छोटकी डूंडी में भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी व चरण पहाड़ी से भगवान जगरनाथ की रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर रथ को खीचा। पहले तो श्रद्धालुओं ने फूलों से सजी रथ पर पूरे विधि विधान के साथ उक्त प्रतिमा को सवार किया। फिर रथ में लगे रस्से के सहारे खींचकर देवी देवताओं को ठाकुरबारी से मौसीबाड़ी पूरे उत्साह पूर्वक ले गए। यहां भगवान सात दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके पश्चात पुनः आठवें दिन मौसीबड़ी से ठाकुरबाड़ी लौटेंगे। पुरोहित सत्यदेव पांडेय, पंडित महेंद्र तिवारी, मुकेश तिवारी, संतोष पांडेय, शशिकांत पांडेय, यीशु पांडेय शिवा पांडेय ने यजमान को राम, लक्ष्मण, माता जानकी, लड्डू गोपाल एवं अन्य देवी देवताओं के सिंहासन का अधिष्ठापन को लेकर यज्ञ, मौसीबाड़ी आगमन का संदेश पहुंचाने पवन पुत्र हनुमान जी का जनकपुर के लिए प्रस्थान, ठाकुरबाड़ी में यज्ञ हवन एवं महाभोग आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराए गए। चरण पहाड़ी में बाबा प्रेमदास द्वारा पूजा अर्चना कराकर राधा कुंड, बरसाना, कलकता, बंगाल तथा पूरी, वृंदावन, गोकुल, मथुरा से आए हुए श्रद्धालुगणों के द्वारा भी भोग लगाते हुए बड़े ही धूमधाम से नाचते गाते हुए मन्दिर प्रांगण से रथ खींचा गया। छोटकी डूंडी में मांडू विधायक तिवारी महतो व कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि भारत की आस्था, श्रद्धा और भक्ति का वह पुण्य पर्व है, जो सदियों से एक विरासत के तौर पर हमारे बीच है। यह वह उत्सव है जब भगवान अपने भक्तों के बीच होते हैं।



## एक नजर में

### करोड़ों खर्च के बाद भी पानी के लिए तरसे लोग




**बरही।** दुलमाहा पंचायत में हर घर नल जल योजना पानी नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की गाथा बनकर रह गई है। योजना का नाम सुनते ही ग्रामीणों की आंखों में गुस्सा और दिल में पीड़ा झलकने लगती है। दो साल से करोड़ों की लागत से चल रही यह महत्वाकांक्षी योजना सिर्फ पोस्टर-बैनर में सफल दिखती है, लेकिन जमीनी हकीकत शून्य से भी नीचे है। पीएचईडी द्वारा संचालित इस योजना में न पाइपलाइन ठीक से बिछी, न जलमीनारों में पानी भरा। जिन इलाकों में काम ह्यपूराह्न बता दिया गया, वहां नलों से एक बूंद भी पानी नहीं टपका। कहीं बोरिंग अधूरी छोड़ी गई है, तो कहीं पाइप बिछाकर मिट्टी डाल दी गई और फाइल बंद। जलमीनार बने जरूर, मगर पानी पहुंचा नहीं। सब कुछ ऐसा मानो लूट का खेल खुलेआम खेला जा रहा हो। सबसे हैरानी की बात यह कि विभाग पूरी तरह मौन है। जब ग्रामीणों ने जानकारी चाही तो जेई ने टाल-मटोल कर फोन पर आधी-अधूरी बातें थमा दीं। योजना की निगरानी करने वाला कोई नहीं दिखता।अब ग्रामीण कह रहे हैं कि सरकारी पैसे को लूटा गया है और इसका जवाबदेह कोई नहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### मनरेगा पर बीडीओ का वादा झूठा : मुखिया



**इचाक।** सरकार भले ही पंचायत सशक्तिकरण की बात करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इचाक प्रखंड में बिल्कुल उलट है। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना का संचालन आज भी पंचायत सचिवालय से नहीं, बल्कि प्रखंड मुख्यालय की मर्जी से हो रहा है। शुक्रवार को गोबरबंदा पंचायत भवन में मुखिया संघ की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने की। जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि पिछली प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक में बहुमत से निर्णय लिया गया था कि मनरेगा के सभी कार्य पंचायत मुख्यालय से ही संचालित होंगे। बीडीओ संतोष कुमार ने भी 10 दिनों में कार्रवाई का वादा किया था, लेकिन एक महीने बाद भी कार्य ऑनलाइन डिमांड से लेकर भुगतान तक प्रखंड से ही हो रहा है। सकेंद्र मेहता ने चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह में कार्य पंचायत सचिवालय से नहीं शुरू हुआ और संविदा समाप्त होने के बावजूद बीपीओ स्वाति वर्मा की मौजूदगी खत्म नहीं की गई, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर सुनीता देवी, चोहन महतो,उमेश मेहता, अशोक राम,निशु कुमारी,किरण देवी, संगीता देवी,मीना देवी, मोदी कुमार, किरण देवी,सीता कुमारी, सिकंदर कुमार दास,काजल देवी, दयानंद कुमार,कुशलचंद मेहता, श्रीकांत मेहता, राकेश कुमार मेहता, विजय राम, अभिषेक कुमार के अलावा अन्य पंचायत के मुखिया शामिल थे।

### एकल विद्यालय के आचार्यों की बैठक



**कटकमदाग।** सुल्ताना स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को एकल विद्यालय के आचार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसका शुभारंभ अतिथि संच उपाध्यक्ष जगन्नाथ प्रजापति, अंचल के प्राथमिक शिक्षा प्रमुख करण कुमार व गतिविधि प्रमुख अभिषेक ने मां सरस्वती व भारत माता की चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संच प्रमुख धनंजय पांडेय अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने जून माह में एकल विद्यालयों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही उसकी समीक्षा की गई। अतिथियों ने आचार्य दीदियों को बच्चों को पंचमुखी शिक्षा के साथ-साथ संस्कारमय शिक्षा देने पर जोर दिया। संच प्रमुख धनंजय पांडेय ने आचार्यों को जुलाई में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। आचार्यों को जून, जुलाई में बच्चों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्ररित करने को कहा। रक्षा बंधन के दौरान आचार्यों द्वारा पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को रक्षा सूत्र बांधने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न एकल विद्यालयों के आचार्य उपस्थित थीं।

### दारु : सेवाने नदी में वृद्ध का मिला शव

**दारु।** कबलासी में एक वृद्ध का शव नदी में मिला। मृतक इसराईल मियां कबलासी का निवासी था, उसकी मानसिक स्थिति खराब थी। वह गुरुवार शाम को घर से निकले था फिर लौट कर घर वापस नही आया। परिजनों ने उसे काफी खोजा पर वह कहीं नजर नही आया। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने सिवाने नदी के जोगदहा मे उसका शव को तैरता हुआ देखा।

# झारखंड में लागू नहीं होंगे श्रम कानून : संजीव बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)।झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (झाकोमयू) बरका-सयाल जीएम यूनिट की कमेटी का गुरुवार को पूर्णगठन किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष एवं झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजीव बेदिया ने कहा कि झाकोमयू सदैव मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित चार श्रम कानूनों (लेबर कोड) को मजदूर, उद्योग और देश विरोधी करार देते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर झारखंड में लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं इन कोडों का विरोध कर चुके हैं और झारखंड में इसका विरोध जारी रहेगा। बेदिया ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से मजदूरों के शोषण में वृद्धि होगी और सामाजिक-आर्थिक असमानता बढ़ेगी। पूर्व केंद्रीय सदस्य एवं यूनियन नेता संजय वर्मा ने कहा कि मजदूरों को एकजुट रहते हुए इस मजदूर विरोधी नीति का डटकर विरोध करना होगा। उन्होंने 9 जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल को संजीव बेदिया के मार्गदर्शन में सफल बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से जीएम यूनिट की नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामरत्न मंडल, उपाध्यक्ष सिकेंद्र कुमार और बालेश्वर महतो, सचिव विकास कुमार, सह सचिव मुकेश किस्कू, संयुक्त सचिव प्रमिला कुमारी, संगठन मंत्री अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष अखिलेश चौहान चुने गए। सम्मेलन में झामुमा के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, बंटी उरांव, सिकंदर करमाली, विनोद कुमार, उदय मेहता, अंजू देवी, मालती देवी, लखि देवी, अश्विनी कुमारी, अजीत कुमार, विनोद कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।



## बेंदगी गांव में अभी तक नहीं बना पक्की सड़क



**बरही।** आजादी के 78 साल बीत गए, लेकिन बरही प्रखंड मुख्यालय से महज तीन-चार किलोमीटर दूर स्थित बेंदगी गांव अब भी पक्की सड़क के इंतजार में है। गांव तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग उज्जैना के पास पटना रोड से होकर आता है, जो अब भी पूरी तरह कच्चा, गड्ढों से भरा और बेहद खतरनाक है। बरसात में यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का बाहर आना-जाना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नेता हर चुनाव में पक्की सड़क का वादा कर जाते हैं, लेकिन जीत के बाद कोई पलटकर नहीं देखता। गांव में साइकिल और बाइक सवार अक्सर फिसलते और गिरते हैं, वहीं बारिश के दिनों में लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। मुखिया सिकंदर राणा ने बताया कि बारिश के कारण सड़क बेहद कीचड़युक्त हो गई थी, जिसके बाद मिट्टी-मोरम डालकर उसे थोड़ा चलने लायक बनाया गया। उन्होंने कहा, सड़क के बिना विकास की बात करना बेमानी है। योजनाएं आती हैं, लेकिन सड़क न होने से वे जमीन पर नहीं उतरतीं। बेंदगी गांव की हालत 21वीं सदी के विकास के दावों को कटघरे में खड़ा करती है। ग्रामीण अब उम्मीद छोड़ चुके हैं, क्योंकि हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन और झूठे वादे ही मिले हैं।

# फिर विवादों में विनोबा भावे विश्वविद्यालय

- कुलपति ने छात्रों, शिक्षकों, कर्मियों और नागरिकों से अराजक तत्वों का समर्थन नहीं करने की अपील की
- एनएसयू व एआइडीएसओ ने कहा, ठेकेदारी और सप्लाई का आरोप निराधार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्रभूषण शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से अराजक तत्वों का समर्थन नहीं करने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंगलवार को कुछ छात्र नेता एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि बनकर उनके कार्यालय पहुंचे, अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और ठेकेदारी व सप्लाई के कामों को लेकर दबाव बनाया। कुलपति ने इस घटना को गुरु-शिष्य परंपरा और विश्वविद्यालय की गरिमा पर हमला बताया। उनका कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे शैक्षणिक वातावरण पर चोट है। उन्होंने विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त रखने और बाहरी हस्तक्षेप से बचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। छात्रों ने कुलपति के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। एनएसयूआई और एआईडीएसओ जैसे संगठनों से जुड़े छात्रों का कहना है कि वे शांतिपूर्वक अपनी मांगों को लेकर पहुंचे थे, जिसमें छात्रसंघ चुनाव की बहाली, स्पेशल जेनरिक पेपर की पुनर्परीक्षा और संगठन के लिए हॉल की मांग सहित छात्रों की बेहतरी के लिए अन्य मांगे शामिल थी। उनका आरोप है कि कुलपति के राजनीति नहीं चलेगी वाले बयान ने माहौल को बिगाड़ा। छात्रों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग करते हुए कहा कि उन पर लगाया गया ठेकेदारी का आरोप निराधार है। अब यह विवाद एक बड़ी बहस का रूप ले चुका है। इस मामले को लेकर छात्र संगठन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बातों को रख सकते है। जनता व मीडिया अब दोनों पक्षों से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।



# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

● छात्रों को वित्तीय साक्षरता और निवेश के बारे में दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय साक्षरता और निवेश के बारे में जानकारी प्रदान करना, कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों और गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को निवेश के महत्व, विभिन्न प्रकार के निवेश विकल्पों और जोखिम प्रबंधन के बारे में बताना था। एसईबीआई मुंबई के प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक डॉ. सुजीत मुखर्जी ने बहुत ही सरल एवं आसान शब्दों में छात्रों को इसके बारे में जानकारियां दीं। उन्होंने सेबी, प्रतिभूति बाजार, प्रायमरी मार्केट, सेकेंडरी मार्केट, ट्रेडिंग, डिमैट अकाउंट, निवेश के तरीका, सुरक्षित निवेश, शेयर धारक के अधिकार, निवेशक शिकायत प्रक्रिया, म्युचुअल फंड, एसआईपी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों के मन में उठे कई सवालों का भी जवाब देकर संतुष्ट किया। मौके पर प्राचार्य गुरुचरण वर्मा ने एसईबीआई मुंबई से आए प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक सुजीत मुखर्जी को छात्रों द्वारा जानकारी देने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। वहीं उन्होंने कहा कि निश्चय ही इस प्रकार का सेमिनार छात्रों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के लिए आयोजित इस सेमिनार की खूब सराहना की और सेबी मुंबई से आए प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एसडीओ के नेतृत्व में शहर के कई इलाकों में विद्युत विभाग ने की छापेमारी

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के कई इलाकों में विद्युत विभाग ने छापेमारी की। इस दौरान विश्राम बाग रोड, कृष्णापुरी मुहल्ला, उजाला कांप्लेक्स व इंदरवा बस्ती समेत पांच स्थानों पर कार्रवाई की गयी। उजाला कांप्लेक्स में एक प्रतिष्ठान में पूर्व में बकाया बिल के कारण काटी गयी, लाइन को फिर से जोड़ने पर पकड़ा गया। कांप्लेक्स के सामने स्थित एक प्रतिष्ठान को भी चोरी कर बिजली जलाते पकड़ा गया। इंदरवा बस्ती में एक स्थल पर 13 हजार यूनिट की खपत के बाद भी बिल नहीं जमा करने पर कार्रवाई की गयी। वहीं एसडीओ के अनुसार अभियान लगातार चलेगा। वहीं कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार ने कहा कि जो चोरी की बिजली जलानेवालों पर जुर्माना व प्राथमिकी की कार्रवाई होगी। मौके पर केएसडीओ गजेंद्र टोप्पो, कनीय अभियंता उज्ज्वल तिवारी समेत विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम में चतरा ने हासिल की शीर्ष रैंकिंग

### डीसी ने प्रशासनिक टीम, जनप्रतिनिधियों, जनता दी को बधाई



चतरा। नीति आयोग द्वारा आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग के अनुसार चतरा जिला ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों, नवाचारों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। नीति आयोग द्वारा यह जानकारी शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक के माध्यम से साझा की गई, जिसमें चतरा जिले की बहुआयामी प्रगति विशेषकर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन तथा बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सराहा गया। उल्लेखनीय है कि शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले को नीति आयोग द्वारा 10 करोड़ की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जिसका उद्देश्य जिला स्तर पर विकासात्मक पहलों को और अधिक गति देना है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने जिले की पूरी प्रशासनिक टीम, विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व का विषय है और हम सभी मिलकर इसे बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सफलता आकांक्षी जिला कार्यक्रम के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में चतरा जिले की मजबूत पहल और सतत प्रयास का प्रमाण है।

## जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की उपस्थिति में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत वर्मा के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों ने श्री वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। इस अवसर पर नवपदस्थापित जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी कौस्तव सरकार का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री वर्मा को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला जनसंपर्क कार्यालय के सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत श्रीवास्तव समेत अन्य कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एनपीए खातों के निबटारे के लिए समझौता दिवस का आयोजन, 9. 95 लाख ऋण की हुई वसूली

मरकच्चो (कोडरमा)। बैंक ऑफ इंडिया शाखा में एनपीए खातों के निबटारे के लिए समझौता दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 15 ग्राहकों का समझौता करते हुए 9. 95 लाख ऋण की राशि की वसूली की गयी। वहीं शाखा प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य उन उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करना है, जो किसी कारणवश समय पर अपने ऋण का भुगतान नहीं कर पाये हैं। यह विशेष रूप से उन खातों के लिए है, जो छोटे मूल्य के हैं या जिनकी आय मध्यम श्रेणी की है। योजना के अंतर्गत एनपीए खाताधारकों को विशेष छूट और सुविधाएं प्रदान की गयी। इससे ग्राहक अपने ऋण का समाधान आसानी से कर पायें। मौके पर आदित्य गुप्ता व भोला गंझू आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय सैनिक स्कूल ग्रुप स्तरीय ग्रुप डी हॉकी प्रतिस्पर्धा जारी



कोडरमा। सैनिक स्कूल तिलैया परिसर में हो रहे अखिल भारतीय सैनिक स्कूल ग्रुप स्तरीय ग्रुप डी हॉकी प्रतिस्पर्धा 2025–26 के तीसरे दिन सैनिक स्कूल तिलैया की टीम ने सैनिक स्कूल नालंदा को सब जूनियर बालकों के वर्ग में 4–2 से हराया जबकि जूनियर बालकों के वर्ग में ही सैनिक स्कूल नालंदा टीम ने सैनिक स्कूल गोपालगंज को 3–0 से पछाड़ा। अन्य मैचों में क्रमश: बालक–बालिका दोनों वर्गों में सैनिक स्कूल पुरुलिया, सैनिक स्कूल गोपालगंज को 1–0, 1–0 से, कठिन प्रयास के बाद हरा पाया। बताते चलें कि इस प्रतिस्पर्धा का फाइनल मैच कल खेला जाने वाला है तथा कल समापन समारोह के साथ ही प्रतिभागी टीमें, आगे मिलने वाले अवसर तथा चुनौतियों से रूबरू हो पायेंगी। खेलों के अब तक के परिणाम, स्कोर–बोर्ड पर कुछ इस प्रकार हैं, शुक्रवार को स.जू. बालक: सैनिक स्कूल तिलैया सैनिक स्कूल नालंदा: 4–2, जू. बालक: सैनिक स्कूल नालंदा सैनिक स्कूल गोपालगंज 3–0, स.जू. बालक सैनिक स्कूल पुरुलिया सैनिक स्कूल गोपालगंज –1–0 एवं जू. बालिका सैनिक स्कूल गोपालगंज सैनिक स्कूल पुरुलिया –0–1.

## वीरू फर्नीचर प्रोप्राइटर की बछड़े के साथ पशु प्रेम की अद्भुत मिसाल

खबर मन्त्र संवाददाता





झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर के ब्लॉक रोड स्थित वीरू फर्नीचर के प्रोप्राइटर की एक अनोखी कहानी सामने आई है, यह पशु प्रेम की एक अद्भुत मिशाल भी प्रस्तुत करती है। बताते चलें कि वीरू फर्नीचर के प्रोप्राइटर जो एक सफल व्यवसायी हैं, वीरू फर्नीचर के प्रोप्राइटर ने बछड़े के साथ एक गहरी मित्रता स्थापित की है, जो सभी के लिए उदाहरण बन गया है। वह बछड़े को अपने फर्नीचर शोरूम में लाते हैं और उसका ख्याल रखते हैं। वहीं स्थानीय लोग इस दृश्य को देखकर बहुत खुश होते हैं। बछड़ा वहां आराम से घूमता है और कभी-कभी ग्राहकों के साथ खेलने लगता है, जिससे माहौल में एक अलग ही खुशबू भर जाती है। वहीं वीरू फर्नीचर के प्रोप्राइटर का मानना है कि पशु प्रेम केवल शौक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। वह इस दोस्ती को केवल एक शौक के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। उनके इस कदम ने न केवल क्षेत्र में पशु रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई है, बल्कि यह भी साबित किया है कि एक व्यवसायी भी प्रेम और करुणा को अपने काम में शामिल कर सकता है। इस अनोखे संबंध ने क्षेत्र के निवासियों को भी प्रेरित किया है और कई लोग अब पशुओं के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदलने पर विचार कर रहे हैं। वहीं वीरू फर्नीचर के प्रोप्राइटर की यह पहल निस्संदेह एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि प्रेम और दया का कोई सीमा नहीं होता है, चाहे वह इंसान हो या जानवर। सबको मिल-जुलकर जीने का हक है, और वीरू इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

## घर से सिरसा जाने के लिए निकला युवक लापता



हंटरगंज (चतरा)। घर से सिरसा के लिए बुधवार सुबह करीब 10 बजे निकले एक युवक का कोई सुराग नही मिल रहा है। परिजन काफी खोजबीन कर परेशान हैं। परिजनों को कोई अनहोनी की चिंता सता रही है। लापता युवक रामबली कुमार के पिता राजदेव यादव चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेबो गांव निवासी हैं। इस संबध में युवक के पिता राजदेव ने हंटरगंज थाना में आवदेन देकर जिला प्रशासन से खोजबीन की गुहार लगाई है। राजदेव ने कहा है कि रामबली विगत 25 जून को सिरसा के लिए निकला था। 25 जून को लापता रामबली ने अपने सोशल मिडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम) में यात्रा करने की ट्रेन से एक पोस्ट भी की है। जिसके बाद से परिजनों का रामबली से कोई सम्पर्क नहीं हो सका। फिलहाल हंटरगंज पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस सीडीआर चेक करवा रही है।

## ससुराल से लापता युवक गझण्डी जंगल में बेहोश मिला

### ससुराल वालों पर लगाया जान से मारने के प्रयास का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमेडीह गांव में अपनी पत्नी व बच्चे से मिलने आया युवक 24 जून से लापता होने के बाद 26 जून की शाम को तिलैया थाना क्षेत्र के गझण्डी स्थित जंगल से बेहोशी की हालत में मिला। जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कर उसका इलाज कराया गया। घटना को लेकर लापता युवक ने होश आने पर नवलशाली थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इधर घटना की जानकारी देते हुए नवलशाही थाना क्षेत्र के लालुडीह निवासी अनूप कुमार पिता लाछो साव ने बताया कि 24 जून को वह अपने ससुराल नवलशाही थाना क्षेत्र के भीमेडीह गांव अपनी पत्नी पुष्पा व बच्चों को ले जाने के लिए आया हुआ था। जैसे ही मैंने अपने ससुर डालो साव से इस बात को लेकर चर्चा की तो वे एवं मेरी सास मुझ पर बिफर पड़ी और कहने लगी कि मेरी छोटी बच्ची भीमेडीह में ही पैदा हुई है। उसके जन्म लेने में उनका एक लाख रुपया खर्च हो गया है, जिसे मुझे उन्हें देना होगा। इसके बाद रात को वे लोग मुझे यह कहकर धमकी देने लगे कि अगर मैं उन्हें पैसे न दूं तो वे मुझे बर्बाद कर देंगे। इसके अगले दिन मैं अपने ससुराल से नवलशाही चौक पर सीएसपी से दो हजार रुपये निकाल कर अपने ससुराल जा रहा था कि दो लड़के बाइक पर सवार होकर आए और मुझसे पूछताछ की कि मैं डालो साव का दामाद हूं। मेरे हां कहते ही उन्होंने मुझे कुछ सूंघा दिया, जिससे मैं बेहोश हो गया। जिसके बाद जब मुझे होश आया तो मैं एक सुनसान जंगल में था, मेरे शरीर पर चोट के निशान थे। इसके बाद मैं जंगल से निकलकर बाहर की ओर भागा तो देखा कि सामने रेल पटरी थी और वहां एक मालगाड़ी भी खड़ी थी। जिसपर मैं सवार हो गया और गझण्डी स्टेशन पहुंचा, जहां मैंने अपना फोन चालू कर अपने परिजनों को अपना लोकेशन भेज कर वहां बुलाया। जिसके पश्चात मेरे परिजन गझण्डी पहुंचे और मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

वहीं उन्होंने बताया कि इस घटना का जिम्मेवार मेरे ससुराल वाले हैं और वे मुझे जान से मारने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया है।

## तिलैया डैम में डूबने से 17 वर्षीय युवक की मौत

कोडरमा। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र स्थित तिलैया डैम में शुक्रवार को डुमरडीहा गांव में नानी के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे 17 वर्षीय सन्नी यादव पिता संजय यादव डोमचांच सपही निवासी की डैम में डूबने से मौत हो गई। वहीं बताया जा रहा है कि सन्नी अपने दो दोस्तों के साथ तिलैया डैम घूमने गया था। तीनों डैम किनारे खड़ी एक खाली बोट पर सवार होकर करीब 50 फीट दूर तक गए। वहां सेल्फी लेने के दौरान बोट अनियंत्रित हो गई और सन्नी डैम में गिर गया। इसके बाद दोस्त तुरंत बोट लेकर किनारे पर आए और स्थानीय लोगों व नाविकों को सूचना दी। वहीं नाविकों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सन्नी का शव बाहर निकाला गया। परिजन सदर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## कुंदा में वज्रपात से दो मवेशियों की मौत

कुंदा (चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इचातु गांव और सिक्कीदाग पंचायत के मदारपुर गांव में वज्रपात से दो पालतू गाय और बछड़े की मौत हो गई। जिससे गाय मालिक को भारी नुकसान हुआ है। मृत गाय के मलिक द्वारिका यादव ने बताया कि गाय खेत में घास खा रही थी तभी अचानक बारिश होने से बचने के लिए पेड़ के पास चली गई। तभी अचानक वज्रपात से गया की मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ मदारपुर गांव निवासी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि मेरी गाय का बछड़ा अपने घर के 100 गज की दूरी पर घास चर रहा था, अचानक वज्रपात होने से बछड़ा की मौत हो गयी। आपदा विभाग से भुक्तभोगी ने उचित मुआवजे की मांग की है।

## अज्ञात व्यक्ति का पेड़ से लटकता मिला शव

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चतरा चौपारण रोड स्थित पांडेय महुआ पेट्रोल पंप के आगे एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क किनारे पेड़ से लटकता हुआ देखा गया। शव को देखकर काफी लोगों की भीड़ जुट गयी। रस्ते से गुजर रहे जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने वहां रुक कर पूरी जानकारी प्राप्त की और फिर गिद्धौर थाना प्रशासन को सूचना दी। गिद्धौर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव के अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर करवाई में जुट गई है।

## फेसबुक आईडी पर अश्लील पोस्ट करना युवक को पड़ा महंगा, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



हंटरगंज (चतरा)। सोशल मीडिया के एक फेसबुक खाता पर महिला की अश्लील पोस्ट और फोटो वायरल करने के मामले में हंटरगंज थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने 25 जून 2025 को हंटरगंज थाना में लिखित शिकायत दी थी। उसने बताया कि फेसबुक आईडी पर एक युवक के द्वारा अश्लील पोस्ट और फोटो ऑडियो वाइरल किया। शिकायत के आधार पर हंटरगंज थाना में कांड दर्ज कर जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए युवक को न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के डाहा निवासी योगेंद्र यादव का 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार है।

## एमओ ने किया आधा दर्जन पीडीएस दुकानों का निरीक्षण

हंटरगंज (चतरा)। प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन प्रसाद ने शुक्रवार को उरैली और केदलीकला पंचायत में आधा दर्जन से अधिक पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एमओ अर्जुन प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिल रहीं थी कि कुछ पीडीएस दुकानदारों के द्वारा जून माह का तीन माह का राशन नहीं दिया जा रहा है। इसी शिकायत के आधार पर एमओ ने खुद निरीक्षण किया जिसमें एक दुकानदार के द्वारा राशन नहीं देने की बात सामने आई। हालांकि दुकानदार को एमओ ने फटकार लगाते हुए जल्द से राशन वितरण करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद पीडीएस दुकानदार ने कल वितरण करने का एकरार किया है। बता दें कि झारखण्ड सरकार के द्वारा एक साथ तीन माह की राशन जून माह में दिया जाना है लेकिन कुछ पीडीएस दुकानदार के द्वारा दो माह का ही राशन दिया जा रहा है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर एमओ से की थी।

## समारोह का आयोजन कर रोटरी क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों को किया गया सम्मानित

कोडरमा। रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा भवन में समारोह आयोजित कर सभी पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। वहीं समारोह की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार व संचालन सचिव प्रवीण मोदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन बिंदु सिंह पटना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन संगीता शर्मा उपस्थित थीं। वहीं अध्यक्ष अमित कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि पूर्व के सभी रोटरी अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल में सेवा क्षेत्र में बहुत काम किया है। इस सत्र में सभी पूर्व अध्यक्ष को सम्मानित कर आत्म संतुष्टि का अनुभव हो रहा है। मुख्य अतिथि पीडिजी बिंदु सिंह ने रोटरी के सेवा कार्यों की प्रशंसा की। जोन 8 की असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने कहा कि अध्यक्ष अमित कुमार ने वर्तमान सत्र में ऐतिहासिक और यादगार काम किया है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन, राजेंद्र मोदी, जयकुमार गंगवाल, कैलाश चैधरी, संगीता शर्मा, अजय अग्रवाल, रामरतन महर्षि, जेपी नारायण, रितु सेठ, सुनीता पांडेय, विकास सेठ को सम्मानित किये गये। वहीं समाजसेवा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने के लिए अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल, प्रदीप हिसारिया, राजू शर्मा को सम्मानित किया गया। मौके पर संतोष सिन्हा, नवीन जैन समेत कई लोग मौजूद थे।

## कथावाचकों के साथ अमानवीय बर्बरता व अपराधिक कृत्य की नेताओं ने की निंदा

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। उतर प्रदेश के इटावा जिले के दादरपुर गांव में कथावाचकों के साथ जाति पूछकर हुई अमानवीय बर्बरता और अपराधिक कृत्य की निंदा विभिन्न दलों, सामाजिक संगठनों के नेताओं की गुरुवार को वैशाली प्रेस के बगल में नेताओं ने संयुक्त बैठक कर की। वहीं वक्ताओं ने कहा कि कथावाचकों के साथ जाति पूछकर बर्बरता की गयी, उन्हें बुरी तरह से पीटा गया, जबरिया उनके सिर के बाल मुड़वाये गये, उनके ऊपर एक व्यक्ति के पैरों पर नाक रगड़वायी गयी, उन पर पेशाब भी डाला गया। यह कृत्य भारत के संविधान में प्रदत्त व्यक्ति की गरिमा, प्रतिष्ठा सुरक्षित रखने जैसे मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। इस तरह की घटनाएं 2014 के बाद मोदी के नेतृत्व में आरएसएस-भाजपा की सरकार द्वारा समाज में नफरत फैलाने वाले तत्वों पर कार्रवाई नहीं करने के कारण बढ़ी है। वहीं उन्होंने कहा कि संविधान को खत्म करने की साजिश हो रही है, देश में हिन्दू राष्ट्र लाने और संविधान की जगह मनुस्मृति लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि इटावा की घटना के खिलाफ दो जुलाई को विरोध मार्च कर मनुस्मृति को जलाया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए 30 जून को साहु धर्मशाला में विस्तारित बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्यामदेव यादव, प्रकाश रजक, महेन्द्र यादव, दामोदर यादव, रमेश प्रजापति, संजय पासवान, प्रेम प्रकाश, विजय पासवान, राजेन्द्र यादव, विरेन्द्र यादव, छोटू यादव, दुर्गा राम, बद्री पंडीत, महेन्द्र यादव, प्रेम शंकर यादव, बंधन राम, राजकुमार यादव, रामप्रसाद यादव, रविशंकर यादव, नागेश्वर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## कस्तूरबा विद्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, छत से पानी रिसाव पर जताई नाराजगी, जांच का निर्देश

चतरा। शैक्षणिक संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की छत से पानी रिसाव की स्थिति देखकर उन्होंने गंभीर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल एसडीओ को तकनीकी जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर की साफ–सफाई, छात्राओं को उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, शौचालय और शयन कक्ष की स्थिति का भी अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि साफ–सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा आवश्यक उपस्करों की पूर्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाएं एवं निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य संपन्न करें। आगे उन्होंने कहा योजनाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं की जाएगी।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय राउतडीह के प्रधानाध्यापक के रवैये से शिक्षकों में आक्रोश



सतगावां (कोडरमा)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय राउतडीह के प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव पासवान बगैर किसी सूचना के गायब रहने और मनमाने रवैये से स्कूल के सहायक शिक्षक आक्रोशित हो गये। वहीं शिक्षकों ने बताया है कि प्रधानाध्यापक बीइइओ कार्यालय में लिखित आवेदन दिये बगैर मोबाइल से ऑनलाइन छुट्टी ले लेते हैं, पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि वे पारिवारिक कार्यों से बाहर हैं। शिक्षकों के अनुसार एचएम खुद नियम तोड़ रहे हैं, ऐसे में वह दूसरों पर कैसे कार्रवाई करेंगे। वहीं गुरुवार को बच्चों को मध्याह्न भोजन 11 बजे के बाद दिया गया, जबकि विभागीय निर्देश के अनुसार मिड–डे मील सुबह 9:30 बजे तक देना है। वहीं रसोइया ने बताया कि समय पर सामग्री नहीं मिलने के कारण भोजन पकाने में विलंब हुआ। वहीं शिक्षकों में एचएम की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बताया कि रसोइया मनमाने ढंग से मध्याह्न भोजन बनाने आती है, जबकि निर्देश है कि बच्चों को मध्याह्न भोजन गुणवत्तापूर्ण मिले, मगर रसोइया दाल में पानी ज्यादा देती है।

# ग्रिजली विद्यालय में प्रेरणादायी पेप टॉक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। ग्रिजली विद्यालय सभागार में विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी पेप टॉक का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सृष्टि बर्णवाल जो वर्ष 2024-25 की द्वितीय जिला टॉपर (विज्ञान शाखा) रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि सृष्टि ने अपने पहले प्रयास में ही आईआईटी जेईई क्वालिफाई किया, जिसमें उन्हें ऑल इंडिया रैंक 7726 प्राप्त हुई। बताते चलें कि सृष्टि स्वयं ग्रिजली विद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं और उन्होंने अपनी तैयारी विद्यालय में नियमित पढ़ाई करते हुए ही पूरी की। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं (विज्ञान संकाय) के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ माध्यमिक समन्वयक (विज्ञान शाखा) विजय कुमार सिंह सहित विद्यालय के कई शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा श्रेया आर्य ने किया, जबकि पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि शगुन सिंह (कक्षा 12वीं) द्वारा पेप टॉक के दौरान सृष्टि ने बोर्ड परीक्षाओं और आईआईटी जेईई की तैयारी को लेकर अपने अनुभव छात्रों से साझा किए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए न कि मात्र पढ़ने के घंटों पर। उन्होंने नियमितता और निरंतरता को सफलता की कुंजी बताया और आत्म-अध्ययन को सर्वोपरि रखने की सलाह दी। वहीं उन्होंने बताया कि उनकी तैयारी की रणनीति मुख्यतः एनसीईआरटी पुस्तकों और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों पर केंद्रित रही, वे रोजाना कुछ घंटों की पढ़ाई को महत्व देती थीं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के निर्देशों का पालन किया तथा सीमित रूप से यूट्यूब वीडियो का सहारा लिया।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें अनन्या ज्योति, तन्नु मोदी, स्मृति काजल, अंजू कुमारी, शौर्य तेर्वेय, रिया कुमारी, आयुषी कुमकुम, स्नेह पाण्डेय, रिया कुमारी, शीतल सहित अन्य छात्रों ने सृष्टि से परीक्षा की तैयारी, दबाव से निपटने और लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे विषयों पर सवाल किए। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान संकाय से नागेन्द्र कुमार, विजय कुमार, रवि शंकर, सुशांत कुमार, कुमार राजीव, संजीव कुमार जैसवाल, संतोष कुमार, अमित दास, अमित राय, सुनील कुमार साव, कोकिल कुमार और वासिम अंसारी आदि शिक्षका मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सीईओ प्रकाश गुप्ता द्वारा सृष्टि बर्णवाल को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार सिंह ने किया।

## चतरा उपायुक्त ने किया पत्थलगड्डा प्रखंड का निरीक्षण

● विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सेवा वितरण की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने हेतु उपायुक्त कीर्तिश्री शुक्रवार को पत्थलगड्डा प्रखंड के दौरे पर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जनवितरण प्रणाली दुकान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शराब दुकान एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। जनवितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सेवाओं की स्थिति एवं कार्यालयी व्यवस्था को लेकर उन्होंने विस्तार से समीक्षा की एवं कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

# जय जगन्नाथ. जय जगन्नाथ.. जय जय जगन्नाथ...

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रभु के भक्तों के लिए आज का दिन बेहद भावपूर्ण रहा, क्योंकि उनके प्रभु भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी के साथ दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर खुद भक्तों के बीच आये। भक्तों को दर्शन देते हुए प्रभु देर शाम मौसी बाड़ी पहुंच गए जहां वह आराम करेंगे। अन्य दिनों में भक्तों को प्रभु के दर्शन करने उनके सबसे बड़े पौराणिक महत्व वाले पुरी मंदिर जाना होता है, अथवा देश के विभिन्न राज्यों एवं शहरों में बने मंदिरों की ओर रुख करना होता है। ऐसे में आज अपरान्ह 3.30 बजे लौहनगरी जमशेदपुर के श्री राममंदिरम,बिष्टुपुर स्थित मंदिर से भगवान अपने भाई-बहन के साथ रथ पर सवार होकर निकले तो उनके रथ को खिंचने के लिए स्त्री-पुरुष, बच्चे, बच्चियां, युवक-युवतियां जय जगन्नाथ.... जय जगन्नाथ, जय-जय जगन्नाथ का गगनभेदी जयकारा लगाते हुए मचल उठे। रथ खिंचने के लिए भक्तों की लंबी कतारें श्री राममंदिरम गेट से लेकर जुस्को गोलचक्कर और वहां से कीनन स्टेडियम से लेकर साकची गोलचक्कर तक लगी थीं। इस ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे शहर में भक्तिमय माहौल रहा और ...जय जगन्नाथ के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।

**रथ यात्रा का धार्मिक महत्व :** रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपने मंदिर से निकलकर अपनी मौसी गुंडिचा मंदिर जाते हैं। यह यात्रा धार्मिक रूप से उनके भक्तों को दर्शन देने का अवसर माना जाता है।

**भक्तों के लिए मोक्ष का मार्ग :** ऐसा माना जाता है कि रथ यात्रा में रथ को खींचने से, या उसका दर्शन मात्र करने से भक्तों को पुण्य प्राप्त होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। आमतौर पर भगवान जगन्नाथ के मंदिर में केवल हिंदू ही प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन रथ यात्रा के दौरान हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों को भगवान के दर्शन करने का अवसर मिलता है। जमशेदपुर में रथयात्रा के दौरान मार्गों पर जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह पर मेडिकल कैंप, पानी के स्टॉल और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सेवा शिविर लगाये गये थे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम :** रथ यात्रा के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां, ओडिशा के पारंपरिक नृत्य, कीर्तन मंडलियां और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। स्थानीय विद्यालयों और संस्थानों ने भी भागीदारी की।

## जमशेदपुर में धूमधाम से निकली रथ यात्रा, भक्तों ने रथ खींच कर भाई-बहन के साथ प्रभु को पहुंचाया मौसी बाड़ी

1. 

2. 

3. 

1. बिष्टुपुर पोस्टल पार्क के सामने से गुजरता भगवान बलभद्र जी का रथ। उनके रथ के पीछे बहन सुभद्रा और सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ प्रभु का रथ और रथ खींचने व देखने के लिए उमड़े भक्त। 2. रथ यात्रा के दौरान लड्डू गोपाल को दुलारती किशोरियां। 3. हरे रामा-हरे कृष्णा की धून पर थिरकती युवतियां।

### उत्कल एसोसिएशन मंदिर से निकली भव्य रथयात्रा

**जमशेदपुर।** उत्कल एसोसिएशन, साकची स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा पारम्परिक विधि-विधान से निकाली गई। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भगवान बलभद्र जी से आशीर्वाद लिया। यहां रथ यात्रा के दौरान ओडिसा से आये शंख कलाकारों के दल की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा।





उत्कल एसोसिएशन में रथ यात्रा के दौरान प्रभु जगन्नाथ का दर्शन करने पहुंचे विधायक सरयू राय और उत्कल एसोसिएशन रथयात्रा के दौरान शंख बजाते कलाकारों की प्रस्तुति।



### मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से निकली रथयात्रा



**जमशेदपुर।** मानगो में बड़ा हनुमान मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के पवित्र दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, विधायक सरयू राय समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। डा दिनेशानंद गोस्वामी ने आज मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से निकले महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथ को खींचा। इसके पूर्व डॉ गोस्वामी ने रथ पर बिराजमान महाप्रभु जगन्नाथ जी का पूजा-अर्चना की।

## शहर के कई अन्य मंदिरों से भी निकली भगवान की रथयात्रा

| इन मंदिरों से भी निकली रथयात्रा | बेलदिह नागा मंदिर (से 1936) | मानगो हनुमान मंदिर | खासमहाल जगन्नाथ मंदिर | जुगसलाई रथ गली और गांधी आश्रम (बाराद्वारी) आदि |
|---|---|---|---|---|

- जहां सोच, श्रद्धा और सेवा है -वहां महाप्रभु जगन्नाथ है : काले
- देवनगर, बाराद्वारी की भव्य रथयात्रा में शामिल हुई विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश प्रवक्ता काले और अभय सिंह
- श्रद्धा और आस्था का उमड़ा जनसैलाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी स्थित देवनगर गांधी आश्रम श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित भव्य रथयात्रा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा जी की पारंपरिक रथयात्रा ने संपूर्ण क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। शुक्रवार को हर साल की भांति इस साल ह्युम पाइप बस्ती नया कोर्ट के पीछे स्थित श्री श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के द्वारा श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर परिसर से महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी का भव्य गुंडीचा रथ यात्रा का आयोजन किया गया। सर्ब प्रथम पंडित हेमंत बनर्जी एवं पंडित काजल मुखर्जी द्वारा विधिवत महाप्रभु जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन शुभद्रा पुजा अर्चना कर तीनो देवी-देवताओं को रथ पर विर्जमान किया गया। आये हुए आतिथियो द्वारा रथ के आगे पुजा अर्चना एवं नारियल फोड़ कर रथ की रस्सी को खींचकर नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। रथ के आगे कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते गये जो मंदिर परिसर से ह्युम पाइप गुरुद्वारा भुइयाडीह बिरसा चौक सिद्धू कानूह चौक भुइयाडीह लकड़ी ताल डॉ अम्बेडकर चौक होकर पुनः उसी रुट से भुइयाडीह स्थित निर्मल नगर मां दक्षिणस्वारी काली मंदिर मौसी बाड़ी पहुंचकर संपन्न हुआ। आयोजन समिति के मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक अशोक पाण्डेय संरक्षक शंभु मुखी डूंगरी अध्यक्ष नवीन शर्मा सचिव उमलेश पाण्डेय कोषाध्यक्ष लक्ष्मण भगत संजय मिश्रा शिव प्रकाश तिवारी संजय दुबे विकाश यादव जय प्रकाश पाण्डेय भोला सिंह मन्नु मंडल हर्ष शर्मा उमेश पाण्डेय पवन पाण्डेय मिथलेश पाण्डेय अरुण सिंह बिपिन साव उपस्थित थे



गांधी आश्रम से निकाली जा रही रथयात्रा में शामिल विधायक पूर्णिमा साहू, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले व अन्य अतिथि।

इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने महाप्रभु के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया और श्रीजगन्नाथ जी के श्रीचरणों में नमन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

श्री काले ने कहा, महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव है, बल्कि यह हमें एकता, सेवा और समर्पण का भी संदेश देती है। हमारा शहर एक शांतिप्रिय और सौहार्दपूर्ण समाज का प्रतीक है, जहाँ हर पर्व और त्योहार मिल-जुलकर उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। यहां जनमानस की श्रद्धा और भक्ति देखकर गर्व और आनंद होता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान जगन्नाथ की कृपा सदैव सभी श्रद्धालुओं और देशवासियों पर बनी रहे।

## स्पीड न्यूज

### गायत्री परिवार का रक्तदान शिविर 29 को

**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ द्वारा शहर के कदमा, मानगो, भुइयाडीह, बाबुडीह, बारीडीह, बिरसानगर इत्यादि क्षेत्र में बिभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक कर दिनांक 29 जून को होने वाले 60 वें रक्तदान शिविर में भाग लेने हेतु आग्रह किया गया। ज्ञात हो की गायत्री परिवार नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ एवं प्रज्ञा महिला मण्डल द्वारा 29 जून को ब्लड बैंक जमशेदपुर में प्रातः 9 बजे से संध्या 4 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है।

### कई रथ यात्रा में शामिल हुए दिनेश कुमार

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की कई मंदिरों से हर वर्ष की भाँति परंपरागत रूप में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। शहर की प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर से निकली महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शामिल हुए।

### विजय खान ने भी खींचा रथ

**जमशेदपुर।** आज आंध्र भक्त श्री राम मंदिर, बिष्टुपुर से निकाली गयी जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी के रथ यात्रा में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विजय खान भी शामिल हुए। श्री खां ने सफल आयोजन के लिए राम मंदिर कमेटी के प्रति अपना आभार प्रकट किए साथ ही शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

### रायबासा में 945 लीटर शराब और स्कूटी जब्त

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह के निर्देशानुसार, प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित कर गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबासा स्थित एक मकान में छापेमारी की गई। उत्पाद अवर निरीक्षक नीरज कुमार की छापेमारी में 750 मिली का 105 पेटी किंग्स गोल्ड व्हिस्की अवैध विदेशी शराब (कुल 945 लीटर) बरामद किया गया।

## चांडिल में भी निकली रथ यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चांडिल।** साधु बांध मठीया दशनामी नागा संन्यासी आश्रम से भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा भाई बलभद्र के साथ अलग-अलग रथ पर सवार होकर चांडिल स्टेशन स्थित मौसी बाड़ी पहुंचे। जुना अखाड़ा के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती के नेतृत्व में रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा निकालने से पहले साधु बांध मठीया में महंत इन्द्रानंद सरस्वती के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजा अर्चना कर भक्तों के बिच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो चांडिल के पूर्व जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक ने रथ का डोरी खींच कर माथा टेका। रथयात्रा के दौरान श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाया गया।

## हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्री शिव शक्ति परिवार का जत्था हुआ अमरनाथ यात्रा पर रवाना

- प्रयागराज, खाटू श्याम, मेहंदीपुर बालाजी, झारखंड महादेव होते हुए 3 जुलाई को करेंगे पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री शिव शक्ति परिवार के बैनर तले 60 श्रद्धालुओं का जत्था हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शुक्रवार शाम 5 बजे टाटानगर रेलवे स्टेशन से श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा का नेतृत्व आदरणीय मिथिलेश शरण कर रहे हैं। यात्रा का प्रथम पड़ाव प्रयागराज होगा, जहां श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान करेंगे। इसके उपरांत जत्था श्री खाटू श्याम मंदिर (राजस्थान), श्री मेहंदीपुर बालाजी, श्री सालासर बालाजी एवं झारखंड महादेव के दर्शन करते हुए 3 जुलाई को श्री अमरनाथ पवित्र गुफा की ओर प्रस्थान करेगा। जत्थे में सत्यनारायण मूर्ति, उमेश मंडल, रामनरेश चौधरी, विजय शर्मा, फुलेश्वर, बबिता रानी अग्रवाल, प्रभा देवी, रजनी सिंह, शांति देवी, रीता शर्मा, संगीता देवी, उषा देवी, और पुष्पा देवी, अंकित आनंद, रंजीत कुमार सहित कुल 60 सदस्य शामिल हैं।



टाटानगर स्टेशन से बाबा अमरनाथधाम के लिए रवाना होते भक्त।

## एक नजर में

### नागा मंदिर, जमशेदपुर से भी निकली रथयात्रा



**जमशेदपुर।** ऐतिहासिक नागा मंदिर, बेलडीह से इस बार भी भव्य रथयात्रा निकाली गयी। रथ यात्रा के दौरान भक्तों ने पूरे उत्साहसे रथ खींचा और प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी को मौसीबाड़ी पहुंचाया।

### गम्हरिया से निकली भव्य रथ यात्रा



**गम्हरिया।** जगन्नाथ मंदिर समिति, मांझपाड़ा की ओर से शुक्रवार को बड़ा गम्हरिया बस्ती स्थित जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु जगन्नाथपुर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। इस रथ यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इससे पूर्व मन्दिर के पुजारी जगन्नाथ दास द्वारा पारंपरिक विधि विधान से महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात, उन्हें भव्य रूप में सजाए गए रथ पर सवार कर मौसीबाड़ी के लिए विदा किया। वहां वे नौ दिनों तक विश्राम करने के बाद आगामी 15 जुलाई को फिर उल्टी रथ पर सवार होकर अपने घर वापस लौटेंगे। मौसी बाड़ी जाने से पूर्व रविवार को महाप्रभु को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान उनके रथ को खींचने के लिए भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। नगर भ्रमण के क्रम में कई जगहों पर रोककर महिला श्रद्धालुओं द्वारा उनकी आरती उतारकर पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शान्ति व समृद्धि की कामना की गई। रविवार को बड़ा गम्हरिया स्थित बोलतोल मंदिर में ही महाप्रभु को रात्रि विश्राम कराया गया। वहां से शनिवार को उन्हें मौसीबाड़ी पहुंचाया जायेगा। नगर भ्रमण के दौरान कीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन भी किया गया। इसके आयोजन में मन्दिर समिति के जगन्नाथ कुंडू, सीताराम बेज, अरुण बेज, प्रेमचंद्र पाल, गोपाल चौधरी, वरुण दास, संजय मन्डल, संजय दास, भैरव प्रामाणिक, दीपक नायक, दिलीप गोराई, फटिक चंद्र कुंडू समेत सभी सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा। वहीं, कांड्रा में भी महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इसमें भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मौके पर बहन सुभद्रा व भाई बलराम के साथ महाप्रभु जगन्नाथ को रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया जो बानाडूंगरी जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ।

## इसरो ने मनाया एमएसएमई दिवस


**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को यूनाइटेड नेशन्स द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के रूप मनाया जाता है। 2017 से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस दिवस को किसी भी विकसित या विकाशशील देश की आर्थिक शक्ति के रूप मे मान्यता दी गयी है। भारत जैसे विकाशशील और विकसित राष्ट्र की राह मे मजबूती से अग्रसर इस दिवस की प्रासंगिकता बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में उद्यमियों की संस्था इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आर्गेनाइजेशन (इसरो) ने आदित्यपुर में एमएसएमई दिवस मनाया। उपस्थित लघु उद्यमियों ने इस अवसर पर अपने अपने विचार भी दिए और बताया कि आज अपना देश अंतराष्ट्रीय आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व मे चौथे स्थान पर पहुंच चुका है, और इस मुकाम तक पहुंचाने मे राष्ट्रीय एमएसएमई संस्थानों की बहुमूल्य योगदान है। कोल्हान में जमशेदपुर, आदित्यपुर और चाईबासा तक यहां माइक्रो, लघु एवं मध्यम उद्योगों का जाल बिछा हुआ है। यहां के क्रियाशील 1800 से भी अधिक राष्ट्रभक्त, प्रतिभाशाली युवा और ऊर्जावान लघु उद्धमी अपने अपने स्तर से विकसित राष्ट्र के मंजिल को पाने हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर , रेलवे, रक्षा, ऑटोमोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर से सम्बंधित उत्पादों को देश ही नहीं विदेशों मे भी सप्लाई कर रहे हैं।

## केके सिंह जयंती पर रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति रेड क्रॉस के संस्थापक पेट्रन स्व. के. के. सिंह की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन 28 जून को रेड क्रॉस भवन में किया जायेगा। शिविर का उद्घाटन 28 जून शनिवार को रेड क्रॉस भवन में झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो तथा इंचागढ़ की विधायक सबिता महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। शिविर का संयोजन कर रहे के.के. एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट के चेयरमैन व रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम के उपाध्यक्ष विकास सिंह ने सभी सामाजिक कार्यकताओं, छात्र छात्राओं व युवा वर्ग से आगे बढ़कर रक्तदान का आग्रह किया है। रेड क्रॉस के सहयोग से आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में कोई भी रक्तदाता जिनके रक्तदान का 90 दिन पूरा हो गया हो, वे रक्तदान कर सकेंगे।

## आईसीएआई ने छोटे उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए कराया एमएसएमई महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्पित ह्लआईसीएआई एमएसएमई महोत्सवह्व का आयोजन शुक्रवार को सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, बिष्टुपुर में भव्य रूप से किया गया। इस आयोजन की मेजबानी आईसीएआई की सीआईआरसी जमशेदपुर शाखा ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन आईसीएआई की एमएसएमई एवं स्टार्टअप समिति द्वारा किया गया।इस वर्ष महोत्सव की थीम थी ह्लएक दिन एमएसएमई के नामह्व, जिसके तहत एमएसएमई सेक्टर की प्रमुख चुनौतियों, डिजिटल परिवर्तन, अनुपालन की भूमिका और वर्चुअल सीएफओ की अवधारणा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बिद्युत बरन महतो ने कहा कि एमएसएमई स्थानीय प्रतिभाओं के लिए अवसरों का केंद्र है और ऐसे आयोजनों से उद्यमिता को नई दिशा मिलती है। वहीं विशिष्ट अतिथि सिंहभूम चेम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने एमएसएमई महोत्सव को उद्योग और पेशेवरों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बताया और आईसीएआई के प्रयासों की सराहना की। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीएआई जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन का आधार बताते हुए इसकी मजबूती को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने बताया कि आईसीएआई द्वारा देशभर की 177 शाखाओं में एक साथ यह महोत्सव मनाया जा रहा है और जमशेदपुर में आयोजित यह कार्यक्रम इसकी महत्वपूर्ण कड़ी है। एमएसएमई में डिजिटल परिवर्तन पर वक्ता सीए सौरभ अग्रवाल ने जानकारी दी। स्टार्टअप की सफलता में अनुपालन की भूमिका पर वक्ता सीए सुभेंदु अग्रवाल ने बताया। एमएसएमई के लिए वर्चुअल सीएफओ की अवधारणा पर वक्ता सीए ऋषि अरोड़ा ने बताया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विद्युतवरण महतो का स्वागत करते आयोजक।

### रोटरी क्लब ने शुरू की तीन जनकल्याण परियोजनाएं



**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी ने जिला गवर्नर बिपिन चाचन और प्रथम महिला शिल्पी चाचन के नेतृत्व में शुक्रवार को तीन प्रमुख जनकल्याण परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**पेयजल स्टेशन का उद्घाटन:** सकची के सीजेएम कोर्ट परिसर में पेयजल स्टेशन का उद्घाटन हुआ। सीजेएम विशाल गौरव, प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय और क्लब अध्यक्ष शिवानी गोयल मौजूद थीं। यह परियोजना कोर्ट आने वालों और कर्मचारियों के लिए स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करेगी।

**नवजात आईसीयू परियोजना:** बिष्टुपुर के श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में 7 बेड वाले नवजात आईसीयू का उद्घाटन हुआ। 60 लाख रुपये की इस ग्लोबल ग्रांट परियोजना में वेंटिलेटर, इन्क्यूबेटर, मॉनिटर और अन्य उपकरण शामिल हैं। प्रायोजक केशवजी छगनलाल ज्वेलर्स रहे।

**हेल्थकेयर परियोजना:** जुगसलाई के राजस्थान सेवा सदन अस्पताल में 80 लाख रुपये की ग्लोबल ग्रांट परियोजना शुरू हुई। इसमें डायलिसिस मशीनें, आईसीयू बेड, और आरओ प्लांट शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेत्री के निधन पर शोक व्यक्त



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय की भाजपा नेत्री मीरा कुंवर (60) की मौत शुक्रवार को हो गयी। वे कुछ माह से बीमार थीं। दाह संस्कार भेलवा नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र चंदन चंद्रवंशी ने दी। अंतिम यात्रा में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, विजय रवि, सुनील चौधरी, राजेंद्र केशरी सहित कई लोग शामिल हुए। निधन पर ने शिववंश मिश्रा, बबन राम, अनुज पांडेय, राजन पांडेय, देव नारायण सिंह, सतीश्वर सिंह, रामनिवास पांडेय, कुश ओझा समेत कई अन्य लोगों ने शोक जताया है।

### एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**हरिहरगंज पलामू।** पथरा ओपी के मझिगावां बाजार में दो पक्षों में मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें प्रथम पक्ष के पड़रिया टोला धमाकाडीह के सतेंद्र राम ने मझिगावां के ललेश यादव पर जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर मारपीट करने तथा पाकेट से 17,500 रुपये छीनने का आरोप लगाया है। उसके आरोप पर एससी एसटी एक्ट तथा अन्य धाराओं में प्राथमिकी कांड संख्या 80/2025 दर्ज की गयी है। वहीं दूसरे पक्ष के ललेश यादव ने सतेंद्र राम पर अकारण गाली गलौज तथा मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कांड संख्या 81/2025 दर्ज करायी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है।

### दो अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के पथरा ओपी अंतर्गत सुलतानी और पथरा गांव में चल रहे अवैध महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 30 लीटर निर्मित शराब, गैलेन सहित शराब बनाने के कई उपकरण भी नष्ट किये गये। ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर अवैध शराब चुलाई के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया।

### ईंट-भट्ठा संचालक का निधन, शोक

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के होलेया स्थित शिवम ईंट भट्ठा संचालक मदन सिंह (50) की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वे किडनी संबंधी रोग से ग्रसित थे। शुक्रवार को उनका दाह संस्कार उनके पैतृक गांव स्थित होलेया नदी तट पर किया गया। उनके असमायिक निधन पर धीरज सिंह, अमृत सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज सिंह, अवध सिंह, भीम सिंह सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना जतायी है।

### आज विश्रामपुर थाने में मुहर्रम को ले बैठक

**विश्रामपुर पलामू।** मोहर्रम को लेकर शनिवार को विश्रामपुर थाने में शांति समिति की बैठक रखी गयी है। जानकारी देते हुए विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। 7 जुलाई को मोहर्रम मनने की संभावना है। मुहर्रम पर्व शांति, सौहार्द व आपसी भाईचारे के बीच संपन्न हो, जिसे ले शाम 3 बजे थाना परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें पदाधिकारी, गणमान्य, स्थानीय लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### छतरपुर : एसडीपीओ के नेतृत्व में बैठक



**छतरपुर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित विजयतारा होटल में पुलिस प्रशासन ने एसडीपीओ अवध यादव के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारी की उपस्थिति में क्षेत्र के विकास कार्यों के संवेदक/प्रतिनिधि, पेट्रोल पंप संचालक, क्रेशर माइंस संचालक के साथ बैठक की गयी। प्रशासन ने सभी को विश्वास दिलाया कि पुलिस सदैव तत्परता के साथ कार्य करने के लिए तैयार रहती है। आप पुलिस को किसी प्रकार की अपराध की जानकारी दें।

### जयनगर-सहदेवा से खैर लकड़ी जब्त



**पाटन पलामू।** पाटन वन विभाग ने अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ छापेमारी की गयी। वन विभाग की टीम ने शोले पंचायत के जयनगर से एक ट्रैक्टर और सहदेवा से भारी मात्रा में लकड़ी जब्त किया है। गुप्त सूचना पर वन विभाग ने यह कार्रवाई की है। पाटन वन विभाग के संरक्षक उमेश दुबे ने बताया कि पाटन के जयनगर से एक ट्रैक्टर खैर की लकड़ी जब्त की गयी है लेकिन किसी ने उसे लेकर क्लेम नहीं किया है। इधर पाटन के सहदेवा से खैर की लकड़ी को वन विभाग के कर्मियों ने जब्त किया है। पाटन फोरेस्टर अरुण दास ने बताया कि सहदेवा जंगल से खैर की लकड़ी को काटकर ले जाया जा रहा था, इसपर वन विभाग टीम ने कार्रवाई की।

### वज्रपात से 12 बकरियों की मौत, किसान बचे



**विश्रामपुर पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के कुंडी गांव में शुक्रवार की दोपहर वज्रपात की घटना हुई। जिसमें 12 बकरियां मर गई। वहीं पशुपालक किसान घटना में बाल-बाल बच गये। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रेहला थाना को दी है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन की तरह शंखा गांव के पशुपालक किसान अपनी गाय बकरियों को लेकर कुंडी गांव की ओर चराने आये थे। दोपहर के लगभग 1 अचानक पानी होने लगी। बकरियों की झुंड दौड़कर एक महुआ के पेड़ के नीचे चले गये। इसी बीच वज्रपात हुई, जिसमें 12 बकरियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पशुपालक किसान सुनील चंद्रवंशी की सात, ननकईल पासवान की तीन, शंभू चौधरी की एक व सुकन चौधरी की एक बकरी शामिल है। वज्रपात की घटना में सब मारी गयी। वहीं किसान दौड़कर पेड़ के नीचे नहीं पहुंच पाये। जिससे उनकी जान बच गयी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के सभागार में मंडल संसदीय समिति रेलवे की बैठक आयोजित

■ सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के रेलवे संबंधी समस्याओं को रखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल सभागार में मंडल संसदीय समिति रेलवे की बैठक हुई। जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के पंडित दीनदयाल मंडल के रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन, सांसद रेलवे पदाधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के पंडित दीनदयाल मंडल में पड़ने वाले स्थानों पर एलएचएस/ आरओबी/ आरयूबी निर्माण कराने की मांग की, जिसमें डाली-हैदरनगर प्रखंड के स्थल पर रैंप के साथ फुट ओवरब्रिज का निर्माण, लहर बंजारी, उंटारी रोड प्रखण्डः उक्त स्थल पर रैंप के साथ फुट ओवरब्रिज का निर्माण, बेगमपुरा मोहम्मदगंज प्रखंडः उक्त स्थल पर एलसी नंबर- 53 के पास आरओबी बनाने हेतु डीपीआर तैयार किया जा रहा है। कहा कि सतबहिनी उंटारी रोड प्रखंडः उक्त स्थल पर एलसी नंबर- 55 के पास आरओबी बनाने हेतु डीपीआर तैयार किया जा रहा है। हैदरनगर में एलसी नंबर-50 के पास आरओबी बनाने हेतु डीपीआर तैयार किया जा रहा है। जपला में नवनिर्मित आरओबी का अप्रोच का निर्माण नही होने से उक्त आरओबी पर सुचारू रूप से आवागमन शुरू नहीं हो पा रहा है। विदित है कि उक्त स्थान पर एप्रोच पथ बनाने हेतु रेलवे के द्वारा झारखंड सरकार को भू-अर्जन विभाग को भूमि अधिग्रहण करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

## रोटरी स्कूल में रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की प्रतिमा का अनावरण

# रोटरी क्लब डालटनगंज और विद्यालय का कार्य अत्यंत सराहनीय व प्रेरणादायक : बाघ सिंह पन्नु

■ प्राचार्य ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** रोटरी इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बाघ सिंह पन्नू ने रोटरी क्लब ऑफ डालटनगंज के रोटरी स्कूल चैनपुर के परिसर में पॉल हैरिस की 280वीं प्रतिमा का अनावरण किया। उनके साथ रो कंवर उदय सिंह पन्नू, गया रोटरी क्लब के रो गोपाल कृष्ण गुप्ता तथा रोटरी क्लब डाल्टनगंज के अवधेश तिवारी, शर्तेंदु भूषण, अरुणा भसीन, प्राचार्य अशलेश पांडेय व अन्य कई वरिष्ठ सदस्य, विद्यालय के शिक्षकवृंद, विद्यार्थी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। यह पहली पॉल हैरिस प्रतिमा है जो रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (झारखंड-बिहार) में स्थापित की गयी है और यह इस आयोजन को और भी विशेष बनाती है।



रोटेरियन पन्नू द्वारा आरंभ की गयी यह इंटर-डिस्ट्रिक्ट मल्टी-क्लब अनावरण श्रृंखला, रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की स्मृति को समर्पित है। वे अब तक 19 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 18 रोटरी जिलों में 281 प्रतिमाएं स्थापित कर विश्व कीर्तिमान बना चुके हैं। अनावरण समारोह में सभी अतिथियों को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ देकर, अंगवस्त्र एवं विद्यालय के स्मृति-चिह्न से क्लब के सदस्य एवं प्राचार्य अशलेश पांडेय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सह विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने संदेश में बताया कि पॉल हैरिस का सपना आज पूरे विश्व में साकार हो रहा है क्योंकि यह संस्था निःस्वार्थ भावना से समाज की सेवा में लगी हुई है। हम सभी का परम कर्तव्य है कि उनके दिए गए वचन व पदचिह्नों का अनुसरण करें। मुख्य अतिथि ने कहा कि रोटरी क्लब डालटनगंज एवं विद्यालय अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्य कर रहे हैं। मौके पर पर सत्येंद्र प्रसाद, पूनम कुमारी, नम्रता पांडेय, सुषमा अग्रवाल, हर्ष बाला, उमाकांत मिश्रा, एस. बी. पी. गुप्ता, नंदन तिवारी, राहुल भारद्वाज, रंजीत कुमार, रंजीत शर्मा, रामवरुण देव आदि थे।

# लेस्लीगंज गहना चोरी मामले में पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

■ चोरी का आभूषण बरामद

■ पलामू में अंतरर्राज्यीय गिरोह चोरी व लूट की घटना को दे रहे अंजाम : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देतीं एसपी व बरामद आभूषण (इनसेट में)।

**लेस्लीगंज/ मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में 21 जून को लुटेरों ने सोना महल के मालिक अरूण सोनी की बाइक की डिक्की से आभूषण का थैला चोरी कर भाग गये थे। इसकी सूचना दुकानदार ने लेस्लीगंज थाना को दी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी रीष्मा रमेसन ने लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित कर मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया। एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अनुसंधान तथा तकनीकी शाखा को पता चला कि चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी के रामजीत शर्मा के घर में किराये पर कुछ लोग रह रहे हैं जिनकी गतिविधि संदिग्ध थी। इस आधार पर पुलिस कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें दोनों व्यक्ति आवला दुर्गा प्रसाद पिता आवला प्रसाद ग्राम गुमड़ कोंडा थाना नातवरम जिला विशाखापतनम आंध्र प्रदेश तथा दूसरा आवला बलराम पिता आवला सुरेश ग्राम कोराटोली थाना असका जिला गंजम उड़ीसा ने लेस्लीगंज घटना में शामिल होने की बात स्वीकारते हुए पुलिस को पूरी जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि अंतरर्राज्यीय गिरोह पलामू में सक्रिय है। इस गैंग में कई लोग शामिल हैं जो घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। साथ ही रेकी करनेवाले लोग किराये के मकान में ही रह जाते हैं। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति लेस्लीगंज की घटना में रेकी किये थे। जबकि लूट दो अन्य व्यक्ति ने की थी जो फरार हैं। इनकी निशानदेही पर 1.035 किलो सोना तथा 1.150 किलो चांदी के आभूषण, दो मोबाईल, एक बाइक एवं अन्य सामान बरामद किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इसी गैंग के द्वारा मनिका में भी घटना को अंजाम दिया गया है। साथ ही इसी गैंग के द्वारा 19 जून 2023 को मुजफ्फरपुर बिहार एवं नयागढ़ थाना क्षेत्र में भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है।

# ओछी राजनीति है स्वीकृत योजनाओं का टेंडर रद्द कराना : कमलेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र में हमने अपने कार्यकाल में दर्जनों सड़क योजनाओं को स्वीकृत करा कर निविदा डालने का काम विधानसभा चुनाव से पूर्व कराया गया था। आज उस सभी योजनाओं में कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए था लेकिन वर्तमान विधायक ने टेंडर को रद कराकर ओछी राजनीति का परिचय दिया है तथा दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की कई गांव में महत्वपूर्ण सड़क योजनाओं को स्वीकृत करा कर टेंडर निकाल दी गयी थी। उन सभी योजनाओं को रद कराना यह वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार की ओछी राजनीति का परिचायक है। श्री सिंह ने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। अपने निजी स्वार्थ से वशीभूत होकर तथा अपने को विधायक दंभ भरने के उद्देश्य से विभागीय मुख्य अभियंता से निविदा रद्द कराने का काम कर रही है।



कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री।

जब की वर्तमान विधायक को चाहिए था की और भी कई गांवों में सड़के खराब है जिसका टेंडर कराना चाहिए था और नई योजनाओं को स्वीकृत कराना चाहिए था लेकिन वर्तमान विधायक इसमे अक्षम साबित हो रहे हैं। यही वजह है की उनके कार्यकाल में हुई निविदा को रद्द कर झूठी वाह वाही लेने के फिराक में है। मगर जनता सब जानती है। इस ओछी राजनीति से उन्हें कुछ हासिल नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि विधायक में दम है तो नई योजनाएं स्वीकृत करा कर निविदा निकलवाने का काम करें। पुरानी योजनाओं की निविदा अपने संवेदक मित्रों के इशारे पर रद्द करा कर वह जानता को गुमराह करने के साथ साथ विकास विरोधी रवैया को भी उजागर कर रहे हैं। निविदाओं को नौ महीने बाद रद्द करने का कारण मुख्य अभियंता को स्पष्ट करना होगा। श्री सिंह ने कहा आखिर क्या कारण है की पलामू के सिर्फ हुसैनाबाद विधानसभा में ही टेंडर रद किया गया। साथ ही संवेदकों का पैसा ब्याज के साथ वापस करना होगा। संवेदक इस मामले में उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाने से भी बाज नहीं आयेंगे।

# सतबरवा : मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की तथा संचालन थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने किया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि मोहर्रम को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की जरूरत है ताकि सामाजिक सद्भाव बना रहे। उन्होंने प्रशासन के गाइडलाइन को हर हाल में पालन करने की अपील उपस्थित लोगों से की। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से आपसी सद्भाव बिगाड़ना चाहते हैं, जिस पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मोहर्रम के दौरान कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते उसपर काबू पाया जा सके। उन्होंने सभी लाइसेंस धारियों से पूर्व से निर्धारित रास्ता से ही ताजिया को जुलूस में लाने का आग्रह किया।

# इस्कॉन ने पुलिस लाइन से निकाली श्री भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

■ हरे रामा, हरे कृष्णा के जय घोष से गूंजा मेदिनीनगर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** इस्कॉन ने शुक्रवार को पुलिस लाइन के समीप मंदिर कार्यालय से भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकली। रथ यात्रा शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर पुनः कार्यालय आकर खत्म हुआ। इस दौरान हर तरफ हरे राम, हरे कृष्ण और जय जगन्नाथ के जयघोष से शहर गुंजायमान था। बैंड-बाजे, सिरमौरी लोक वाद्य यंत्र और डीजे की मधुर धुनों पर थिरकते हुए श्रद्धालु भक्तिरस में चूर दिखे। हर कोई भगवान जगन्नाथ के रथ का रस्सा खींचने को बेताब दिखे। इस्कॉन मायापुर धाम के संकीर्तन डिपार्टमेंट प्रमुख गौरधाम प्रभु के नेतृत्व में निकली रथ यात्रा से पूर्व भगवान जगन्नाथ की आरती की गयी। मायापुर इस्कॉन के गौरधाम दास, पलामू का प्रधान न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, नीलांबर पीतांबर विवि के कुलपति, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, नगर निगम के प्रथम मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद भी थे।

### चापाकल की मरम्मत कराकर किया गया चालू



**हैदरनगर, पलामू।** हैदरनगर मुख्य बाजार में कई दिनों से खराब पड़े चापाकल समाज सेवी डाक्टर अजय जायसवाल की पहल पर मरम्मत कराकर चापाकल को चालू कर दिया गया। बताया जाता कि चपाकल खराब रहने से आने जाने वाले लोगों को पानी पीने में कठिनाई हो रही थी। करीब 200 घरों के बीच मात्र एक चापाकल था, इन्हें गरीब लोगों को पानी के लिए दूसरे घर जाकर पानी भरते हैं। चापाकल खराब रहने से दूर दराज से आये गरीब लोगों को पानी पीने के लिए होटल का सहारा लेते हैं। खराब पड़े चापाकल की सूचना अजय जायसवाल को जैसे ही मिली वैसे ही वे अपने निजी खर्च से चापाकाल को मरम्मत कराया। चापाकल ठीक हो जाने से राहगीरों में खुशी की लहर है।

### हुसैनाबाद विधायक से मिले जनसंघर्ष मोर्चा अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने हुसैनाबाद विधायक सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव से शिष्टाचार मुलाकात किया। मौके पर उन्हें पुनः राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर उनका माला पहनकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। मौके पर उनके साथ जैनेंद्र यादव भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि श्री यादव से राजद समेत पलामू जिलेवासियों को काफी उम्मीद है। जनता उन्हें आशा भरी निगाहों से देख रही है।

### संत मरियम स्कूल में पीटी- 1 का रिजल्ट आज



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में पीटी 1 परीक्षा परिणाम की घोषणा आज होगी। कुछ दिन पहले विद्यालय में पीटी 1 परीक्षा हुई थी। विद्यालय के चारों शाखाएं संत मरियम स्कूल कजरी, संत मरियम आवासीय विद्यालय नावाटोली, संत मरियम स्कूल नावाहाता, संत मरियम किड्स स्कूल चैनपुर में परीक्षा परिणाम की घोषणा की जायेगी। उक्त जानकारी संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले माह में सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई जिसमें संत मरियम विद्यालय के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले के तमाम मेधावी छात्रों के शीर्ष पंक्ति में अपना जगह बनाया। विद्यालय में समय-समय पर टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों की बुद्धिमता का अवलोकन कर उन्हें उचित मार्गदर्शन व शिक्षा दिया जा सके।

# गांजा की खेती करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल, पौधों को किया नष्ट

■ प्रतिबंधित गांजा की खेती करने वाले को पुलिस ने जेल भेजा, पौधों को नष्ट किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एस पी के निर्देश पर क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए हरिहरगंज पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान थाना क्षेत्र के पथरा ओपी अंतर्गत ढकचा के तिलकाटांड़ टोला पर करीब दो कट्ठा में लगे गांजा के पौधों को पुलिस ने नष्ट कर दिया है। साथ ही गांजा की खेती के आरोपी रामदेनी राम (60) को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध तरीके से गांजा की खेती की जाने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि पर एसडीपीओ छतरपुर अवध यादव को सूचित कर सीओ हरिहरगंज मनीष सिन्हा की उपस्थिति में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने पुलिस बल के साथ छापामारी की।

# चैनपुर राजगढ़ से धूमधाम के साथ निकाली गयी भगवान की रथयात्रा

■ घंटे घड़ियाल और शंखध्वनि के बीच भगवान का श्रृंगार किया गया, रस्सी खींचने को लेकर लोगों मे मची होड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर राजगढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर परांपरागत तरीके से गाजे बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गयी। भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गयी। मंदिर के पुजारी ने घंटे घड़ियाल व शंखध्वनि के बीच भगवान का श्रृंगार किया। उसके बाद आरती उतारी गयी। साथ ही प्रसाद अर्पण किया गया। चैनपुर राजपरिवार विधि विधान से भगवान की पूजा अर्चना की। इसके अलावा अन्य भक्तों ने भी मंदिर में भगवान को प्रसाद चढ़ाया। उल्लेखनीय है कि चैनपुर में रथ यात्रा की गौरवशाली परंपरा रही है। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को अलग-अलग रथों पर आरूढ़ करा कर रथ यात्रा निकाली जाती है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रथ यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है। राजपरिवार के सदस्य रथों को खींच कर रथयात्रा की शुरुआत करते हैं।

## वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर की कार्रवाई

# मनातू के गोइंदी जंगल से अवैध पत्थर उत्खनन मामले में संलिप्त ट्रैक्टर जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ट्रैक्टर जब्ती की कार्रवाई करती वन विभाग की टीम।

**मनातू (पलामू)।** मनातू वन विभाग की टीम ने गुरुवार को अवैध उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई की। मनातू फॉरेस्ट राजेश गुप्ता के नेतृत्व में रंजीत यादव, संजय लकड़ा, ओम प्रकाश सिंह, अभय कुमार और पाटन से अन्य अधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार शाम को मनातू वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम गोइंदी के जंगल से अवैध पत्थर उत खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। ट्रैक्टर मालिक शिव नाथ सिंह, पिता जादो सिंह के नाम से दर्ज है। फॉरेस्टर राजेश गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन वन संपदा और स्थानीय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। टीम में रंजीत यादव, संजय लकड़ा, ओम प्रकाश सिंह, अभय कुमार और पाटन से अन्य अधिकारी शामिल थे। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने का संकल्प लिया है। पकड़ा गया ट्रैक्टर शिवनाथ सिंह का बताया जा रहा है। इस संबंध में राजेश गुप्ता ने कहा कि अवैध खनन न केवल वन संपदा को नुकसान पहुंचाता है बल्कि स्थानीय पर्यावरण और जीवन को भी प्रभावित करता है। हम ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और भविष्य में ऐसी कई घटनाओं को उजागर करेंगे। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि वन संपदा की रक्षा में मदद मिल सके।

# मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए नशा को जड़ से मिटाना जरूरी है : थाना प्रभारी

■ नशा के खिलाफ निकाली गयी जागरूकता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** पुलिस सिर्फ पुलिसिंग का ही कार्य नहीं करती हैं बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी सदैव अपनी भूमिका अदा करते आई है। इसी कड़ी में 26 जून को नशा मुक्ति अभियान को लेकर पिपराटांड थाना प्रभारी राजवर्द्धन ने अपनी टीम के साथ जागरूतकता रैली निकाली।

मौके पर लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक किया। मौके पर उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथ में नशा से जुड़े स्लोगन लिखें हुए तख्ती लिये हुए थे। अभियान की शुरुआत बहेरा गांव से प्रारंभ हुई। नशा छोड़ो जीवन से नाता जोड़ो, नशा मुक्त जीवन स्वस्थ जीवन, नशा छोडो जीवन जियो, नशा छोड़ो परिवार बचाओ, जैसे स्लोगन तख्ती पर लिखे हुए थे।



नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता फैलाते लोग।

मौके पर थाना प्रभारी राजवर्द्धन ने कहा कि देश व समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति की एक जिम्मेदारी है कि लोगों को इस दिशा में प्रेरित करें और इससे होने वाले नुकसान से लोगों को जागरूक करें। सरकार इस ओर प्रतिबंध लगाते हुए पूरी कड़ाई से निपटने के लिए तैयार है। हमें मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए नशा को जड़ से उखाड़ फेकना होगा। हम स्वयं इसके प्रति जागरूक बने और इसे अपनी जिम्मेदारी समझकर अपने तथा अपने समाज के लोगों को नशा से मुक्त करायें। नशा समाज के साथ परिवार को खोखला बना देता है। उन्होंने कहा की ज्यादा नशा करने वाले लोग कई रोगों के शिकार हो जाते हैं और उनकी समय से पहले मौत हो जाती है जिसका खामियाजा परिवार को भुगतना पड़ता है। यदि समाज नशा के खिलाफ एकजुट हो जाये तो नशे पर काबू पाया जा सकता है। युवा पीढ़ी के लोग हेरोइन, ड्रग, कोकीन यहाँ तक की नशीली दवाओं का भी इस्तेमाल कर रहे है। नशा से बचने के लिए युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना होगा ताकि युवा इस ओर कदम न रखें। मौके पर कई लोग थे। बच्चों व ग्रामीणों को नशा नहीं करने की शपथ दिलायी गयी।

## दिव्यांग विधवा एवं विद्या जन कल्याण मोर्चा ने की बैठक

**दुमका।** दिव्यांग विधवा एवं विद्या जन कल्याण मोर्चा की बैठक शुक्रवार को केंद्रीय अध्यक्ष बलदेव राय के अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से विकलांग विधवा एवं वृद्ध का पेंशन 1 हजार से बढ़कर 3 हजार किया जाए। इसलिए दिव्यांग विधवा एवं वृद्ध सब मिलकर 4 जुलाई को सरकार के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक दिव्यांग विधवा वृद्धा को केंद्रीय अध्यक्ष बलदेव राय ने आंदोलन में भाग लेने के लिए आवाहन किया।

### विधायक जयराम महतो की माता पर अभद्र टिप्पणी को लेकर जेएलकेएम में आक्रोश

# विरोध प्रदर्शन, मांडू विधायक का फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की जिला कमिटी गोड्डा द्वारा गांधीग्राम चौक पर मांडू विधायक तिवारी महतो का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह पुतला दहन जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डुमरी विधायक जयराम महतो की माता जी के प्रति कथित अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला सचिव रवि शंकर महतो ने किया। उन्होंने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग निंदनीय है और जेएलकेएम इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश महतो, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष सह प्रभारी अध्यक्ष मंटू महतो, मीडिया प्रभारी संतोष महतो, बोआरीजोर युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक महतो, संगठन सचिव संजय कुमार, करण कुमार, बर्जुन महतो, गौतम जयसवाल सहित दर्जनों जेएलकेएम कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में मांडू विधायक के बयान की निंदा की और भविष्य में ऐसे बयानों पर कड़ा प्रतिरोध जताने की चेतावनी दी।



### एक नजर में

## बीमार महिला को खाट पर लाद कर पहुंचाया अस्पताल, न सड़क और न ही एम्बुलेंस सुविधा

**बेरमो।** बोकारो जिले के झुमरापहाड़ के निकट बलथरवा गांव के समीप हरैयाडीह में कल गुरुवार को अचानक एक महिला की तबियत बिगड़ने पर गांव की महिलाओं ने खटिया पर उसे लेटा कर महिला को गांव से रोड तक पहुंचाया। सहायता के लिए उस वक्त गांव में एक भी पुरुष नहीं थे। पुरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है. लेकिन, आज भी कई ऐसे गांव हैं जहां अस्पताल तक पहुंचने के लिए लोगों को सोचना पड़ता है।जैसे की बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया प्रखंड के पचमों पंचायत में झुमरापहाड़ के निकट बलथरवा गांव के समीप हरैयाडीह में महिलाएं करीब आधा किलोमीटर की दूरी तय कर पास के गांव बलथरवा पहुंची, जहां से महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल महिला का इलाज चल रहा है। मगर यह दृश्य काफी कुछ खुद ही बया कर देता है कि किस तरह सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की दशा है जहां चिकित्सा सुविधा लगभग शून्य है आखिर लंबे लंबे दावों का क्या हुआ जिसमे विकास के खाके खिंचे जाते हैं। अगर विकास वास्तव में गति पर है तो ऐसे दृश्य भला क्यों देखने को मिलती है।

## टीटीपीएस ललपनिया मेन गेट में हुआ गेट मीटिंग कार्यक्रम

**बेरमो/ललपनिया।** जमींदारी प्रथाकाल में जंगल में हंसते खेलते हिरण, नील गाय जैसे कमजोर जानवरों का शिकार कर सम्पन्न लोग एंजॉय किया करते थे। टीवीएनएल प्रबंधन भी बिना कोई विधिसम्मत प्रावधान के मनमाने ढंगसे दैनिक मजदूरों को सेवा निवृत्ति का नाम देकर पिछले 3 साल से नौकरी छीन-छीन कर शिकार करते रही है। उक्त बातें टीटीपीएस ललपनिया मेन गेट के समक्ष आयोजित गेट मीटिंग कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ठीकेदार मजदूर यूनियन (एटक) महासचिव तथा झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने शुक्रवार को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार आंदोलनात्मक कार्रवाइयों के बाद 29 मई 2025 के निर्णय अनुसार सेवानिवृत्ति का नाम देकर किसी भी ठिकेदारी मजदूर को सेवामुक्त नहीं किया जा सकता है। इस पर मजदूरों ने ताली बजाकर खुशी का इजहार किया। उल्लेखनीय है कि प्रबंधन के उपर्युक्त गैर कानूनी कार्रवाई से न्यूनतम मजदूरी पर काम करने वाले मजदूर पिछले 3 साल से भयभीत थे। महमूद ने आगे कहा विगत 29 मई को सहायक श्रमायुक्त के अध्यक्षता में संपन्न वार्ता का एक माह होने को है किंतु निर्णय का अनुपालन अभीतक शून्य है।कहा टीवीएनएल का वेतनमान दैनिक मजदूरों को भुगतान करने का श्रमायुक्त, झारखंड के आदेश का अनुपालन पिछले 20 साल से प्रबंधन टाल मटोल कर रखी है। कहा की निर्णय का प्रबंधन के द्वारा अनुपालन यदि शून्य बनी रहती है, तो आगामी 9 जुलाई को प्लांट के मेंन गेट तक प्रदर्शन कर सत्याग्रह किया जाएगा। गेट मीटिंग में यूनियन उपमहासचिव समीर कुमार हलदार, जागेश्वर शर्मा, मुकुंद साव, डेगलाल महतो, झल्लू हांसदा, फूलचंद मुर्मू, ऐतोराम किस्कू,मोइन अंसारी, राम किशन मांझी, धनंजय सिंह, उमेश राम, मनोज तूरी, वली वारसी, मिलन राम,सरस्वती देवी, चिंतु देवी इत्यादि सैकड़ो श्रमिक लोग उपस्थित थे।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला जन संपर्क के दो कर्मी

## मिथिलेश कुमार और दिलीप कुमार को एसपी ने किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आईपीआरडी) के मीडिया प्रभारी मिथिलेश कुमार और मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार को नशा मुक्ति अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि मिथिलेश कुमार एवं दिलीप कुमार का कार्य प्रशासनिक सहयोग का आदर्श उदाहरण है। कहा कि ह्लनशा एक सामाजिक जहर है, इससे लड़ने के लिए जनजागरण जरूरी है।

मिथिलेश कुमार ने मीडिया के द्वारा दिलीप कुमार ने युवाओं को प्रशिक्षित करने का जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। वहीं दोनों ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान कई पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

## रथ के आगे झाड़ू लगाना और प्रभु का रथ खींचना सेवा और समर्पण का प्रतीक है: मंत्री योगेंद्र

**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया प्रखण्ड के अंतर्गत कोदवाटांड़,ललपनिया, भदवाखेत में आयोजित मेला कार्यक्रम में भगवान श्री जगन्नाथ पूजा के पावन रथयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर तीनो मंदिर के आयोजनकर्ताओ ने अलग अलग तरीके से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने रथके समक्ष झाड़ू लगाकर सफाई की और भक्तों के साथ मिलकर रस्सी खींचकर रथ को आगे बढ़ाया। मौके पर उन्होंने हाथ जोड़कर महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र व माता सुभद्रा से सभी को सद्बुद्धि, स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। यहां उन्होंने कहा की रथ के आगे झाड़ू लगाना और प्रभु का रथ खींचना महज एक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का प्रतीक है। यह भाव हमें सिखाता है कि ईश्वर के चरणों में सभी एक समान हैं। होसिर पश्चिमी पंचायत के रथटांड़ स्थित रथ मेलाका आयोजन हुआ। जहां गांव ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र माता सुभद्रा की पूजा-अर्चना की। ततपश्चात सभी ने भगवान के आगे माथा टेक गांव एवं अपने सपरिवारो की सुख समृद्धि व शांति, उन्नति की मंगल कामना की।

# संविधान सम्मेलन आयोजित

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं व दलित समाज के लोगों की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/ मेहरमा।** जिला कांग्रेस कमिटी गोड्डा द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के स्थित खिरौंधी आवास पर महागामा विधानसभा का संविधान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी के० राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार बालमुचू, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, एससी विभाग के चेयरमैन केदार पासवान, एसटी विभाग के चेयरमैन जोसाई मरांडी, प्रदेश प्रवक्ता रियाजुल अंसारी, श्यामल किशोर सिंह, शांतनु मिश्रा, अवधेश प्रजापति, जिला अध्यक्ष दिनेश यादव तथा अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान मौजूद रहे। जहां सभी मुख्य अतिथियों का अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। इस संविधान सम्मेलन में दलित समाज से जुड़े हजारों महिला-पुरुषों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक न्याय, समानता व संविधान की रक्षा के संकल्प को दोहराया। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी के राजू ने संविधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर ने संविधान से हमें लड़ने, लिखने और बोलने का अधिकार दिया है। शिक्षित बनों, संगठित रहो और संघर्ष करो उनका ध्येय है।हम सभी दलित समाज को उनके बातों पर चलने की आवश्यकता है। दलित समाज की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। लेकिन कांग्रेस पार्टी उनके आवाज को उठा रही है। उनके हक और अधिकारों के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पूरी मजबूती के साथ लोकसभा सदन में केन्द्र सरकार से लड़ रही है।ताकि उनके हक और अधिकार से समझौता न हो। इस मौके पर एससी कमिटी के जिला उपाध्यक्ष सुदामा रविदास, मेहरमा उत्तरी जिला परिषद सदस्या ज्योति कुमारी, महागामा जिला परिषद सदस्या नगमा आरा, प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश कुमार, महागामा प्रखंड अध्यक्ष एससी मोर्चा कपिल दास, मेहरमा प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र शेखर आजाद, बीस सूत्री अध्यक्ष शशांक शेखर सिन्हा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अंजुलता सिन्हा, कांग्रेस नेता परवेज अख्तर, कुंदन पासवान, निर्मल कुमार सहित कई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।




## झामुमो क्षेत्रीय कमिटी की हुई बैठक

**गोड्डा /पथरगामा।** प्रखंड अंतर्गत सुंदर डेम में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के क्षेत्रीय कमिटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 30 जून को हुल दिवस एवं 01 जुलाई को सुंदर डैम आईबी में मेला के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही ऐतिहासिक भोगनाडीह यात्रा की तैयारी को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। उक्त बैठक क्षेत्रीय कमिटी अध्यक्ष ताला बाबु हांसदा की अध्यक्षता में एवं सुंदर डेम स्थित उनके आवास पर हुई। हुल दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं द्वारा भोगनाडीह पहुँचने की योजना बनाई गई है।

## फिल्म के कालाकारो का स्वागत किया गया, बांटे गये मिठाईया

**बेरमो।** छत्तीसगढ़ी एकता मंच के द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा के फिल्म लॉकडाउन के मया के निमार्ता डॉ जे के देवांगन सहित इसमे कलाकार स्नेहा देवांगन, मोहन देवांगन, प्रमानंद साहु त्रिवेन साहु का स्वागत मेघदूत सिनेमा हॉल में किया गया. तया सभी कलाकारो ने हॉल में बैठकर फिल्म का भी आनंद लिए. मोंके पर युवा व्यवसाय संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया पूर्व पार्षद भारत वर्मा भाजपा नेता जगन्नाथ राम शिवनंदन चौहान मुखिया पुष्पा देवी गुरुवार देवी सहित छत्तीसगढ़ी एकता मंच के भोला भारती, सनत कुमार, मोहन लाल रात्रे, लक्ष्मण लहरें,गरीब साहु, मुकेश, चांद शरद, रंजीत खुराना ,देसो साहू ताराचंद, संतोष दास ,ओमप्रकाश, गणेश साहू, प्रेम भारती, राजकुमारी, रुक्मणी साहू, चिंताराम साहू, रंजीत खुराना, सामे दास, किशोर साहू, महेंद्र भारती, भूमि भारती,खुशी भारती रोहित जोलहे, मुकेश साहु,फूल कुमार खुटे आदि मौजूद थे।

# इस्पात नगरी बोकारो में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही धूम-धाम से निकाली गयी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक-संकार्य चित्त रंजन महापात्रा अधिशासी निदेशक-वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जीअधिशासी निदेशक-माइंस विकास मनवती अधिशासी निदेशक-सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी तथा सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे।

नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से आरम्भ हुई। पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे। रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से बोकारो जनरल अस्पताल गांधी चौक सिटी सेंटर पत्थरकट्टा चौक तथा राम मंदिर चौक होते हुए राम मंदिर पहुंची। मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया। महिला समिति बोकारो द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रियों के लिए शरबत चना गुड़ बताशा बुंदिया की प्रचुर व्यवस्था की गई।

समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने पूजा के उपरांत सुरभि के सामने टेंट में उपस्थित समिति की अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पूजारियों तथा यात्रियों में ठंडा जल शरबत चना-गुड़ तथा बुंदिया का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी से उन्होंने बोकारो वासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना की। समिति की उपाध्यक्षगण अल्का मनवती देवजानी मिश्रा सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार सुरभि प्रभारी अनिशा झा साबुन व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश विद्यालय प्रभारी आशा राज समिता मोहंती आदि ने इस यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा भगवान श्री जगन्नाथ की वापसी यात्रा की तैयारियों में जुट गए।



## 24 घंटे मे ही पुलिस ने चोरी की घटना का किया उद्भेदन

**बेरमो।** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के राशन दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर उद्भेदन कर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है और राशन दुकान से चुराए गए राशन को भी बरामद कर लिया है। घटना के बारे में बताते चले की हरविन्द कुमार गुप्ता जो बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में राशन दुकान चलता है जिसके राशन दुकान से 25 जून की रात्री में अज्ञात अपराधियों द्वारा दुकान का एलवेस्टर तोड़कर दुकान के अन्दर से राशन के सामानों की चोरी कर लेता है। जिसको लेकर बालीडीह थाना में 26 जून को लिखित आवेदन दिया जाता है उक्त आवेदन के आधार पर बालीडीह थाना में मामला दर्ज करते हुए काण्ड के उदभेदन एवं बरामदगी हेतू कारवाई प्रारंभ की जाती है। जहां गुप्त सूचना के आधार पर 24 घंटे के अंदर काण्ड में संलिप्त अपराधी राहुल कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया जाता है जो बालीडीह थाना क्षेत्र में चोरी का दहशत बना रखा था और बालीडीह थाना क्षेत्र का ही रहनेवाला बताया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए दुकान से चोरी गई सभी सामानों एवं घटना में प्रयुक्त औजार एवं गमछा को बरामद कर लिया गया है। इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी हेतू, छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है तथा इसके निशानदेही पर चोरी का सामान एवं घटना में प्रयुक्त सामान जप्त किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का पहले से अपराधिक इतिहास रहा है। बालीडीह थाना प्रभारी ने कहा की आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और चोरी गये 7 डब्बा हॉरलिक्स, 14 पीस डियोडरेन्ट, 5 पीस च्यवनप्राश, 7 पीस भिन्न भिन्न कंपनी का शैम्पू, 10 पीस पियर्स साबुन, चोरी गये अन्य सामान, जिसमें पेन्सिल बैटरी, सेविंग ब्रश, रेजर, बिरकिट, तेल, कीग, पाउडर बरामद किया गया है। बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने आगे कहा की चोरी के दौरान मुह को ढकने हेतू उपयोग किया गया लाल गमछा, दुकान का एस्बेस्टस तोड़ने में उपयोग किया गया लोहे का रॉड सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

## करगली तीन नंबर धौडा में उत्साह से मनाया गया जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** करगली तीन नंबर धौडा स्थित रथ मंदिर में शुक्रवार को रथ महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. यहॉ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार हुए. श्रद्धालुओं ने गाजे- बाजे के साथ रथ को खींचकर करगली तीन नंबर धौडा क्षेत्र में भ्रमण कराकर मंदिर परिसर में ही खड़ा कर दिया. इससे पूर्व पुजारी पोखन पांडेय ने पूजा और हवन कराया. इसके बाद राधे- राधे गोविंद बोलो हरे राधे, हरे राम, हरे कृष्णा..., जय जगन्नथ महाप्रभु ... के उद्घोष के साथ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ पर सवार कराया. वक्ताओ ने बताया कि मान्यता है कि इस रथ यात्रा के दर्शन मात्र भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जो भक्त इस रथ को खींचते हैं उन्हें सौ यज्ञों के समान पुण्य की प्राप्ति होती है. पद्मपुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से प्रारंभ होती है और रथ यात्रा का समापन देवशयनी एकादशी के दिन होता है। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रथ मंदिर के कमेटी सहित स्थानीय लोगो का महत्वपूर्ण योगदान रहा. मौके पर बुद्धी सागर, जीबू विश्वकर्मा, प्रहलाद राम, सरकचंद, लक्ष्मण लहरे, संतोष सिंह, राजन मुंडा, धमेंद्र महतो, राज कुमार, मोहित पांडेय, राजीव सिंह निकुंभ, सोनु झा, गौतम सिंह, अर्चना सिंह, कैलाश ठाकुर, रंजीत महतो, बबलु सिंह, नवल किशोर सिंह, ईश्वर प्रसाद, मनोज तिवारी, शरदचॉद, चॉद शरद निराला, ओम लहरे, सनत कुमार, भोला भारती आदि लोग मौजूद थे।

## मंजूरा रथयात्रा मेला में उमड़े श्रद्धालु

**बोकारो/कसमार।** रथयात्रा के अवसर पर शुक्रवार को कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित सपाहीटांड़ मैदान में रथ मेला का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोग पहुंचे। रथयात्रा में मुख्य रूप से सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। रथ यात्रा का शुभारंभ सुबे के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में माता सुभद्रा और भगवान बलराम को भी सुशोभित किया गया। भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए श्रद्धालु की भीड़ रही। पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने मत्था टेका और महाप्रभु जगन्नाथ से क्षेत्र की खुशहाली की मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक जीवन की वह धुरी है, जो सदियों से समाज को जोड़ती आई है। यह यात्रा भक्ति समर्पण और सामाजिक समरसता का अनुपम प्रतीक है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम शशि शेखर, पूर्व मुखिया नरेश कुमार महतो सिकंदर कपरदार रवि शंकर मेहता शिशुपाल महतो हरेंद्र महतो संजय महतो,बंशीधर महतो वासुदेव प्रजापति समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# भगवान जगन्नाथ की निकाली गयी रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराधानी दुमका सहित जिले में कई मंदिरों से शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें अच्छी संख्या में भक्त शामिल हुए। दुमका शहर में दुर्गास्थान मंदिर, राधामधव मंदिर सहित अन्य जगहों से रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के पूर्व दुर्गास्थान मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलराम जी और सुभद्रा की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही दुर्गास्थान मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हो गया था। प्रतिमा स्थापन के पश्चात रथ यात्रा निकाली गई जो 10 टन लोहे से बने रथ पर भगवान जगन्नाथ के साथ सुभद्रा और बलराम भी सवार थे। भक्तों के बीच यह मान्यता है कि रथ यात्रा में शामिल होने और भगवान का रथ खींचने से सभी पापों से मुक्ति मिलती हैं और मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं। रथ यात्रा में अच्छी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और रथ की रस्सी खींच कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। रथ यात्रा को लेकर दुमका के साथ ही मसलिया, बासुकीनाथ और रानेश्वर सहित ग्रामीण इलाकों में उत्सवी माहौल रहा। दुमका शहर के साथ ही कई मंदिरों से रथ यात्रा निकाली जिसमें अच्छी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और रथ की रस्सी खींच कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। दुमका के दुर्गास्थान में भगवान जगन्नाथ की यह रथ यात्रा धूमधाम के निकाली गई। इस रथ यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। भगवान जगन्नाथ के साथ ही रथ पर बलराम जी और सुभद्रा भी सवार थे। रथ यात्रा शहर के वीर कुंवर सिंह चौक, नीचे बाजार और टीन बाजार सहित शहर के कई प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जिधर से भी रथ गुजरी भक्तों ने थोड़ी दूर तक रथ खींच कर भगवान का आशीर्वाद लिया। रथ यात्रा निकालने से पहले दुर्गास्थान मंदिर में भगवान जगन्नाथ को स्थान कराया गया। एवं नए वस्त्र पहनाएं साथ ही भगवान को भोग दही चूड़ा, कटहल का कोवा, खुरमा, बतासा लगाया गया। उसके बाद भगवान जगन्नाथ के जयकारे के साथ रथ यात्रा मौसीबाड़ी से लेकर प्रस्थान किया।

### हरिनाम संकीर्तन, झांकियां, भक्तों की टोली और गगनभेदी जय घोष के साथ भगवान का स्वागत किया गया



दुर्गास्थान मंदिर एवं इस्कॉन द्वारा राधा माधव मंदिर से निकाली गई रथ यात्रा

**दुमका।** इस्कॉन कमेटी के द्वारा राघव माधव मंदिर के परिसर से शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा गिलनपाड़ा स्थित राधा माधव मंदिर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पोखरा चौक शिव मंदिर के सामने तक पहुंची। इस भव्य रथ यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, बलराम एवं सुभद्रा की प्रतिमाएं भव्य रथ पर विराजमान थी। रथ यात्रा में पूरे नगर में हरिनाम संकीर्तन, झांकियां, भक्तों की टोली और गगनभेदी जय घोष के साथ भगवान का स्वागत किया गया। जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वही भक्तों के द्वारा रथ के आगे झाड़ू लगाने की रस्म अदा की गई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए मंदिर में हजारों भक्तों का ताता लगा रहा। लोग एक-एक कर भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर रहे थे।

## कंजकीरो मोड़ में महतो मार्केट एवं महतो बीज भंडार खुला

**बेरमो /उपरघाट।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट कंजकिरो पंचायत के कंजकीरो मोड़ में जाने माने कृषक मित्र लालमैन महतो एवं समाजसेवी गौतम कुमार महतो ने अपने क्षेत्र के समस्या को देखते हुए महतो मार्केट एवं महतो बीज भण्डार सहित टाइल्स दुकान इत्यादि का उद्घघाटन समारोह कार्यक्रम रखा गया। महतो मार्केट एवं महतो बीज भण्डार सहित अन्य दुकानों का उद्घघाटन आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी एवं जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव कुमारी खुशबू महतो ने किया उद्घघाटन समारोह में आजसू नेत्री यशोदा एवं खुशबू ने कहा कि इस तरह के विकास से सुदर्ग क्षेत्र का विकास होगा और गांव ग्राम के लोगों को अधिक सुविधा होगी इस नेक कार्य के लिए महतो मार्केट के संचालक लालमैन महतो एवं समाजसेवी गौतम कुमार महतो को ग्रामीणों ने शाहरणीय कार्य बताया मौके पर आजसू युवा नेता टिकैत कुमार महतो प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो समाजसेवी योधा महतो जयराम महतो अमृत महतो अमर कुमार मनीष शर्मा शशि कुमार बबलू प्रजापति अमृत प्रजापति टूकामैन पाण्डेय सुरेन्द्र महतो भीम प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

# रथ खींचने को उमड़ा लाखों भक्तों का हुजूम

स्पीड न्यूज

### पंजाब में गैंगस्टर जग्गू की मां समेत दो लोगों की हत्या

**चंडीगढ़।** गुरदासपुर में हथियारबंद युवकों ने गुरुवार रात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके सहयोगी नौजवान करणवीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की जिम्मेदारी बंबीहा गैंग ने ली है। करणवीर के पिता पंजाब पुलिस में थानेदार हैं। पुलिस हत्याकांड का नतीजा गैंगवार मान रही है। पिछले दिनों लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गुट में हुए विवाद के बाद यह पहला गैंगस्टर हत्याकांड है।

### मोहाली में बब्बर खालसा के तीन सदस्य गिरफ्तार

**मोहाली।** पंजाब में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए एक किशोर सहित इसके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह के रूप में हुई है, जो दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं, साथ ही एक किशोर भी है। आरोपियों के पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

### मां के प्रेमी से थे बेटी के संबंध, शादी किसी और से

**हैदराबाद।** तेलंगाना के गडवाल जिले में एक आवास कंपनी में मैनेजर तिरुमला राव के एक महिला व उसकी बेटी ऐश्वर्या दोनों से अवैध संबंध था।इसी दौरान ऐश्वर्या की सगाई एक भूमि सर्वेक्षक से तय हो गई। दोनों की शादी भी हो गई, लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही ऐश्वर्या ने तिरुमला राव के साथ मिलकर सुपारी देकर पति को मरवा दिया। पुलिस ने भूमि सर्वेक्षक की हत्या में ऐश्वर्या और उसके प्रेमी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस बताया कि उसने तेजेश्वर (32) के लापता होने की शिकायत मिलने के एक सप्ताह के भीतर ही इस मामले को सुलझा लिया है।

### लीची की पहली खेप कतर हुयी रवाना

**नयी दिल्ली।** भारत ने बागवानी निर्यात को बढ़ावा देते हुए पंजाब के पठानकोट से कतर की राजधानी दोहा तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई के लिए डेढ़ मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना की है। दोहा के लिए एक टन लीची की पहली खेप रवाना की गयी है। पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गयी है जो निर्यात में दोहरी उपलब्धि और वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ती उपस्थिति दर्शाता है।

### हापुड़ में 3.90 लाख के नकली नोट जब्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने नकली नोट छापने व तस्करी करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को हापुड़ जिले से गिरफ्तार किया है। उनके पास से 3.90 लाख रुपये के नकली नोट जब्त किया है। एटीएस ने शुक्रवार को बताया कि हापुड़ जिले के पिलखुआ क्षेत्र स्थित दिनेश नगर कॉलोनी में नकली नोट छापने और नोटों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने की सूचना मिली थी। एटीएस ने गुरुवार को भोजपुर रोड पिलखुआ के पास एक कार से नकली नोटों के साथ गजेंद्र यादव और उसके साथी सिद्धार्थ झा को गिरफ्तार कर लिया।

### आरएसएस के लोगों को चुभता है संविधान : राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरएसएस को संविधान विरोधी करार देते हुए कहा है कि इस विचारधारा के लोगों का संविधान को लेकर दिये ताजा बयान से मुखौटा एक बार फिर उतर गया है। गांधी ने शुक्रवार कहा कि संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वह समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है।

## जगन्नाथ जी के जयकारों से गूंज उठी पुरी

▸▸ रथ के ऊपर गजपति महाराज दिव्य सिंहदेव ने सोने के झाड़ू से लगायी झाड़ू

**एजेंसी**

**पुरी।** पुरी जगन्नाथ धाम में महाप्रभु जगन्नाथ जी की नव दिनात्मक गुंडिचा यात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि शुक्रवार से शुरू हो गई। मंदिर के अंदर सुबह की रीति-नीति संपन्न होने के बाद चतुर्धा विग्रहों की पहंडी बिजे नीति सम्पन्न की गई। लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान जगरन्नाथ का रथ खींचा । रथ के ऊपर गजपति महाराज दिव्य सिंहदेव ने सोने के झाड़ू से झाड़ू लगाई, जिसे छेरा पहंरा कहते हैं। इसके बाद अन्य रीति नीति सम्पन्न होने के बाद सबसे पहले प्रभु बलभद्र जी के तालध्वज एवं फिर देवि सुभद्रा जी का रथ दर्प दलन को भक्तों द्वारा खींचा गया। सबसे अंत में जगत नियंता जगन्नाथ महाप्रभु के नंदीघोष रथ खींचने की प्रक्रिया शुरू हुई।

महाप्रभु के रथ को जैसे ही भक्तों ने खींचना शुरू किया पूरा श्रीक्षेत्र धाम जगन्नाथ जी की ध्वनि से प्रकंपति हो गया। रथ के ऊपर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु अनधिकृत व्यक्तियों के लिए रथ पर चढ़ना और श्रीविग्रह को छूना पूरी



तरह से प्रतिबंधित रहा। रथयात्रा के लिए शहर में करीब 10,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी है। ओडिशा के डीजीपी वाई बी खुरानिया ने कहा कि हमने रथयात्रा के सुचारू संचालन के लिए हरसंभव इंतजाम किए हैं। उन्होंने बताया कि 275 से अधिक कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस सीसीटीवी कैमरे भीड़ पर नजर रख रहे थे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, सांसद संबित पात्रा, मंत्री और कई अन्य लोग पुरी में पहांडी रस्म के साक्षी बने।

## अमित शाह ने अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में की मंगला आरती



**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 148वीं रथयात्रा के पावन अवसर पर अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में मंगला आरती में भाग लिया और भगवान के दर्शन किए। देशभर में भगवान जगन्नाथजी के प्रति गहरी आस्था है। प्रतिवर्ष आषाढ़ी बीज के पावन दिन भगवान जगन्नाथजी अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर यात्रा पर निकलते हैं।

भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा के दौरान खड़िया गोलावद के पास

### रथयात्रा के दौरान तीन हाथी हुए बेकाबू, भगदड़ में एक घायल

हाथी बेकाबू हो गया जिसके बाद मची भगदड़ में एक व्यक्ति घायल हो गया। हालांकि जल्द ही हाथी को काबू कर लिया गया। जिसके बाद रथयात्रा शुरू हुई। रथ यात्रा में 17 हाथियों का ग्रुप सबसे आगे चल रहा था। इसी दौरान तीन हाथी बेकाबू होकर भागने लगे और लोगों में भगदड़ मच गई। वन विभाग के अमले ने हाथी को काबू कर लिया। घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसके बाद 3 हाथियों को हटा दिया गया है, जिसमें दो मादा हाथी और एक नर हाथी शामिल है।

## भारत के साथ जल्द होगा बड़ा व्यापार समझौता : ट्रंप

▸▸ अमेरिका ने चीन के साथ ट्रेड डील पर किया हस्ताक्षर

▸▸ वार्ता के लिए वाशिंगटन पहुंचा भारतीय दल

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में आयोजित बिग ब्यूटीफुल बिल कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, उन्होंने चीन के साथ किए गए समझौते के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर कोई एक समझौता करना चाहता है और उसमें हिस्सा लेना चाहता है। याद कीजिए कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वाताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप



देने की कोशिश में हैं। अमेरिका ने दो अप्रैल को घोषित उच्च शुल्क को नौ जुलाई तक के लिए निलंबित किया है। भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है।

### 2 जुलाई से पांच देशों की यात्रा पर जायेंगे प्रधानमंत्री

**6-7 को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा पर रहेंगे। इसमें घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल है। इस दौरान वे ब्राजील में 6-7 जुलाई को आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। ब्रिक्स नेताओं का 17वां शिखर सम्मेलन रियो डी जेनेरियो में होगा। शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री वैश्विक शासन में सुधार, शांति और सुरक्षा, बहुपक्षवाद को मजबूत करने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग, जलवायु कार्रवाई, वैश्विक स्वास्थ्य, आर्थिक और वित्तीय मामलों सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

## कोलकाता में फिर छात्रा से दरिंदगी

### लॉ कॉलेज में पूर्व छात्र ने किया रेप, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी**

कोलकाता। कोलकाता में लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ संस्थान के भीतर कथित तौर पर पूर्व छात्र ने बलात्कार किया। वहीं दो वरिष्ठ छात्रों ने इस अपराध में मुख्य आरोपी की सहायता की। पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं। कॉलेज के सूत्रों ने बताया कि हालिया घटना का मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है। पुलिस ने पुष्टि की है कि दो अन्य आरोपी संस्थान के मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था।

आरोपी कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और टीएमसी के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है। सामूहिक बलात्कार 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में भूतल पर एक गार्ड के कमरे के अंदर हुई।

### सिसोदिया और सत्येंद्र जैन फिर होंगे गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दो हजार करोड़ से अधिक के क्लासरूम घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री रहे मनीष सिसोदिया और पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिल चुके हैं। इसके आधार पर एसीबी ने दोनों पूर्व मंत्रियों को गिरफ्तार करने का निर्णय लिया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों व पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर समेत बिचौलिये को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। आबकारी घोटाला व मनी लांड्रिंग मामले में सिसोदिया व सत्येंद्र जैन लंबे समय तक जेल में रहने के बाद कई माह से नियमित जमानत पर बाहर हैं। अब क्लासरूम घोटाले में दोनों नेताओं की सिरदर्दी एक बार फिर बढ़ सकती है।

## तीन जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

### अर्धसैनिक बलों की 180 से अधिक कंपनियां तैनात

**एजेंसी**

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में अर्धसैनिक बलों की 180 से अधिक कंपनियां तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वार्षिक अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। जम्मू क्षेत्र के आईजीपी भीम सेन टूटी ने बताया कि प्रशासन इस वर्ष सफल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए तैयार और प्रतिबद्ध है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। टूटी ने बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस के अलावा, यात्रा के लिए अर्धसैनिक बलों की



180 से अधिक कंपनियां तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि लखनपुर से बनिहाल तक जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। आईजीपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और जहां-जहां श्रद्धालु ठहरते हैं या लंगर होते हैं, वहां भी सुरक्षा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस बार लखनपुर से जम्मू के बीच भी पूरे रास्ते की पहले से जांच और निगरानी करने वाली टीमें तैनात रहेंगी, जो पिछले साल नहीं थीं।

### झारखंड समेत देशभर में 7 दिनों तक भारी बारिश की संभावना

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 27 जून को देशभर में अगले सात दिनों तक देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापक वर्षा, गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना जताई है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, गंगा के मैदानी इलाकों में स्थित पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, गरज-चमक और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। पूर्वोत्तर भारत में भी अगले सात दिनों तक अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ बिजली गिरने और आंधी की आशंका है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

## बिहार में सीएम के लिए तेजस्वी चेहरा : कन्हैया

▸▸ महागठबंधन के जीतने पर सबसे बड़े घटक दल राजद का नेता ही होगा मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के लिए तेजस्वी यादव के प्रमुख चेहरा होने को लेकर कोई असमंजस और विवाद नहीं है क्योंकि विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के जीतने पर सबसे बड़े घटक दल के रूप में राजद का नेता ही स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन एक साजिश के तहत इनसे ध्यान भटकाने के लिए बार-बार चेहरे की बात की जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी ने महागठबंधन के घटक दलों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। जिसकी बड़ी जिम्मेदारी है वह निभाएगा और जिसकी छोटी जिम्मेदारी है, उसका भी निर्वहन जरूरी है। एक चुटकी नमक कम तो खाना बेस्वाद और एक चुटकी ज्यादा हो तो भी खाना बेस्वाद इसलिए सब अपनी अपनी भूमिका निभाएंगे। बिहार में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में शुमार इस नेता ने महागठबंधन में सीनियर और जूनियर घटक के विचार को खारिज करते हुए कहा कि सभी दलों की अपनी भूमिका है और वे एकजुट होकर सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।







## लगातार चौथे दिन शेयर बाजार ने भरी उड़ान

### सेंसेक्स 303 अंक तेजी के साथ नौ महीने बाद 84,000 के पार

**एजेंसी**

**मुंबई।** अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों से यूरोपीय बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, पावर और सर्विसेज समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन मजबूती रही।

सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर और 84 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 84,058.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 01 अक्टूबर



2024 को 84,266.29 अंक पर रहा था। निफ्टी 88.80 अंक की तेजी के साथ 5637.80 पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत मजबूत होकर

**निफ्टी 81 अंक उछलकर 5637.80 पर बंद हुआ**

46,541.25 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 54,249.40 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4165 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2251 में लिवाली जबकि 1760 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1681 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 76 में टिकाव रहा। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा।

### निवेशकों को 2.61 लाख करोड़ फायदा

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 460.13 लाख करोड़ रुपये हो गया। गुरुवार को। मार्केट कैपिटलाइजेशन 457.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 2.61 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### ये हैं टॉप गेनर्स व लुजर्स

सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 3.06, अल्ट्रासिम्को 2.43, पावरग्रिड 2.11, आईसीआईसीआई बैंक 1.56, रिलायंस 1.39, बीईएल 1.19, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.14, सन फार्मा 1.12, एसबीआई 1.05, अदानी पोर्ट्स 0.75, टाटा स्टील 0.56, टाटा मोटर्स 0.54, एलटी 0.50, भारती एयरटेल 0.38, एनटीपीसी 0.24, कोटक बैंक 0.18, एचसीएल टेक 0.08 और टीसीएस 0.04 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, ट्रेंट 1.42, इटरनल 1.13, टेक महिंद्रा 0.93, एक्सिस बैंक 0.74, टाइटन 0.66, बजाज फाइनेंस 0.52, बजाज फिनसर्व 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.43, मारुति 0.43, इंफोसिस 0.40, आईटीसी 0.33 और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 0.31 प्रतिशत नुकसान में रहे।